श्रावण मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 227, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शनिवार 16 सितंबर 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

### रामचरितमानस में पोटेशियम साइनाइड है। जब तक यह पोटेशियम साइनाइड रहेगा, तब तक मैं इसका विरोध जारी रखूंगा: बिहार सरकार में शिक्षा मंत्री

## 'सनातन' पर थम नहीं रहा बवाल

**पटना**

**बिहार** सरकार में शिक्षा मंत्री और आरजेडी के सीनियर लीडर चंद्रशेखर ने एक बार फिर रामचरितमानस पर टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि रामचरितमानस में पोटेशियम साइनाइड है। जब तक यह पोटेशियम साइनाइड रहेगा, तब तक मैं इसका विरोध जारी रखूंगा। चंद्रशेखर गुरुवार 14 सितंबर को पटना में बिहार हिंदी ग्रंथ अकादमी में एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। अपने संबोधन में उन्होंने सुंदर कांड एक दोहे का जिक्र करते हुए पूछा कि जीभ काटने की कीमत 10 करोड़ रुपए लगाई गई थी। मेरे गले की कीमत क्या होगी? उनके इस बयान के बाद बीजेपी ने प्रतिक्रिया दी है। प्रदेश प्रवक्ता अरविंद सिंह ने कहा है कि बिहार के शिक्षा मंत्री प्रोफेसर चंद्रशेखर खुद ही सामाजिक साइनाइड हैं। वे समाज में जहर फैलाने के लिए बेचैन हैं। प्रो. चंद्रशेखर ने कार्यक्रम के दौरान रामचरितमानस के अरण्य कांड की एक चौपाई सुनाई- पूजहि विप्र सकल गुण हीना, शूद्र न पूजहु वेद प्रवीणा। चंद्रशेखर ने कहा कि जब मैं इन सब चीजों का विरोध करता हूं तो मीडिया के लोग भी मेरे पीछे पड़ जाते हैं। उन्होंने सवाल किया कि क्या गुण हीन विप्र पूजनीय हैं और गुण युक्त शूद्र वेद के जानकार होने पर भी पूजनीय नहीं हैं? हमें बताएं कि जब सब के पूर्वज चिम्पांजी थे तो ये जातियां कहां से आईं? उन्होंने कहा कि मुझे देश से बाहर जाने की बात कही जाती है। मोहन भागवत ने किसी धर्म विशेष पर टिप्पणी की तो उन्हें क्यों नहीं बाहर भेजा जाता..। इन चीजों का विरोध



### '56 इंच वाले की तरह डिग्री खरीद ली गई होती'

**शिक्षा** मंत्री ने कहा कि आप लोग जगदेव प्रसाद को गोली मारने का कारण गूगल करके पढ़िएगा। पता चला जाएगा कि मैं किन चीजों का विरोध कर रहा हूं। चंद्रशेखर ने कहा कि अगर लालू जी के राज में जंगलराज ही था तो चौकीदार यानी 56 इंच वाले की तरह उस समय भी डिग्री खरीद ली गई होती। हम सच बोलने वाले लोग हैं। लालू प्रसाद ने यादवों, दलितों को आवाज दी तो इनके खिलाफ साजिश की गई।



डॉ.राम मनोहर लोहिया और कवि नागार्जुन ने भी किया था। एकलव्य का भी अंगूठा काटा गया था। बिहार के शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर ने कहा कि संघ प्रमुख मोहन भागवत ने किसी धर्म विशेष पर टिप्पणी की तो उन्हें क्यों नहीं बाहर भेजा जाता।

### शिक्षा मंत्री प्रोफेसर चंद्रशेखर खुद ही सामाजिक साइनाइड: बीजेपी

**शिक्षा** मंत्री के बयान पर बीजेपी के प्रदेश प्रवक्ता अरविंद सिंह ने कहा है कि बिहार के शिक्षा मंत्री प्रोफेसर चंद्रशेखर खुद ही सामाजिक साइनाइड हैं। इतना ही नहीं वे समाज में जहर फैलाने के लिए बेचैन हैं। प्रवक्ता ने कहा कि राजद समाज के लिए साइनाइड है। चारों तरफ जातीय और धार्मिक उन्माद फैलाया जा रहा है। रामचरितमानस और सनातन पर आरजेडी की ओर से बयान दिया जा रहा है। इन लोगों ने कभी रामचरित मानस पूरा पढ़ा ही नहीं होगा। ये लोग सियासी फ्रॉडिज्म करके चुनावी एजेंडा बनाकर बिहार की जनता को ठगना चाहते हैं। गिरिराज सिंह ने कहा कि लालू-नीतीश के कुनबे के तरफ से कहा गया कि करोड़ों हिंदुओं की आस्था का प्रतीक रामचरितमानस पोटेशियम साइनाइड के समान है और साइनाइड के खाते ही लोगों की मौत हो जाती है। ये ऐसा इसलिए कर रहे हैं क्योंकि इन्होंने हिंदुओं को जाति में बांटकर वोट की राजनीति की है, लेकिन विपक्ष के लोग ये नहीं भूले कि देश के हिंदू जाग चुके हैं और सभी चीजों का हिसाब लेंगे। पहले स्टालिन ने सनातन को खत्म करने की बात शुरू की और अब लालू और नीतीश भी वही काम कर रहे हैं।

## अनंतनाग: चार दिन से एनकाउंटर, एक और जवान शहीद

**अनंतनाग**

**कश्मीर में अनंतनाग** के गडूल कोकेरनाग में चौथे दिन शुक्रवार को भी आतंकियों से मुठभेड़ जारी है। गुरुवार को आतंकियों की गोली लगने से एक जवान घायल हो गया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, घायल जवान की मौत हो गई है। सुरक्षा बल उस जगह की ओर गोलीबारी और धमाके कर रहे हैं जहां माना जा रहा है कि आतंकवादी छिपे हो सकते हैं। दो से तीन आतंकी राजौरी तक फैले पीर पंजाल के घने जंगल में छिपे हैं। इनमें एक लश्कर-ए-तैय्यबा का कमांडर उजैर खान है। इन्हीं आतंकियों के हमले में बुधवार को सेना के कर्नल मनप्रीत सिंह, मेजर आशीष धौंचक और जम्मू-कश्मीर पुलिस के डीएसपी हुमांयू भट शहीद हुए थे। सेना के कमांडोज, स्निफर डॉग्स, ड्रोन, हेलिकॉप्टर आतंकियों को खोज रहे हैं। राकेट लॉन्चर का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। सैन्य अफसरों का कहना है कि आतंकियों को 4 किमी के दायरे में घेर लिया गया है। इन्हें कभी भी ढेर कर दिया जाएगा। ड्रोन से बमबारी की जा रही है। आतंकियों ने मंगलवार को उस वक्त हमला किया था, जब सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस तलाशी अभियान चला रही थी।

कर्नल मनप्रीत और मेजर आशीष का अंतिम संस्कार

मोहाली के रहने वाले कर्नल मनप्रीत का अंतिम संस्कार किया जा रहा है। वहीं पानीपत के मेजर आशीष धौंचक के पार्थिव शरीर को उनके पैतृक गांव बिंझौल ले जाया गया। जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया।

## सीबीएसई ने बदला 10वीं-12वीं की बोर्ड परीक्षाओं का पैटर्न

**नई दिल्ली**

**केंद्रीय** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने 10वीं और 12वीं की 2024 में आयोजित होने वाली बोर्ड परीक्षा के परीक्षा पैटर्न और अंक योजना में कुछ महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। बोर्ड के अधिकारियों के मुताबिक, विद्यार्थियों में परीक्षा के दबाव को कम करने के लिए इस बार योग्यता आधारित प्रश्नों की संख्या बढ़ाई जाएगी।

इस सत्र में 15 से शुरू होंगी बोर्ड परीक्षाएं: बोर्ड ने परीक्षा की तारीखों की जानकारी पहले ही साझा कर दी थी।

## तेलंगाना में पटेल की विरासत पर जंग

**हैदराबाद**

**लौह पुरुष** सरदार वल्लभ भाई पटेल की राजनीतिक विरासत को लेकर तेलंगाना में भाजपा और कांग्रेस रविवार (17 सितंबर) को आमने-सामने होंगी। 17 सितंबर को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व में पहली कार्य-समिति की बैठक हैदराबाद में हो रही है। वहीं, सिकंदराबाद के परेड ग्राउंड में भाजपा 17 सितंबर को तेलंगाना दिवस के मौके पर निजाम के चंगुल से राज्य के आजाद होने का जश्न मनाने के लिए रैली करेगी। गृहमंत्री अमित शाह इस रैली को संबोधित करेंगे।

कांग्रेस की कोशिश- सरदार पटेल को अपनी विरासत के तौर पर पेश करना: दरअसल, कांग्रेस अरसे बाद सरदार पटेल को अपनी विरासत के हिस्से के तौर पर पेश करने जा रही है। इस सिलसिले में बैठक के साथ कांग्रेस हैदराबाद में रैली भी करेगी, जिसे सोनिया गांधी और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे संबोधित करेंगे। सूत्रों का कहना है कि इस रैली में कांग्रेस के नेता देश के पहले गृहमंत्री और निजाम को पटखनी देकर अखंड भारत का सपना साकार करने वाले सरदार पटेल की राजनीतिक विरासत को भाजपा के हाथों से निकालने का प्रयास करेंगे, क्योंकि भाजपा सरदार पटेल को लगातार अपनाती रही है। कांग्रेस तेलंगाना में विधानसभा चुनाव का बिगुल भी

**17 सितंबर को कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक और जनसभा; इसी दिन भाजपा करेगी बड़ी रैली**

इस दौरान फूंकेगी। सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस वहां अपनी 5 गारंटी का ऐलान भी करने जा रही है। यह गारंटी कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के वादों के तर्ज पर ही होगी। साथ ही दलितों युवाओं और अल्पसंख्यकों के लिए भी विशेष ऐलान करने वाली है।

तेलंगाना गठन का श्रेय लेगी कांग्रेस, आंतरिक सर्वे में पार्टी को बढ़त: कांग्रेस अब केसीआर की जड़ों को हिलाने और तेलंगाना राज्य के गठन का श्रेय लेने की तैयारी में है। कर्नाटक में 40% कमीशन की सरकार का नारा गेम चेंजर माना गया है। इसे नए तेवर के साथ तेलंगाना में अपनाया जाएगा और केसीआर को 100% कमीशन की सरकार के तौर पर पेश किया जाएगाा। पार्टी का मानना है कि 2018 के बाद से तस्वीर काफी बदल चुकी है, जब 119 सीटों वाली विधानसभा में पार्टी को 18% वोटों के साथ 21 सीटें मिली थीं। कांग्रेस सूत्रों ने कहा कि भाजपा के केंद्रीय नेताओं ने राज्य के ताबड़तोड़ दौरे किए।

## मेरे खिलाफ पुख्ता सबूत नहीं: चंद्रबाबू

**हैदराबाद**

**टीडीपी** चीफ चंद्रबाबू नायडू ने जमानत के लिए शुक्रवार 15 सितंबर को लोकल कोर्ट में दो याचिका दायर कीं। इनमें से एक अंतरिम और एक रेगुलर जमानत याचिका है। अंतरिम याचिका में नायडू ने अपने खिलाफ लगाए गए सभी आरोपों से इनकार कर दिया। उन्होंने दावा किया कि उनके खिलाफ रिकॉर्ड पर कोई पुख्ता सबूत नहीं है। नायडू की कानूनी टीम के वकील जी सुब्बा राव बताया, सीआईडी ने अभी तक उनकी जमानत याचिका पर कोई जवाब फाइल नहीं किया है। इसलिए सुनवाई आज (शुक्रवार) नहीं हो सकती है। हालांकि, सीआईडी को नोटिस भेज दिया गया है।

9 सितंबर: पूर्व सीएम नायडू को सीआईडी ने 371 करोड़ रुपए के स्किल डेवलपमेंट स्कैम में गिरफ्तार किया।

10 सितंबर: चंद्रबाबू नायडू को विजयवाड़ा में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (अउइ) अदालत में पेश किया।

### डीलर्स एसोसिएशन की मांगों पर सरकार ने बनाई कमेटी, 10 दिन में देंगे रिपोर्ट

## राजस्थान: पेट्रोल पंप ऑपरेटर्स की हड़ताल 10 दिन के लिए स्थगित

**जयपुर**

**राजस्थान** में शुक्रवार सुबह से शुरू हुई पेट्रोल पंप ऑपरेटर्स ने सरकार से वार्ता के बाद दोपहर 3 बजे बाद हड़ताल स्थगित कर दी है। एसोसिएशन की मांगों को लेकर सरकार की ओर से 10 दिन का समय मांगा गया है। इसके लिए कमेटी बनाई गई है। राजस्थान में पंजाब की तरह वेट कम करने की मांग को लेकर पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन ने बुधवार और गुरुवार को सांकेतिक हड़ताल की थी। चेतावनी दी थी कि मांगें नहीं मानी गई तो शुक्रवार से अनिश्चितकालीन



हड़ताल रहेगी। इसके बाद गुरुवार शाम को सरकार की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आने के बाद शुक्रवार सुबह 6 बजे से अनिश्चितकालीन हड़ताल का ऐलान किया गया। इसके बाद से सुबह से ही प्रदेश के 47 जिलों में पेट्रोल पंप बंद हो गए थे। इस पर मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास की ओर से प्रतिनिधि मंडल के साथ बैठक तय की गई। मंत्री और प्रतिनिधि मंडल के बीच वार्ता के बाद सहमति बनी। हालांकि, अलवर, कोटा, जैसलमेर, चित्तौडगढ़ और जोधपुर शहर के करीब 500 से ज्यादा पंप इस हड़ताल से अलग-अलग कारणों से बाहर हो गए थे। वहीं, प्रदेश में कंपनी संचालित 60 पंप भी काम ही संचालित हो रहे थे। इससे पहले बुधवार और गुरुवार को भी 8-8 घंटे की सांकेतिक हड़ताल की गई थी।

## हरियाणा के पूर्व खेल मंत्री संदीप सिंह को राहत

**चंडीगढ़**

**जूनियर** महिला कोच के सेक्शुअल हैरेसमेंट केस के आरोपी हरियाणा के पूर्व खेल मंत्री संदीप सिंह को चंडीगढ़ कोर्ट से बड़ी राहत मिली गई है। कोर्ट ने संदीप सिंह की अग्रिम जमानत याचिका मंजूर कर ली है। कोर्ट के इस फैसले पर जूनियर महिला कोच ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। महिला कोच ने कहा है कि वह इस फैसले को पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट में चैलेंज करेगी। इससे पहले गुरुवार को चंडीगढ़ कोर्ट में दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रखा था। वहीं मंत्री की अग्रिम जमानत याचिका पर चंडीगढ़ पुलिस की एसआईटी अपने जवाब में जमानत नहीं दिए जाने की दलील दे चुकी है।

**चंडीगढ़ कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका मंजूर; जूनियर महिला कोच बोली- हाईकोर्ट में करेंगे चैलेंज**

एसआईटी ने अपने जवाब में कहा है कि संदीप सिंह की जमानत का कोई आधार नहीं बनता है, इसलिए जमानत याचिका को खारिज कर देना चाहिए।

मामले से जुड़े तथ्यों को मंत्री ने छिपाया: संदीप सिंह की अग्रिम जमानत याचिका के विरोध में कहा गया है कि याची संदीप सिंह ने जानबूझकर मामले से जुड़े तथ्य छिपाए हैं। इसमें जांच एजेंसी को प्रभावित करने और यही तथ्यों को निर्धारित करने में सहयोग न करने वाली जानकारी शामिल है। आरोपी पुलिस के नोटिस के बाद 7 जनवरी, 10 फरवरी, 2 जून और 2 अगस्त को पुलिस जांच में शामिल हुआ था। उसके द्वारा पुलिस को दिए बयानों और जांच में सामने आए तथ्यों के बीच विरोधाभास है।

नहीं कराया लाई डिसेप्शन टेस्ट: आरोपी का लाई डिसेप्शन टेस्ट करने के लिए जांच एजेंसी ने अदालत में 10 मार्च को अर्जी भी दायर की थी।

अदालत द्वारा जवाब दायर करने के लिए दिए 13 अप्रैल के लिए दिए गए अंतिम अवसर पर आरोपी ने जवाब दायर कर टेस्ट करवाने से इनकार किया था।

## 'मोहब्बत की दुकान में नफरत का सामान बिक रहा'

### घमंडिया गठबंधन सनातन धर्म को खत्म करने में लगा

**जशपुर**

**बीजेपी** के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने जशपुर में बीजेपी के दूसरे चरण के 'परिवर्तन यात्रा' को हरी झंडी दिखाई। इस दौरान उन्होंने कहा कि, विपक्ष का जो गठबंधन है वह सनातन धर्म को खत्म करना चाहता है। राहुल गांधी की मोहब्बत की दुकान में नफरत का सामान बिक रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार की उपलब्धियां गिनाने के साथ ही प्रदेश सरकार को सबसे भ्रष्ट सरकार बताया। कहा कि, इस सरकार के दांत खाने के और हैं, दिखाने के और हैं। सभा स्थल में उनका स्वागत पहाड़ी कोरवा लोगों ने परंपरागत तीर और कमान से स्वागत किया। जेपी नड्डा ने कहा कि, परिवर्तन क्यों होना चाहिए यह मैं आपको बताता हूं, कांग्रेस सरकार ने जो वादे किए उसमें कुछ भी पूरे नहीं हुए। इतना ही नहीं केंद्र जो काम कर रही है उसे भी रोका



जा रहा है। छत्तीसगढ़ के 12 लाख लोगों को आवास से वंचित किया गया। केंद्र सरकार जिन्हें घर देना चाहती है उसे यहां की सरकार कागज नहीं पहुंचाकर रोक रही है।

यह जो गठबंधन बना है, वह सनातन धर्म को खत्म करने में लगा है। राहुल गांधी कहते हैं मैं मोहब्बत के दुकान चला रहा हूं, लेकिन इस मोहब्बत की दुकान में नफरत का सामान बिक रहा है। गठबंधन के अलग-अलग दल सनातन धर्म पर लगातार सवाल उठा रहे हैं। 1 तारीख को घमंडिया अलाइंस मुंबई में बैठक करता है। 3 सितंबर को सीएम स्टालिन का बेटा उदय सनातन धर्म का निरादर करता है। 4 सितंबर को खड़गे साहब के बेटे सनातन पर आक्षेप करते हैं। आज तक सोनिया गांधी चुप हैं, राहुल दुनिया भर में संविधान की बात करते हैं मगर चुप हैं। मेरा आरोप है कि मां-बेटा ने जो मुंबई बैठक में एजेंडा तय किया और डीएमके समेत दूसरी पार्टियों को दिया ये उसी को आगे बढ़ा रहे हैं। इसको हमें समझना चाहिए। क्या संविधान ने ये अधिकार दिया है कि तुम किसी धर्म का निरादर करो।क्या भारत की जनता सनातन पर आक्षेप सहेगी। कांग्रेस चुप है बोलने की हिम्मत नहीं और ये सेक्यूलर बनते हैं, संविधान के रक्षक बनते हैं।

### 4 फ्यूल फिलिंग स्टेशंस, 3 कमर्शियल कियोस्क, 25 कमर्शियल शॉप्स व 6 कमर्शियल फुटप्रिंट प्लॉट्स के आवंटन प्रक्रिया को अक्टूबर तक किया जाएगा पूरा

## ई ऑक्शन के जरिए 38 कमर्शियल प्रॉपर्टीज आवंटित करेगा यीडा

**लखनऊ**

**उत्तर प्रदेश** के औद्योगिक विकास को नई दिशा दे रही योगी सरकार की मंशा के अनरूप सभी औद्योगिक विकास प्राधिकरण अपने संबंधित क्षेत्रों के समेकित विकास के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर्स के निर्माण के साथ ही क्षेत्र में कमर्शियल गतिविधियों को बढ़ावा देने पर भी प्राधिकरणों का विशेष फोकस है। इसी कड़ी में यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) द्वारा अक्टूबर में मेगा ई ऑक्शन का आयोजन किया जा रहा है जिसमें कमर्शियल प्रॉपर्टीज के आवंटन के लिए करोड़ों की बोली लगेगी। सीएम योगी की मंशा अनुरूप, यीडा अपनी वेबसाइट के जरिए 4 फ्यूल फिलिंग स्टेशंस, 3 कमर्शियल कियोस्क, 25 कमर्शियल शॉप्स व 6 कमर्शियल फुटप्रिंट प्लॉट्स के आवंटन को ई ऑक्शन प्रक्रिया के जरिए अंजाम देगी। वहीं, दूसरी ओर, शुक्रवार को यीडा की 462 बहुमंजिला भवनों की ओपेन एंडेड योजना के 287 सफल आवेदकों का ड्रॉ संपन्न हुआ। इनके नामों की सूची जारी कर दी गई है और प्रक्रिया पहले आओ पहले पाओ के आधार पर संपन्न की गई है। 20 सितंबर को सफल आवेदकों को आवंटन पत्र दे दिया जाएगा।

अलग-अलग कमर्शियल प्रॉपर्टीज के आवंटन का रास्ता होगा साफ

यीडा द्वारा अक्टूबर में किए जा रहे मेगा ऑक्शन के जरिए अलग-अलग कॉमर्शियल प्रॉपर्टीज के आवंटन का रास्ता साफ होगा। यीडा द्वारा इस ई ऑक्शन को अपनी वेबसाइट के जरिए शाम 5 बजे तक कंडक्ट किया जाएगा। इसके लिए आवेदन की प्रक्रिया की शुरूआत शुक्रवार से हो गई है और बिड्स सबमिट करने का आखिरी दिन 16 अक्टूबर निर्धारित किया गया है। वहीं, ईएमडी सबमिशन के लिए 12 अक्टूबर को आखिरी दिन निर्धारित किया गया है। इस ऑक्शन के जरिए फ्यूल फिलिंग स्टेशंस, कमर्शियल कियोस्क, कमर्शियल शॉप्स व कमर्शियल फुटप्रिंट प्लॉट्स के रूप में कुल 38 कमर्शियल प्रॉपर्टीज के आवंटन प्रक्रिया को पूर्ण किया जाएगा जिसके लिए 11,800 रुपए बतौर डॉक्यूमेंट फीस निर्धारित की गई है।

कुल 308 मिले आवेदन, 21 ने मांगा पंजीयन राशि रिफंड

यीडा की 462 बहुमंजिला भवनों की ओपेन एंडेड योजना के अंतर्गत शुक्रवार को हुए ड्रॉ के जरिए 287 सफल आवेदकों के भवनों व ब्लॉक निर्धारण की प्रक्रिया को पूर्ण कर लिया गया है।

## पृथ्वी के इलेक्ट्रॉन चांद पर पानी बना रहे

### वैज्ञानिकों ने चंद्रयान-1 के डेटा स्टडी करके दावा किया; चंद्रयान-3 का लक्ष्य भी पानी खोजना

**वॉशिंगटन**

**चंद्रयान-1** के डेटा की स्टडी कर रहे अमेरिका की हवाई यूनिवर्सिटी के साइंटिस्ट्स ने दावा किया है कि पृथ्वी के हाई एनर्जी इलेक्ट्रॉन चांद पर पानी बना रहे हैं। ये इलेक्ट्रॉन पृथ्वी की प्लाज्मा शीट में हैं, जो मौसमी प्रक्रिया के लिए जिम्मेदार है, यानी इनके होने से ही पृथ्वी के मौसम में बदलाव होता है। साइंटिस्ट्स का दावा है कि ये इलेक्ट्रॉन चांद पर मौजूद चट्टानों और खनिजों को तोड़ या घोल रहे हैं। इससे चांद के मौसम में भी बदलाव



आ रहा है। 'नेचर एस्ट्रोनॉमी' जर्नल में पब्लिश स्टडी में कहा गया कि इन इलेक्ट्रॉन्स ने चांद पर पानी बनाने में मदद की होगी। इसके पहले 2008 में लॉन्चिंग के बाद चंद्रयान-1 मिशन ने चंद्रमा की सतह पर पानी की मौजूदगी का संकेत दिया था। उस मिशन की एक रिसर्च के आधार पर चांद पर बर्फ होने का दावा किया गया था।

## खबर संक्षेप

### हिन्दी दिवस पर भारतेन्द्र त्रिपाठी को देवनागरी सम्मान



**सहसों।** राजकीय भाषा हिन्दी में काव्य व साहित्य सृजन और हिन्दी भाषा के प्रचार-प्रसार में अपना विशिष्ट योगदान देने के लिए शिक्षक, कवि व साहित्यकार भारतेन्द्र त्रिपाठी को बुलंदी साहित्यिक सेवा समिति उत्तराखंड द्वारा देवनागरी सम्मान प्रदान किया गया है। संस्था के संस्थापक बादल बाजपुरी व संरक्षक पंकज शर्मा ने उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। भारतेन्द्र त्रिपाठी सहसों ब्लाक के देवनहरी गांव के निवासी हैं। उनके पिता स्वर्गीय बद्री प्रसाद त्रिपाठी भी ख्यातिप्राप्त पत्रकार व साहित्यकार थे। भारतेन्द्र त्रिपाठी बुलंदी संस्था के विश्व के दोनों सबसे लम्बे समय तक चले वर्चुअल कवि सम्मेलनों में भी काव्य पाठ किया था। जो इंडिया वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज है। भारतेन्द्र त्रिपाठी के दो हिन्दी काव्य संग्रह मेरा प्रतिबिम्ब और अनगढ़ रास्ते प्रकाशित हो चुके है। देश विदेश के पत्र पत्रिकाओं में उनके लेख, कहानी, कविता व संस्मरण प्रकाशित होते रहते हैं। वह वर्तमान में उच्च प्राथमिक विद्यालय सुजौना जसरा प्रयागराज में अध्यापक है। उन्हें देवनागरी सम्मान मिलने पर जनपद के शिक्षकों एवं क्षेत्रीय लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है।

# आवास एवं सरकारी सुविधाओं से वंचित आदिवासी महिलाओं ने किया तहसील एवं ब्लाक केंद्र करछना पर प्रदर्शन

## एसडीएम एवं ब्लाक में अफसरों को आवास शौचालय एवं रास्ते की समस्या पर दी चेतावनी

अखंड भारत संदेश

**करछना।** प्रयागराज विकास खंड करछना के विभिन्न गांवों में आदिवासी महिलाओं को सरकारी सुविधाओं का लाभ न मिल पाने के कारण बड़ी संख्या में आदिवासी महिलाओं ने शुक्रवार को तहसील में एसडीएम एवं खंड विकास अधिकारी के कार्यालय में अधिकारियों के कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन कर अपनी आवाज को बुलंद किया।



भारतीय किसान भानु गुट की मंडल अध्यक्ष मंजू राज के नेतृत्व में बड़ी संख्या में आदिवासी महिलाएं दोपहर तहसील प्रांगण में एसडीएम के समक्ष धरना प्रदर्शन कर अपनी आवाज को बुलंद किया तथा मांग दोहराई कि मुख्यमंत्री द्वारा आदिवासी परिवारों को आवास शौचालय अन्य सुविधाएं मुहैया कराने के लिए विशेष तौर पर जोर दिया है लेकिन अधिकारियों द्वारा सही ढंग से सर्वे न करके उन्हें आवास अन्य सुविधाओं से वंचित किया गया है जिसको लेकर बड़ी संख्या में दोपहर मंजू राज मंडल अध्यक्ष भानु गुट किसान यूनियन की महिला ने सैकड़ो की संख्या में महिलाओं को लेकर एसडीएम करछना राजेश श्रीवास्तव एवं खंड विकास अधिकारी धीरेश गुप्ता के समक्ष धरना प्रदर्शन कर अपनी आवाज को बुलंद किया उन्होंने अपनी बात को दोहराते हुए बताया कि मुंगरी , सुनाई ,घटवा, कबरा रवनिका आदि दर्जनों आदिवासी बस्तियों मे आज भी लोग पन्नी डालकर रहने को मजबूर हैं अधिकारियों द्वारा आवास सर्वे के दौरान काट दिया जाता है तथा उन्हें शौचालय आवास अन्य सुविधाओं से वंचित रखा गया है उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी दी की दो-तीन दिन के अंदर सर्वे करा कर लाभार्थियों को सुविधा मुहैया नहीं कराई गए तो अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन एवं क्रमिक अनशन चलाने के लिए मजबूर होगी।

एसडीएम और खंड विकास अधिकारी ने महिलाओं की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए एक सप्ताह के अंदर सभी मामले मौके पर जाकर सर्वे कर निस्तारण कर मुहैया कराने का आश्वासन दिया।



# फूलपुर के युवक की इटावा में ट्रेन से गिरकर हुई मौत

**फूलपुर।** प्रयागराज एक्सप्रेस से दिल्ली अपनी बहन को बुलाने जा रहे फूलपुर के युवक की इटावा स्टेशन के पास गिरने से मौत हो गई। गुरुवार सुबह जब वह बहन के घर दिल्ली स्थित गुरुग्राम नहीं पहुंचा तो घर वालों ने उसके मोबाइल पर फोन किया। पुलिस ने फोन उठाते हुए मौत की सूचना दी तो घर में मातम मच गया। फूलपुर क्षेत्र के बहरिया थाना अंतर्गत कनेहटी गांव निवासी अभिषेक तिवारी 24 पुत्र राम संवारे तिवारी बुधवार रात 10 बजे प्रयागराज एक्सप्रेस से दिल्ली स्थित गुरुग्राम में रह रही अपनी छोटी बहन रिया तिवारी को घर बुलाने के लिए जा रहा था। परिजनों ने बताया की गुरुवार को जब अभिषेक तिवारी बहन के घर नहीं पहुंचा तो उसके मोबाइल पर फोन किया गया तो इटावा स्टेशन की पुलिस ने फोन रिसीव कर युवक के मौत की सूचना दी। पुलिस ने बताया कि सुबह युवक के लाश मिलने की सूचना ग्रामीणों ने स्टेशन मास्टर को दी थी। स्टेशन मास्टर ने पुलिस को सूचित करते हुए युवक के पहचान करने का प्रयास कर ही रही थी कि उसकी जेब में मिले मोबाइल पर कॉल आने से युवक की पहचान अभिषेक तिवारी जनपद प्रयागराज के रूप में हो गई। पुलिस के मुताबिक घटना रात्रि 2 बजे की है क्योंकि इसी समय प्रयागराज एक्सप्रेस इटावा स्टेशन से गुजरती है। परिजनों ने बताया कि जनरल टिकट लेकर वह प्रयागराज एक्सप्रेस से बहन को बुलाने दिल्ली जा रहा था। घटना कैसे और किस कारण हुई यह बता पाना मुश्किल है। तीन भाई व चार बहनों में सबसे छोटे अभिषेक तिवारी आईटीआई की पढ़ाई पूरी कर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था।शुक्रवार सुबह युवक का शव जब घर पहुंचा तो गांव में मातम छा गया। मां आशा तिवारी व बहन गुंजन पाण्डेय,काजल पाण्डेय, प्रिया पांडेय,रिया तिवारी तथा भाई आशीष कुमार तिवारी, रिक्की तिवारी का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है। परिजनों ने युवक की मौत की जांच की मांग इटावा पुलिस से की है।

## चोरी के मोबाइल फोन के साथ शातिर गिरफ्तार

**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ पुलिस ने चोरी के मोबाइल के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। एसओ मनोज कुमार सिंह ने बताया कि धारा 379 के दर्ज मामले में अभियुक्त प्रभाकर पुत्र छोटेलाल को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त प्रभाकर क्षेत्र के ग्राम भड़िवार का निवासी है। उसे मुखबिर की सूचना पर उप निरीक्षक गिरीश मिश्र ने अपनी टीम के साथ पटहट पुलिया के पास से गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके पास से चोरी का एक मोबाइल फोन बरामद हुआ। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर चालान भेज दिया गया।

## रात प्राइमरी में घुसे उचक्कों ने नष्ट की वायरिंग

**शंकरगढ़।** गुरुवार की रात अज्ञात उचक्कों के द्वारा कंपोजिट विद्यालय शंकरगढ़ में रोशनी-फैन और सबमर्शिबल पंप के लिए की गई वायरिंग को उखाड़कर नष्ट कर दिया। जानकारी होने पर मामले की सूचना शंकरगढ़ पुलिस को दी गई है। कंपोजिट विद्यालय के प्रधानाचार्य वीरेंद्र सिंह के द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर के मुताबिक विद्यालय के भवन व सबमर्शिबल पंप के लिए वायरिंग करवाई गई थी, जिसे 14 सितंबर को अज्ञात लोगों के द्वारा नष्ट कर दिया गया।


**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरा इलाहाबाद यूनिवर्सिटी का माइग्रेशन सर्टीफिकेट जिसका इनरोलमेंट नं0 CO720394 वास्तव में कहीं खो गया है।

गगन कुमार पाण्डेय
पुत्र राय साहब पाण्डेय
पता-बबुरा, बसही,
करछना, प्रयागराज


# हिंदी दिवस पर बच्चों ने जमाया रंग, विविध प्रस्तुतियों से निहाल हुई हिंदी

बच्चों ने प्रस्तुत किए नुक्कड़ नाटक और सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रतियोगिताओं में किया प्रतिभाग



**शंकरगढ़।** गुरुवार को जनपद में हिंदी दिवस पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। स्कूलों में हिंदी दिवस पर विविध आयोजन हुए। इंग्लिश मीडिएम में चलने वाले स्कूलों में सारे कार्यक्रम, बोलचाल हिंदी में ही किया गया। न्यू चिल्ड्रन पब्लिक स्कूल, शंकरगढ़ में हिंदी दिवस बच्चों ने धूमधाम के साथ मनाया। छात्र-छात्राओं द्वारा विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने के साथ नुक्कड़ नाटक के माध्यम से हिंदी को समृद्धि प्रदान की गई। शंकरगढ़ के सिंधी टोला में स्थित न्यू चिल्ड्रन पब्लिक स्कूल में विद्यालय के हेड ब्वाय शौर्य प्रताप सिंह और हेड गर्ल रागिनी पांडेय ने हिंदी प्रयोग करने का संदेश दिया। छात्रों में सत्यम द्विवेदी और रूपेश द्विवेदी की टीम ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से हिंदी की दुर्दशा और उसकी उन्नति के लिए किए जाने वाले उपायों को बखूबी मंचित किया। विद्यालय के छोटे-छोटे बच्चों ने वर्णमाला के माध्यम से हिंदी पढ़ने पर जोर देने का संदेश दिया। राजभाषा हिंदी को जन सामान्य की भाषा बनाने, उसे उचित सम्मान दिलाने के लिए विद्यालय के अध्यापक प्रहलाद तिवारी ने बच्चों को समझाया। अतिथि के रूप में कवि सुरेश केसरवानी ने अपनी कविताओं के माध्यम से बच्चों को हिंदी के प्रति प्रेम, लगाव और अपनी भारतीय सभ्यता, संस्कृति को अपनाए रखने का आह्वान किया। वरिष्ठ नेता अनूप केसरवानी ने हिंदी की दुर्दशा पर प्रकाश डालते हुए कहा, हिंदी हमारी आत्मा है। हिंदी के बगैर हर भारतीय अधूरा है। उन्होंने उपस्थित बच्चों को हिंदी की उन्नति के लिए कई उपाय बताए। विद्यालय के प्रबंधक प्रकाशचंद्र मिश्र ने सभी बच्चों को हिंदी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। विद्यालय के हिंदी के अध्यापक इंद्रजीत मिश्र ने बच्चों को हिंदी के महत्व के बारे में समझाते हुए अंग्रेजी के साथ-साथ हिंदी का भी समुचित प्रयोग करने पर बल दिया। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिका अर्चना, जाह्नवी, निकेता पांडेय, प्रीति सिंह, रितु सिंह, संध्या सिंह, नीतू सिंह, जाह्नवी, अध्यापक अनुराग तिवारी, रवि सिंह, प्रहलाद तिवारी, सुशांत आदि उपस्थित रहे।

## हिंदी सिर्फ भाषा नहीं, यह भारत की आत्माः संतोष त्रिपाठी

कैंब्रिज हाईस्कूल एंड कॉलेज में हिंदी दिवस पर हिंदी पखवाड़े का रंगारंग आगाज




**शंकरगढ़।** कैंब्रिज हाईस्कूल एंड कॉलेज शंकरगढ़ में गुरुवार को हिंदी पखवाड़े का शुभारंभ किया गया। प्रथम दिन, हिंदी दिवस पर बच्चों ने रंगारंग सांस्कितक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। हिंदी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ हिंदी प्रवक्ता मीरा श्रीवास्तव ने मातृभाषा हिंदी के महत्व व इतिहास को दशार्ते हुए की। विद्यालय के प्रबंधक संतोष त्रिपाठी ने कहा कि हिंदी पखवाड़ा को कार्यालय तक ही सीमित न होकर जनमानस तक लाने की आवश्यकता है। संतोष त्रिपाठी ने कहा, हिंदी सिर्फ भाषा तक सीमित नहीं। यह हमारी आत्मा है। पूरा भारत इसी में बसता है। हिंदी को हिंदी दिवस तक सीमित रखने के स्थान पर इसे अपनी दिनचर्या में शामिल करने की जरूरत है। धरती पर 60 करोड़ से अधिक लोग हिंदी का प्रयोग करते हैं। विद्यालय के छात्र अमित तिवारी, हर्ष, ज्योति ने कबीर दास की सुंदर कविताओं को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के कामर्स अध्यापक सुधीर नारंग ने किया। विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी बालेंद्र पांडेय ने कहा कि मातृभाषा हिंदी के संवर्धन के लिए शब्दकोश का होना अत्यंत आवश्यक है। अध्यापक मणिशंकर दुबे ने कहा कि अपनी संस्कृति और सभ्यता को बनाए रखने के लिए हमें हिंदी भाषा पर सदा ध्यान देना चाहिए। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक सौरभ प्रकाश, धर्मराज कुशवाहा, पंकज मिश्र, पंकज श्रीवास्तव, मनोज तिवारी, राजेश गोस्वामी, नवीन विश्वकर्मा, अनुज पांडेय, रीतू सुसारी, सिम्मी गुप्ता, रीना गोस्वामी, रेखा सिंह, मधु, दीपा, स्मिता, वंदना, ऊषा आदि उपस्थित रहीं।

## हिन्दी दिवस पर हिन्दी साधक है या बाधक की हुई संगोष्ठी

**सहसों।** किसी भी देश की मातृभाषा उस देश की पहचान होती है। भारत देश विविध भाषाओं वाला देश है। 121में से 22 भाषाओँ को संविधान में मान्यता मिली है। आजादी के बाद हिन्दी को मातृभाषा के साथ हमारे संविधान में देश की राष्ट्रभाषा का दर्जा दिया गया। तभी से 14 सितम्बर को राष्ट्रीय हिन्दी दिवस के रूप में लोग मनाते हैं। इसी तरह सहसों में हिन्दी दिवस के अवसर पर हिन्दी साधक है या बाधक पर एक संगोष्ठी आयोजित की गई। संगोष्ठी में हिन्दी दिवस को मनाते हुए एवं संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए समाज सेवी एवं अधिवक्ता लाल जी द्विवेदी ने कहा कि भाषा सबकी अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम है भाषा के माध्यम से हम विचारों का आदान-प्रदान करते हैं। हमारा सौभाग्य है कि विश्व की दूसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली और समझने वाली भाषा हिन्दी है। उन्होंने कहा हिन्दी के माध्यम से हम सब रोजगार, व्यापार, निवेश विनिवेश, पठान पठान करके अपना एवं देश का विकास कर सकते हैं। विश्व पटल पर हिन्दी का मान बढ़ा है कई विदेशी विश्वविद्यालयों में हिन्दी पढ़ाई जा रही है। देश के प्रधानमंत्री मोदी जी ने अभी संपन्न हुए जी 20 देश की बैठक में कई राष्ट्रों के आए अतिथियों को हिन्दी में ही संबोधित किया। संविधान के अनुच्छेद 343 में साफ वर्णित है कि देवनागरी लिपि में लिखी जाने वाली हिन्दी ही संघ की राष्ट्रभाषा होगी। उन्होंने एक कविता का शीर्षक- सबसे प्यारी सबसे मीठी बोली है हिन्दी। चमचम चमके जैसे माता के माथे की बिंदी।। को पढ़ते हुए कहा मुझे या समस्त देशवासियों को कहीं से भी नहीं लगता कि किसी के विकास में हिन्दी बाधक है। इस अवसर पर शिक्षक रमेश कुमार द्विवेदी, शिक्षक राजेश कुमार द्विवेदी, शम्भू नाथ तिवारी, शिक्षक राजकुमार पुष्कर, चिंतामणि शुक्ला, कवि धनंजय शाश्वत, आलोक कुमार सिंह, डॉक्टर प्रमोद गुप्ता सहित आदि लोग अपने विचार व्यक्त करते उपस्थित रहे।

# हापुड़ मामले को लेकर हड़ताल खत्म न्यायिक कार्य पर लौटे अधिवक्ता

## बर काउंसिल की पांच सदस्यीय टीम के साथ प्रमुख सचिव से हुई वार्ता में लिया गया निर्णय

अखंड भारत संदेश

**कोरांव।** बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश की पांच सदस्यीय टीम द्वारा बृहस्पतिवार को प्रमुख सचिव से हुई वार्ता के बाद उनकी मागों को प्रदेश सरकार द्वारा मान लिया। जिसके क्रम मे बार काउंसिल के आह्वान पर शुक्रवार से अधिवक्ता हड़ताल खत्म करते हुए न्यायिक कार्य पर लौट आए। गौरतलब हो कि 28 अगस्त को हापुड़ में अधिवक्ताओं के ऊपर पुलिस प्रशासन द्वारा किए गए लाठी चार्ज के विरोध मे अधिवक्ताओं की पूरे प्रदेश भर मे 18 दिन हड़ताल चली। बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश की पांच सदस्यीय टीम ने मुख्य सचिव से बृहस्पतिवार को वार्ता किया। जिसमे अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने के लिए टीम गठित कर दी गई। शेष बिंदुओं को शीघ्र निस्तारित किए जाने की बात हुई। जिस पर अधिवक्ताओं ने अपनी हड़ताल खत्म कर दी। शुक्रवार को तहसील कोरांव मे अधिवक्ताओं की आम सभा की बैठक हुई। जिसमें सभी ने एक स्वर मे हड़ताल खत्म करने का निर्णय लिया। सभा की अध्यक्षता बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अरूण कुमार तिवारी व संचालन मंत्री विंध्यवासिनी प्रसाद शुक्ल ने किया। सभा मे प्रमुख रूप से वरिष्ठ अधिवक्ता बाल गोबिंद पाण्डेय, सुरेंद्र प्रसाद दुबे, रामचन्द्र तिवारी, गजेन्द्र सिंह, मोती लाल कुशवाहा, राघवेंद्र कुशवाहा, सुरेंद्र मिश्र, केपी सिंह, बृजेश मिश्रा, त्रिवेणी प्रसाद यादव, सुनील पाण्डेय, आशुतोष तिवारी, अम्बिका पाल, आनंद पटेल, वेद प्रजापति, अनिल मिश्रा, शशि दुबे, अनूप मिश्रा, विवेक गौतम आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।



## सेंट पीटर्स स्कूल में विश्व हिंदी दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया

**सिरसा।** मेजा क्षेत्र के विकास खण्ड उरुवा के अंतर्गत सेंट पीटर्स स्कूल छतवा, सिरसा, प्रयागराज में विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर बच्चों को बताया गया कि हम हिंदी दिवस क्यों मनाते हैं। और हम हिंदी दिवस कब से मना रहे हैं। इसके बारे में हिंदी की अध्यापिका श्रीमती अमिता यादव और श्रीमती सीमा केसरी द्वारा लिखवाया गया की14 सितंबर 1953 को हिंदी दिवस मनाने की आधिकारिक तौर पर शुरूआत हुई थी। 1953 में भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने संसद भवन में 14 सितंबर को राष्ट्रीय हिंदी दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी। तब से हर वर्ष इस दिन को राष्ट्रीय हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाता है।इस दिन को मनाने के पीछे का कारण हिंदी के महत्व को बढ़ाना तो था ही लेकिन इस दिन महान हिंदी कवि राजेंद्र सिंह की जयंती भी होती है। भारतीय विद्वान, हिंदी-प्रतिष्ठित, संस्कृतिविद् और एक इतिहासकार होने के साथ ही उन्होंने हिंदी को आधिकारिक भाषा बनाने में अहम भूमिका निभाई थी। सेंट पीटर्स स्कूल की प्रधानाचार्या शिवानी खेड़ा सोनी ने कहा कि हिंदी हैं हमारी राष्ट्रभाषा, हिंदी हैं हमें बड़ी प्यारी, हिंदी की सुरीली वाणी हमे लगे हर पल प्यारी।

# सांसद फूलपुर ने सहसों में आयुष्मान कार्ड का किया वितरण



**सहसों।** प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत सहसों स्थित ग्राम पंचायत सचिवालय भवन में शुक्रवार को लाभार्थियों को आयुष्मान भारत कार्ड वितरण समारोह का आयोजन किया गया। वितरण समारोह कार्यक्रम में दौ सौ लाभार्थियों को आयुष्मान भारत कार्ड का वितरण किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सांसद फूलपुर केसरी देवी पटेल ने समारोह में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि इस योजना से गरीबों को पांच लाख रुपये तक का इलाज निःशुल्क मिलेगा। इस अवसर पर फूलपुर विधायक प्रवीण पटेल ने कहा कि इस योजना का लाभ मिलने से गरीबों के सामने सबसे बड़ी समस्या महंगे इलाज कराने की दिक्कत दूर हो गई है। समारोह कार्यक्रम को ब्लाक प्रमुख फूलपुर विपेंद्र सिंह पटेल व भाजपा जिला उपाध्यक्ष गंगापार अनिरुद्ध सिंह पटेल ने गरीबों के हित में इसे सरकार द्वारा एक बहुत बड़ा कदम बताते हुए संबोधित किया एवं दोनों लोगों के द्वारा सहसों बाजार की खस्ताहाल सड़क को बनवाने के लिए संसद व विधायक से मांग भी किया गया। इस अवसर पर सीएचसी प्रभारी मनीष मौर्य ने आयुष्मान भारत कार्ड के लाभ के बारे में उपस्थित लोगों को विस्तृत जानकारी दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सहित सभी अतिथियों का ग्राम पंचायत के अधिकारी, कर्मचारी एवं अन्य लोगों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया तथा अंगवस्त्रम भी भेंट किया गया। संचालन राजेन्द्र केसरवानी ने किया। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता चन्द्रेश केसरवानी, संजय सिंह, राघवेंद्र प्रताप सिंह, विष्णु केसरवानी उर्फ गोलू सहित आदि लोग मौजूद रहे। आयुष्मान कार्ड वितरण समारोह कार्यक्रम के उपरांत सहसों बाजार में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम भी चलाया गया। जिसमें सांसद, विधायक, ब्लॉक प्रमुख फूलपुर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष आदि लोगों के द्वारा बाजार वासियों से आंगन की मिट्टी और चावल लेकर कलश में डाला गया। इस मौके पर समस्त ग्रामवासी बड़े ही उत्साह के साथ शामिल रहे।

# अपात्रों को आवास देने की शिकायत पर जांच करने पहुंचे बीडीओ को मिली खामियां

अखंड भारत संदेश

**कोरांव।** विकास खंड कोरांव के छापर हरदौन व मानपुर गांव में अपात्रों को आवास देने की शिकायत पर शुक्रवार को खंड विकास अधिकारी धीरेंद्र सिंह यादव जब गांव में जांच करने पहुंचे तो उन्हें भी खामियां मिलीं। जिस पर ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत सचिव को उन्होंने फटकार लगाते हुए भविष्य में दोबारा ऐसी गलती न करने की हिदायत दी। खंड विकास अधिकारी धीरेंद्र सिंह यादव ने बताया कि छापर हरदौन व मानपुर में अपात्रों को आवास देने की शिकायत की गई थी। जिसका स्थलीय निरीक्षण व सत्यापन किया गया तो पांच लोग अपात्र पाए गए। जबकि दो ही पात्र रहे। अपात्रों को आवास की पहली किस्त दी जा चुकी है। जिस पर उन्होंने विधिक करवाई की बात कही है। आवास निरीक्षण के दौरान परियोजना निदेशक अशोक कुमार मौर्या भी मौजूद रहे। उन्होंने दोषी ग्राम पंचायत सचिव पर कार्यवाही की बात कही है। परियोजना निदेशक ने केबी सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मानपुर बड़ोखर में विधायक निधि के घोटाले की भी जांच की। गांव के ही शिकायतकर्ता के द्वारा आरोप लगाया गया है कि विधायक निधि में घोटाला कर लिया गया है। विद्यालय में उसका उपयोग नहीं किया गया है। जिसकी भी परियोजना निदेशक के द्वारा जांच की गई। परियोजना निदेशक अशोक कुमार मौर्या ने बताया कि मामले का निरीक्षण कर लिया गया है। जांच रिपोर्ट अग्रिम कार्यवाही हेतु डीएम को सौंपी जाएगी। निरीक्षण के दौरान ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत सचिव तथा ग्रामीण भी मौजूद रहे।

## केबी सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विधायक निधि के घोटाले की जांच करने पहुंचे पीडी




## कार्यालय ग्राम पंचायत कपारी वि0खं0 शंकरगढ़ प्रयागराज

अल्पकालीन निविदा सूचना

राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त/वर्चुवल एकाउण्ट/मनरेगा योजनान्तर्गत वर्ष 2023-24 में प्रस्तावित निम्नलिखित काया हेतु टेण्डर ज्ञापित किया जा रहा है। जो दिनांक 15-09-2023 से 30-09-2023 तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कपारी कार्यालय पर सीलबंद निविदा जमा कर सकते हैं जो दिनांक 01-10-2023 को निविदा हेतु गठित कमेटी/निर्माण समिति के सदस्यों के सामने 12 बजे दिन खोली जायेगी। कार्य तथा अनुमानित लागत का विवरण निम्नवत है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | नग सं0 | अनुमानित लागत | निविदा मूल्य | धरोहर राशि | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | व्यक्तिगत खाद गड्ढा/कम्पोस्ट पिट | 08 | 8800/- | 500 | 2% | 3 माह |
| 2. | व्यक्तिगत नडिफ/कम्पोस्ट पिट | 02 | 10600/- | 500 | 2% | 3 माह |
| 3. | सामुदायिक एवं संस्थागत खाद्य गड्ढा (कम्पोस्ट पिट) | 21 | 46725/- | 500 | 2% | 3 माह |
| 4. | सामुदायिक नडिफ (कम्पोस्ट पिट) | 10 | 196500/- | 500 | 2% | 3 माह |
| 5. | सामुदायिक वर्मी कम्पोस्ट | 11 | 322300/- | 500 | 2% | 3 माह |
| 6. | हैण्डपम्प पर सोकपिट | 60 | 897000/- | 500 | 2% | 3 माह |
| 7. | एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केन्द्र (RRCसेंटर) | 01 | 550000/- | 500 | 2% | 3 माह |
| 8. | सामुदायिक एवं संस्थागत इन्सीरेटर (भस्मक) | 01 | 15400/- | 500 | 2% | 3 माह |
| 9. | सामुदायिक एवं संस्थाओं हेतु सोकपिट | 02 | 44900/- | 500 | 2% | 3 माह |
| 10. | किचेन गार्डेन | 02 | 8000/- | 500 | 2% | 3 माह |
| 11. | कचरा वाहन साइकिल (ई-रिक्शा साइकिल) | 01 | 168000/- | 500 | 2% | 3 माह |
| 12. | सेप्टिक टैंको से निकलने वाले ब्लैक वाटर हेतु सामुदायिक एण्ड संस्थागत लीजपिट-1 | 01 | 12000 | 500 | 2% | 3 माह |

**नियम शर्तें-** 1. फर्म/आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स विभाग में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य होगा। 2. सामग्री की प्रस्तुत दरें पी.डब्ल्यू.डी. से अधिक नही होगी। 3. कार्य की पूर्ति निश्चित समय सीमा में मानक के अनुरूप किया जाना है तभी भुगतान संभव हो पायेगा। गुणवत्ता मानक में कमी पाये जाने पर धनराशि नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। 4. निविदा बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। 5. कार्य की अनुमानित लागत का 10 प्रतिशत धरोहर राशि जमा करनी होगी। 6. निविदा शुल्क 500 रूपये निर्धारित है।

सुभाष कुमार
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत कपारी
वि0खं0 शंकरगढ़ प्रयागराज

अफरोज अख्तर अंसारी
ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत कपारी
वि0खं0 शंकरगढ़ प्रयागराज



## कार्यालय ग्राम पंचायत महोरी रीवा, वि. ख. करछना प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/ग्राम पं. वि. अ./कोटेशन/ 2023-24 — **टेण्डर/कोटेशन** — दिनांक : 15.09.2023

ग्राम पंचायत **महोरी रीवा** में वित्तीय वर्ष 2023-24 में कराये जाने वाले कार्य, मनरेगा/15 वां वित्त/राज्य वित्त योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत **महोरी रीवा** विकास खण्ड करछना में अद्योलिखित कार्यो के लिए इच्छुक पंजीकृत फर्मो से अल्प कालीन निविदा आमंत्रित की जाती है, आकड़न/प्राकलन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर प्राप्त आपूर्ति भाड़ा एवं कार्य की मजदूरी सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 16-09-2023 से दिनांक 30-09-2023 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं। नियम व शर्ते किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है , तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 01-10-2023 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेण्डर /कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 01-10-2023 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नलिखित कार्य पर पर जिस-जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है। उत्तर प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा, जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा, साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा। उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा। उस भुगतान पर ही उक्त नियम व शर्ते लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य के उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु उचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत श्रम एवं सामग्री अंश | सामग्री अंश आपूति की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम पंचायत महोरी रीवा में गाटा संख्या 82 पर अंत्येष्टि स्थल निर्माण कार्य | 26.00 लाख | 6 माह |
| 2. | ग्राम पंचायत में गाटा संख्या 238 पर खेल मैदान निर्माण कार्य | 12.00 लाख | 6 माह |
| 3. | धनी लाल के घर से तालाब तक पक्की नाली निर्माण कार्य | 400 लाख | 6 माह |

राज कुमार पटेल
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत महोरी रीवा
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

इन्द्र कुमार यादव
सचिव
ग्राम पंचायत महोरी रीवा
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

# जिलाधिकारी ने एयरफोर्स एवं सेना के अधिकारियों के साथ एयरफोर्स डे की तैयारी का लिया जायजा

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल शुक्रवार को सेना एवं वायुसेना के अधिकारियों के साथ संगम क्षेत्र/किला पहुंचकर एयरफोर्स डे के अवसर पर आयोजित होने वाले एयर शो कार्यक्रम की तैयारियों से संबधित व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने वहां पर वीवीआईपी के बैठने की व्यवस्था, यातायात व पार्किंग की व्यवस्था, पीएस सिस्टम, इण्टरनेट की व्यवस्था, कमेन्ट्री बाक्स, शौचालय, पीने के पानी, बैठने की व्यवस्था हेतु मरम्मत कार्य, रेलिंग लगाने, कार्यक्रम के अवसर पर विद्युत आपूर्ति हेतु जनरेटर की व्यवस्था, मीडिया तथा दर्शकों के बैठने के लिए की जा रही तैयारियों का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये हैं। कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में की गयी मैपिंग के अनुसार व्यवस्था किए जाने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है। इस अवसर पर सेना एवं वायुसेना के वरिष्ठ अधिकारीगण, प्रयागराज विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अरविंद सिंह चैहान, अपर जिलाधिकारी नगर सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## शंकरगढ़ के गोबरा हेबार में तैयार होगी सबसे बड़ी वृक्ष वाटिका

**फल एवं छायादार 100 पौधों को लगाकर किया गया शुभारंभ**

**शंकरगढ़।** मेरी माटी-मेरा देश के तहत शंकरगढ़ क्षेत्र में कई स्थानों पर मिट्टी और अक्षत के रूप में चावल का संकलन किया गया। अभियान के अंतिम दिन पंच प्रण के साथ कई स्थानों पर पौधरोपण भी किया गया। सांसद रीता जोशी ने भी पौधरोपण कर अभियान को गति प्रदान की। इसी क्रम में शंकरगढ़ विकास खंड के कल्याणपुर (गोबरा हेबार) में सरकारी जमीन पर 100 पौधे लगाए गए। यहां पर 1000 पौधे लगाकर शंकरगढ़ की सबसे बड़ी वृक्ष वाटिका बनाने का संकल्प लिया गया। प्रथम दिन विभिन्न प्रकार के कुल 100 पौधे लगाए गए। इसके अलावा मेरी माटी-मेरा देश के तहत गांव-गांव जाकर लोगों को शहीदों के कार्य में सम्मिलित होने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष भाजपा संतोष त्रिपाठी, सोमनाथ वर्मा, ग्राम प्रधान राममिलन कुलदीप सिंह, ज्ञानेंद्र मिश्र, अशोक त्रिपाठी, त्रिलोकी, रूद्र प्रताप, शिवराम सिंह परिहार, कुशल जैन, नाथ मिश्र, शैलेंद्र, शुभम, विकास, सौरभ, पवन मिश्र आदि मौजूद रहे।

# स्वच्छता से सम्बन्धित विभिन्न प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को इफको ने किया पुरस्कृत

**अखंड भारत संदेश**




**फूलपुर।** इफको घियानगर के सामुदायिक केंद्र में शुक्रवार को स्वच्छता पखवाड़े का समापन समारोह मनाया गया। वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक इकाई प्रमुख संजय कुदेशिया ने कहा कि स्वच्छता पखवाड़ा मनाने का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता के महत्व को समझना है। प्रतिबंधित प्लास्टिक की वस्तुओं का इस्तेमाल न करने की अपील करते हुए उन्होंने ने कहा की दैनिक जीवन में इस्तेमाल होने वाली प्लास्टिक का उपयोग हमें खुद ही बंद करना होगा। कार्यक्रम का संचालन रेखा मिश्रा तथा धन्यवाद ज्ञापन जनसम्पर्क अधिकारी सोनू तिवारी ने किया। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया। स्वच्छता से सम्बन्धित चित्रकला प्रतियोगिता में कक्षा 3 के छात्र आरूश सिंह, मानव वर्मा ,अस्तित्व, आर्विका,आदर्श यादव तथा कक्षा 4-5 से प्रवी दूबे ,ऋषभ पटेल,द्वियांशी यादव, वैदेही मिश्रा,श्रेयांश को पुरस्कृत किया गया। वही कक्षा 6-8 के प्रतियोगी भव्या वर्मा, आकृति तिवारी,अनुष्का यादव,अनन्या सिंह, आईजा फातिमा व कक्षा 9-12 के प्रतियोगी आयुषी यादव,वंशिका,रागीनी सिंह, जैनेन्द्र कुमार गौतम,अनुर्षि यादव को अधिकारियों ने पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया। कर्मचारी वर्ग से निबंध लेखन प्रतियोगिता के विषय स्वच्छता देश के विकास में महत्वपूर्ण निबंध लेखन में उच्च स्थान हासिल करने पर अभय सिंह, ए.के. श्रीवास्तव, संतोष कुमार शुक्ला, अंकिता कुमारी, संतोष कुमार सिंह को जहां पुरस्कृत किया गया वहीं नारा प्रतियोगिता में ए.के.श्रीवास्तव,विनीत राय,सर्वेश सिंह, अभय सिंह, सुभाषचंद्र पुरस्कृत हुए। मौके पर संयुक्त महाप्रबंधक क्रमशः संजय वैश्य, ए.पी. राजेन्द्रन, संजय भंडारी, अरूण कुमार, विभागाध्यक्ष मानव संसाधन शम्भू शेखर, इफको ऑफिसर्स एसोसिएशन के महामंत्री स्वयं प्रकाश, इफको कर्मचारी संघ के अध्यक्ष पंकज पाण्डेय व महामंत्री विनय यादव तथा बड़ी संख्या में कर्मचारी, महिलाएं एवं बच्चे उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### विनोद प्रजापति बने यमुनापार जिलाध्यक्ष, भाजपाइयों में खुशी, जिला कार्यालय में हुआ स्वागत



**प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने शुक्रवार को दोपहर नवनियुक्त जिलाध्यक्षों की सूची जारी कर दी। जिसमें प्रयागराज यमुनापार के जिला मंत्री रामपुर करछना निवासी विनोद प्रजापति को यमुनापार का जिलाध्यक्ष नियुक्त कर नई जिम्मेदारी सौंपी। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष विनोद कुमार प्रजापति को बनाए जाने पर पूरे जिले के भाजपाईयो में जश्न का माहौल है। सभी को साथ लेकर चलने वाले मृदूभाषी कर्मठ मेहनती पदाधिकारी के नियुक्ति होने पर कार्यकताओं पदाधिकारियों ने शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया है। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष को निवर्तमान जिलाध्यक्ष विभवनाथ भारती, जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुवेर्दी सहित पूरे यमुनापार के भाजपा कार्यकताओं जनप्रतिनिधियों ने शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष विनोद प्रजापति सायं 4 बजे जिला कार्यालय सिविल लाइन्स पर पहुंचे जहां कार्यकताओं ने बुके और माल्यार्पण करते हुए जोरदार स्वागत अभिनंदन किया। जिलाध्यक्ष विनोद कुमार प्रजापति बालशन स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की मूर्ति पर माल्यार्पण करते हुए संकल्प लिया की सभी को साथ लेकर चलने का प्रयास करूंगा।इसके बाद बधवां में लेटे हुए हनुमान जी का दर्शन कर सकुशल दायित्व निर्वहन करने का आशीर्वाद प्राप्त किया। तत्पश्चात इलाहाबाद की सांसद पत्रों.रीता बहुगुणा जोशी के आवास पहुंचे जिलाध्यक्ष विनोद प्रजापति को बुके भेंटकर शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता रणजीत सिंह, प्रदेश मंत्री आकांक्षा सोनकर, जिला महामंत्री विक्रमादित्य मौर्य, जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुवेर्दी,अजीत प्रताप सिंह,जय सिंह पटेल,सुधाकर पाण्डेय,नीरज मिश्र,राज कुमार मिश्र,आरती कोल,अमरेश तिवारी,वृजेश भारतीया,ज्ञान नारायण कन्नौजिया,अनिल मिश्रा,हरिदेव धूरियां,प्रीतम पांडेय,पंकज द्विवेदी,सतीश विश्वकर्मा आदि के साथ सैकड़ों कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित भारत माता की जय, भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद का नारा लगाते रहें।

### गांव के विकास कार्यों को लेकर आवश्यक बैठक संपन्न



**मेजा रोड।** विकास खंड उरुवा में गांवों के विकास कार्यों को लेकर एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई जिसमें खंड विकास अधिकारी एडीओ पंचायत, प्रधान संगठन ब्लाक अध्यक्ष राजेश दूबे, कंचन मिश्रा प्रधान छतवा (महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष) ब्लॉक के अन्य ग्राम प्रधान व कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में पंचायत के प्रधानों ने अपने अपने गांव की समस्या को रखा। चौखटा गोरा के ग्राम प्रधान दिनेश पांडे ने पंचायत भवन के निर्माण का पैसा किसी दूसरे फॉर्म में लगाने का आरोप लगाया। साथ ही मनरेगा कार्यों में रोजगार सेवक पर मनमानी किए जाने का आरोप लगाया। चौकी गांव के प्रधान फतेह बहादुर निषाद ने पंचायत भवन तक रास्ता पहुंचाने की कठिनाई को रखते हुए बताया कि ग्राम पंचायत पहुंचने के लिए मार्ग नहीं है। साथ ही मनरेगा में अनियमितता का आरोप लगाया। वही फतेबहादुर ने ग्राम रोजगार सेवक का मनमानी तरीके से काम करना प्रधानों के बिना जानकारी स्टीमेट और पेमेंट निकलने का आरोप लगाया। उपस्थित ग्राम प्रधानों ने ग्राम पंचायत अधिकारियों पर गांव में उपस्थित न रहने का भी आरोप लगाया। अधिकतर ग्राम प्रधानों ने ब्लाक के अधिकारियों पर कमीशन खोरी का आरोप लगाया। खंड विकास अधिकारी दिनेश सिंह ने उपस्थित सभी सचिवों को प्रत्येक दिन गांव के पंचायत भवन पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए साथ ही अनुपस्थित की दशा में वेतन भुगतान काटे जाने का निर्देश जारी किया। उन्होंने कहा कि गांव की समस्या का समाधान ही प्राथमिकता होनी चाहिए। इस उक्त मौके पर समस्त ग्राम सचिव और प्रधान उपस्थिति रहे।

### बोलन मेला कमेटी का हुआ गठन अंकित गुप्ता बने मेला प्रभारी, मेला 24 से



**मेजा।** श्री रामलीला कमेटी मेजा के तत्वावधान में आयोजित 24 सितंबर से होने वाले दो दिवसीय बाबा बोलन नाथ के ऐतिहासिक मेले की व्यवस्था के लिए रामलीला कमेटी द्वारा मेला कमेटी का गठन किया गया।इस संबंध में गुरुवार को शाम 8 बजे रामलीला मंच पर एक आवश्यक बैठक रामलीला कमेटी के संरक्षक लालजी मिश्र की अध्यक्षता में हुई,जिसमें मेला कमेटी का गठन्नकर्त हुए अंकित गुप्ता को मेला प्रभारी बनाया गया।अमित कुमार यादव अध्यक्ष के पद पर बने रहेंगे।राहुल मिश्र उपाध्यक्ष, तौलन प्रसाद कोषाध्यक्ष,सुधीर गुप्ता सह कोषाध्यक्ष,चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव मंत्री नियुक्त किए गया।बैठक में मेला को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए 5 सेक्टर में बांटा गया है।प्रत्येक सेक्टर में एक सेक्टर प्रभारी 5 सहयोगी सदस्य और 2 सचल दस्ता बनाया गया है।अन्य व्यवस्था के लिए जिसमें, लाइट,टेंट,बिजली,साउंड जलपान आदि की व्यवस्था के लिए आज शाम 4 बजे पुत्तू लाला के घर पर बैठक आहूत की गई है। बैठक में सभी पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

### यमुनापार विशाल सांस्कृतिक गणपति महोत्सव का भूमि पूजन संपन्न

**नैनी।** नैनी सार्वजनिक गणपति उत्सव मंडल, नैनी, प्रयागराज एवं आभा ग्रामीण विकास सेवा संस्थान नैनी द्वारा 18 सितम्बर से आयोजित होने वाले 26 वें यमुनापार विशाल सांस्कृतिक गणपति महोत्सव का भूमि पूजन शुक्रवार को विधिवत संपन्न हुआ विद्वान पुरोहित संजय व्यास ने वेदध्वनि के मध्य वंदना एवं श्लोकों के माध्यम से सर्वप्रथम प्रथम पूज्य गणपति महाराज की पूजा अर्चना की तत्पश्चात हनुमान जी की पूजा अर्चना एवं हनुमान चालीसा का पाठ कराया। संयोजक महेश मधुकर मंगरुलकर की अध्यक्षता में गणेशोत्सव समिति की एक बैठक आयोजित हुई जिसमें गणेशोत्सव की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा हुई तथा सभी पदाधिकारिओं को अपनी जिम्मेदारियां को अच्छे से निभाने के लिए कहा गया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से महेश मधुकर मंगरुलकर, राजकुमार त्रिपाठी, अनिल विश्वकर्मा, रवि करण सिंह, आरके शुक्ला, अतुल सिंह, रजत दुबे, सुमित श्रीवास्तव, रेखा श्रीवास्तव, पिंकी गुप्ता, मंजू तिवारी, रिंकी गिरी, ममता श्रीवास्तव, पुष्पा सिंह, सुलोचना जायसवाल, सरोज सिंह, पुष्पेंद्र प्रताप सिंह, आशीष अरोड़ा, हर्ष तिवारी, जतिन सिंह, आकाश जायसवाल, आकाश सिंह तोमर, दीप प्रताप सिंह आदि उपस्थित रहे।

## कार्यालय ग्राम पंचायत कौवा वि. ख. करछना प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/ग्राम पं. वि. अ./कोटेशन/2023-24 **टेण्डर/कोटेशन** दिनांक 15-09-2023

मनरेगा/ पंचम राज्य वित्त/15 वां वित्त/SLWM योजनाअन्तर्गत ग्राम पंचायत **कौवा** विकास खण्ड करछना में अद्योलिखित कार्यो के आगणन/प्राक्लन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति भाड़ा सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 16-09-2023 से दिनांक 30-09-2023 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं । नियम व शर्ते किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है , तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 01-10-2023 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेण्डर /कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 01-10-2023 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नांकित कार्य पर पर जिस-जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है। उत्तर प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा, जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा, साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा। उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा। उस भुगतान पर भी उक्त नियम व शर्ते लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य में उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु यथोचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | संख्या | योजना | अनुमानित लागत | सामग्री अंश आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सामुदायिक खाद गड्ढा | 7 नग | SLWM | 15750.00 | 2 माह |
| 2. | सामुदायिक वर्मी कम्पोस्ट नाडेप | 5 नग | SLWM | 27000.00 | 2 माह |
| 3. | कचरा वाहन | 1 नग | SLWM | 160000.00 | 2 माह |
| 4. | सामुदायिक वर्मी कम्पोस्ट | 2 नग | SLWM | 5860.00 | 2 माह |
| 5. | आर0आर0सी0 केन्द्र | 1 नग | SLWM | 500000.00 | 2 माह |
| 6. | सामुदायिक एंव संस्थाओं हेतु सोकपिट | 9 नग | SLWM | 134550.00 | 2 माह |
| 7. | फिल्टर चैम्बर | 2 नग | SLWM | 49000.00 | 2 माह |
| 8. | हैण्डपम्प सोकपिट | 8 नग | SLWM | 119600.00 | 2 माह |

**श्रीमती रेखा कुमारी**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत कौवा**
**वि0 ख0 करछना प्रयागराज**

**इन्द्र कुमार यादव**
**सचिव**
**ग्राम पंचायत कौवा**
**वि0 ख0 करछना प्रयागराज**

## कार्यालय ग्राम पंचायत महोरी रीवा राजस्व ग्राम देवरी खुर्द, वि. ख. करछना प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/ग्राम पं. वि. अ./कोटेशन/2023-24 **टेण्डर/कोटेशन** दिनांक 15-09-2023

मनरेगा/ पंचम राज्य वित्त/15 वां वित्त/SLWM योजनाअन्तर्गत ग्राम पंचायत **महोरी रीवा राजस्व ग्राम देवरी खुर्द** विकास खण्ड करछना में अद्योलिखित कार्यो के आगणन/प्राक्लन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति भाड़ा सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 16-09-2023 से दिनांक 30-09-2023 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं । नियम व शर्ते किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है , तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 01-10-2023 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेण्डर /कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 01-10-2023 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नांकित कार्य पर पर जिस-जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है। उत्तर प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा, जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा, साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा। उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा। उस भुगतान पर भी उक्त नियम व शर्ते लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य में उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु यथोचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | संख्या | योजना | अनुमानित लागत | सामग्री अंश आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सामुदायिक एवं खाद गड्ढा कम्पोस्टपिट | 10 नग | SLWM | 22250.00 | 2 माह |
| 2. | सामुदायिक नाडेप कम्पोस्टपिट | 13 नग | SLWM | 72800.00 | 2 माह |
| 3. | सामुदायिक वर्मी कम्पोस्टपिट | 2 नग | SLWM | 85600.00 | 2 माह |
| 4. | कचरा वाहन | 1 नग | SLWM | 58000.00 | 2 माह |
| 5. | सामुदायिक एवं संस्थागत इंसुलेटर | 1 नग | SLWM | 16000.00 | 2 माह |
| 6. | सामुदायिक एंव हेतु सोकपिट | 2 नग | SLWM | 45300.00 | 2 माह |
| 7. | फिल्टर चैम्बर | 2 नग | SLWM | 5260.00 | 2 माह |
| 8. | हैण्डपम्प सोकपिट | 13 नग | SLWM | 194350.00 | 2 माह |
| 9. | मलीन कचरा प्रबंधन | 1 नग | SLWM | 8000.00 | 2 माह |

**राज कुमार पटेल**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत महोरी रीवा**
**राजस्व ग्राम देवरी खुर्द**
**वि0 ख0 करछना प्रयागराज**

**इन्द्र कुमार यादव**
**सचिव**
**ग्राम पंचायत महोरी रीवा**
**राजस्व ग्राम देवरी खुर्द**
**वि0 ख0 करछना प्रयागराज**

## कार्यालय ग्राम पंचायत बरदहा, वि. ख. करछना प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/ग्राम पं. वि. अ./कोटेशन/2023-24 **टेण्डर/कोटेशन** दिनांक 15-09-2023

मनरेगा/ पंचम राज्य वित्त/15 वां वित्त/SLWM योजनाअन्तर्गत ग्राम पंचायत **बरदहा** विकास खण्ड करछना में अद्योलिखित कार्यो के आगणन/प्राक्लन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति भाड़ा सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 16-09-2023 से दिनांक 30-09-2023 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं । नियम व शर्ते किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है , तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 01-10-2023 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेण्डर /कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 01-10-2023 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नांकित कार्य पर पर जिस-जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है। उत्तर प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा, जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा, साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा। उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा। उस भुगतान पर भी उक्त नियम व शर्ते लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य में उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु यथोचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | संख्या | योजना | अनुमानित लागत | सामग्री अंश आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सामुदायिक खाद गड्ढा | 4 नग | SLWM | 8900.00 | 2 माह |
| 2. | सामुदायिक नाडेप कम्पोस्टपिट | 5 नग | SLWM | 25500.00 | 2 माह |
| 3. | सामुदायिक वर्मी कम्पोस्ट | 4 नग | SLWM | 174200.00 | 2 माह |
| 4. | कचरा वाहन | 1 नग | SLWM | 160000.00 | 2 माह |
| 5. | एकीकृत ठोस अपशिष्ट (आर0आर0सी0 सेन्टर) | 1 नग | SLWM | 750000.00 | 2 माह |
| 6. | सामुदायिक एवं संस्थागत इंसुलेटर | 2 नग | SLWM | 29000.00 | 2 माह |
| 7. | सामुदायिक एंव संस्थागत सोकपिट | 12 नग | SLWM | 179400.00 | 2 माह |
| 8. | फिल्टर चैम्बर | 2 नग | SLWM | 22500.00 | 2 माह |
| 9. | हैण्डपम्प सोकपिट | 19 नग | SLWM | 284850.00 | 2 माह |
| 10. | मलीय कचरा प्रबंधन केन्द्र | 2 नग | SLWM | 27000.00 | 2 माह |

**श्रीमती वन्दना मौर्य**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत बरदहा**
**वि0 ख0 करछना प्रयागराज**

**इन्द्र कुमार यादव**
**सचिव**
**ग्राम पंचायत बरदहा**
**वि0 ख0 करछना प्रयागराज**

## कार्यालय ग्राम पंचायत महोरी रीवा , वि. ख. करछना प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/ग्राम पं. वि. अ./कोटेशन/2023-24 **टेण्डर/कोटेशन** दिनांक 15-09-2023

मनरेगा/ पंचम राज्य वित्त/15 वां वित्त/SLWM योजनाअन्तर्गत ग्राम पंचायत **महोरी रीवा** विकास खण्ड करछना में अद्योलिखित कार्यो के आगणन/प्राक्लन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति भाड़ा सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 16-09-2023 से दिनांक 30-09-2023 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं । नियम व शर्ते किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है , तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 01-10-2023 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेण्डर /कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 01-10-2023 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नांकित कार्य पर पर जिस-जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है। उत्तर प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा, जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा, साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा। उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा। उस भुगतान पर भी उक्त नियम व शर्ते लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य में उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु यथोचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | संख्या | योजना | अनुमानित लागत | सामग्री अंश आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सामुदायिक एवं संस्थागत खाद गड्ढा | 7 नग | SLWM | 15575.00 | 2 माह |
| 2. | सामुदायिक नाडेप पिट | 2 नग | SLWM | 27000.00 | 2 माह |
| 3. | सामुदायिक वर्मी कम्पोस्ट | 2 नग | SLWM | 115600.00 | 2 माह |
| 4. | कचरा वाहन | 1 नग | SLWM | 160000.00 | 2 माह |
| 5. | एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंध केन्द्र | 2 नग | SLWM | 650000.00 | 2 माह |
| 6. | सामुदायिक एवं संस्थागत इंसुलेटर | 1 नग | SLWM | 14500.00 | 2 माह |
| 7. | सामुदायिक एवं संस्थाओं हेतु सोकपिट | 7 नग | SLWM | 104650.00 | 2 माह |
| 8. | फिल्टर चैम्बर | 2 नग | SLWM | 48000.00 | 2 माह |
| 9. | हैण्डपम्प पर सोकपिट | 16 नग | SLWM | 239200.00 | 2 माह |
| 10. | आर0आर0सी0 सेन्टर | 1 नग | SLWM | 600000.00 | 2 माह |

**राज कुमार पटेल**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत महोरी रीवा**
**वि0 ख0 करछना प्रयागराज**

**इन्द्र कुमार यादव**
**सचिव**
**ग्राम पंचायत महोरी रीवा**
**वि0 ख0 करछना प्रयागराज**

# अधिवक्ताओं के विरोध प्रदर्शन को कांग्रेस पार्टी ने दिया समर्थन

### हापुड़ में अधिवक्ताओं पर लाठी चार्ज की कांग्रेस ने की निंदा

**अखंड भारत संदेश**



अधिवक्ताओं को समर्थन पत्र देते कांग्रेस जिलाध्यक्ष डा0 लालजी त्रिपाठी।

**प्रतापगढ़।** हापुड़ में अधिवक्ताओं पर हुए लाठी चार्ज के मामले में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने अधिवक्ताओं के समर्थन में समर्थन पत्र जारी करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश के अधिवक्ताओं की जायज मांगों का कांग्रेस पार्टी पूर्ण समर्थन करती है। प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय के निर्देश पर आज जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ0 लालजी त्रिपाठी, नगर अध्यक्ष इरफान अली, कांग्रेस विधि प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष एडवोकेट मकरंद शुक्ला ने प्रतापगढ़ के तीनों बार क्रमशः जूनियर बार एसोसिएशन (पुरातन) के अध्यक्ष एडवोकेट इंदुभाल मिश्रा, महामंत्री एडवोकेट संतोष नारायण मिश्रा, वकील परिषद के अध्यक्ष एडवोकेट सूर्य प्रकाश मिश्र निराला, महामंत्री एडवोकेट सुरेश चन्द्र मिश्रा, जिला बार के अध्यक्ष एडवोकेट ओम प्रकाश सिंह, महामंत्री एडवोकेट विजय पाल सिंह को समर्थन पत्र दिए।

जिलाध्यक्ष डॉ.लालजी त्रिपाठी एवम कांग्रेस विधि प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मकरंद शुक्ला ने संयुक्त रूप से कहा कि उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय के निर्देश पर प्रतापगढ़ जनपद के कचेहरी में तीनों बार को यह समर्थन पत्र इस आशय से सौंपा जा रहा है कि उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अधिवक्ताओं की लड़ाई/मांगों में आपके साथ हमेशा खड़ी रहेगी। नगर अध्यक्ष एडवोकेट इरफान अली ने कहा कि भाजपा सरकार में अधिवक्ता साथियों पर जिस बर्बरता से लाठी चार्ज किया गया वो निन्दनीय है इसकी कठोर शब्दों में निंदा करते हैं। पी सी सी सदस्य डॉ. प्रशान्त देव शुक्ला ने कहा कि राजस्थान में कांग्रेस सरकार ने एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करके अधिवक्ता हित में एक ठोस कदम उठाया है। समर्थन पत्र देने में मुख्य रूप से कोषाध्यक्ष/कार्यालय प्रभारी वेदान्त तिवारी, जूनियर बार के पूर्व अध्यक्ष विजय शंकर त्रिपाठी, पृथ्वी राज गौतम, विश्वास सिंह, बेलाल, एडवोकेट मासूम हैदर आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# गैंगरेप के दो आरोपी गये जेल, तीसरे की गिरफ्तारी नहीं होने से दहशत में आये पीड़ित परिवार

### सप्ताह भर पहले बाजार जा रही किशोरी का अपहरण कर की गयी वारदात

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** किशोरी से गैंग रेप के दो आरोपियों को जेल भेजते हुए पुलिस फरार आरोपी की तलाश में दबिश दे रही है। हालांकि आरोपी अभी पुलिस के शिकंजे से दूर है। आरोपी की गिरफ्तारी नही होने से किशोरी व उसके परिजनों में भय का माहौल बना है।

लालगंज कोतवाली के एक गांव में सप्ताह भर पहले रामपुर बावली बाजार जा रही एक किशोरी का अपहरण कर लिया गया था। अपहरण के बाद किशोरी के साथ पांच आरोपियों ने गैंगरेप किया। दरिन्दों के शिकंजे से किसी तरह निकली किशोरी अपने घर पहुंची और परिजनों को आपबीती बतायी।

जिसके बाद तीन नामजद व दो अज्ञात आरोपियों के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म व पास्को एक्ट का केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने रामपुर बावली निवासी आरोपी नाबिद पुत्र इस्माइल व एक बाल अपचारी को दुष्कर्म के आरोप में जेल भेज दिया। लेकिन सामूहिक दुष्कर्म में नामजद तीसरा आरोपी अभी तक गिरफ्तार नही हो सका है। आरोपी की गिरफ्तारी नही होने से गैंगरेप पीडिता व परिजनों में दहशत का माहौल बना हुआ है। बताया जाता है कि मुकदमा दर्ज कराने के बाद किशोरी पर अज्ञात लोगों ने जानलेवा हमला भी किया। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई है। कोतवाल अवन कुमार दीक्षित ने बताया कि पुलिस की टीमें तलाश मे लगायी गयी हैं, नामजद तीसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर शीघ्र जेल भेजा जाएगा।

# मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम में महिलाएं हैं सक्रिय

### भाजपा महिला मोर्चा ने रुपापुर वार्ड में आयोजित किया कार्यक्रम



बलिदानियों के सम्मान में अक्षत एकत्र करती भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारी।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** भारतीय महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष रुचि केसरवानी की अध्यक्षता में नगर मण्डल रुपापुर वार्ड में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से प्रेरित अमृत महोत्सव के अन्तर्गत मेरा माटी मेरा देष कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें महिला मोर्चा की पदाधिकारियों ने घर-घर सम्पर्क करके बलिदानियों के सम्मान में अक्षत एकत्र किया।

इस मौके पर महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष रुचि केसरवानी व मीडिया प्रभारी सारिका श्रीवास्तव ने कहा कि इस कार्यक्रम में आम महिलाओं का भारी सहयोग मिला है। भाजपा के निर्देष पर चलाये जा रहे मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत है। इसमें महिलाएं ज्यादा रुचि से कार्य कर रही हैं। कार्यक्रम में प्रतिभा श्रीवास्तव, खुशबू गुप्ता व शुभना का सक्रिय सहयोग रहा।

# आशीष श्रीवास्तव बने प्रतापगढ़ के नये भाजपा अध्यक्ष, भाजयुमो ने किया स्वागत



नये भाजपा अध्यक्ष का स्वागत करते भाजयुमो पदाधिकारी।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ में भी भाजपा अध्यक्ष को पार्टी ने बदल दिया है। भाजपा जिला मंत्री रहे आशीष श्रीवास्तव को भाजपा का नया जिलाध्यक्ष बनाया गया है। वह अब हरिओम मिश्रा का स्थान लेंगे। जो 2019 से अब तक जिलाध्यक्ष रहे, उनके स्थान पर आषीष श्रीवास्तव को जिलाध्यक्ष बनाया गया है।

आशीष श्रीवास्तव प्रतापगढ़ शहर के पल्टन बाजार के निवासी हैं। वह सुल्तानपुर में एक इंटर कालेज में गणित के प्रवक्ता भी हैं। उनके मनोनयन से गांव में खुशी है। आज भारतीय जनता युवा मोर्चा ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव का स्वागत किया। बता दें कि जिलाध्यक्ष की लाइन में कई वरिष्ठ नेता लगे थे लेकिन आषीष श्रीवास्तव के मनोनयन से सब पर विराम लग गया है। अब भारतीय जनता पार्टी की जिले की कमान आषीष श्रीवास्तव के हाथों में रहेगी। आगामी लोक सभा चुनाव के पहले भारतीय जनता पार्टी ने बडे. स्तर पर जिलाध्यक्ष बदले हैं जिसमें प्रतापगढ़ भी शामिल है।

### आशीष के जिलाध्यक्ष बनने पर कायस्थ समाज ने भाजपा का जताया आभार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** आशीष श्रीवास्तव के भाजपा जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर जनपद के अखिल भारतीय कायस्थ महासभा, कायस्थ वाहिनी, चित्रगुप्त महासभा, अखिल कायस्थ महिला प्रकोष्ठ आदि कायस्थ संगठनों ने हर्ष व्यक्त किया और कहा कि निश्चित रूप से भाजपा ने एक जमीनी स्तर के कार्यकर्ता को पद देकर जनपद के कार्यकताओं का मनोबल बढ़ाया है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संतोष खरे, गोकुलनाथ श्रीवास्तव, आशीष खरे, डॉ ए के कुलश्रेठ, संजय श्रीवास्तव, डॉ रवि श्रीवास्तव, डॉ अतुल श्रीवास्तव, अमितेंद्र श्रीवास्तव, डॉ क्षितिज कुमार श्रीवास्तव, अमिताभ श्रीवास्तव, सारिका श्रीवास्तव, कमला श्रीवास्तव, रागिनी श्रीवास्तव, अंजली श्रीवास्तव, विशाखा श्रीवास्तव, रीता श्रीवास्तव, दीपक श्रीवास्तव, विश्व दीपक श्रीवास्तव, डॉ डी सहाय, अरविन्द श्रीवास्तव, कुशाग्र श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद रहे।

## प्रशांत शुक्ल की स्मृति में आज से होगा फुटबॉल टूनार्मेंट

### जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में कई जनपदों की टीमें होंगी शामिल

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** खिलाड़ी एवं समाजसेवी स्वर्गीय प्रशांत कुमार शुक्ल की स्मृति में जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम प्रतापगढ़ में दो दिवसीय फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। प्रतियोगिता 16 एवं 17 सितंबर को होगी। प्रतियोगिता में स्थानीय टीमों के अलावा प्रयागराज, कौशांबी एवं मऊआइमा की कुल 8 टीमें प्रतिभाग करेंगी। यह जानकारी देते हुए आयोजन समिति के सदस्य प्रशांत देव शुक्ल एवं हरीश सिंह ने बताया कि चारों क्वार्टर फाइनल मैच 16 सितंबर को खेले जाएंगे। 17 सितंबर को सेमीफाइनल एवं फाइनल मैच होगा। समिति के संरक्षक अनिल कुमार शुक्ल ने बताया कि प्रतियोगिता में 18 वर्ष तक के ही खिलाड़ी प्रतिभाग कर सकेंगे। सभी खिलाड़ियों को आयोजन समिति के समक्ष अपना मूल आधार कार्ड अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करना होगा तथा उसकी एक छाया प्रति जमा करनी होगी। स्टेडियम के फुटबॉल कोच बुद्ध प्रकाश, पप्पू (रमेश जानी), अखिलेश प्रताप सिंह एवं मोहम्मद सुफैल प्रतियोगिता के निर्णायक होंगे।

## तोड़फोड़ व सीमेण्ट उठा ले जाने में प्रधानपति समेत अज्ञात के खिलाफ केस

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लीलापुर थाना क्षेत्र के शमसेरगंज निवासी श्याम लाल चैरसिया की पत्नी शीला चैरसिया ने पुलिस को दिये गये शिकायती पत्र में कहा है कि चुनावी रंजिश के चलते प्रधानपति सुभाष जायसवाल पांच अगस्त की रात अज्ञात लोगों के साथ उसके पटटे की जमीन पर बना पिलर व टिन शेड ढहा दिया। यहां रखी चारपाई तोड दी और दस बोरी सीमेण्ट उठा ले गया। पीड़िता की शिकायत पर आरोपी प्रधानपति समेत अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। एसओ सुभाष यादव ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## महिला की पिटाई में दो आरोपियों के खिलाफ दलित उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लालगंज कोतवाली के हेमराज का पुरवा रामगढ़ खास निवासी राजकुमार की पत्नी राजकुमारी ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती चार सितंबर को रंजिश के चलते गांव के लक्ष्मी नारायण व रामकृष्ण पुत्रगण शिवहर्ष शुक्ला ने रंजिश के चलते जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गालियां दी और लाठी डंडों से मारापीटा। आरोपियों ने उसे जान से मार डालने की धमकी भी दी है। पीडिता की शिकायत पर सीओ रामसूरत सोनकर ने कोतवाली पुलिस को मुकदमा दर्ज करने का निर्देश दिया। जिसके आधार पर कोतवाली पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मारपीट व एससीएसटी एक्ट के आरोप में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### पति व पत्नी की पिटाई में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लालगंज कोतवाली के रामपुर बावली पूरे चोपसिंह निवासी बबलू सरोज की पत्नी कविता सरोज ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती दस सितंबर को जांगरा पूरे जोधा निवासी अमरेश सरोज ने दरवाजे पर चढ़कर उसकी पिटाई कर दी। बीचबचाव करने पर पति बबलू सरोज को भी मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। पीडिता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। कोतवाल अवन दीक्षित ने बताया कि शिकायत पर केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# व्यापारियों के लिये जीएसटी रजिस्ट्रेशन का लगा निःशुल्क कैम्प

### व्यापार मण्डल के व्यापारियों को दी गई जानकारी

**अखंड भारत संदेश**



जीएसटी रजिस्ट्रेशन के कैम्प का फीता काटकर उद्घाटन करते अतिथिगण

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी के अध्यक्षता में वाणिज्य कर डिप्टी कमिश्नर राम भवन, राज्य कर अधिकारी संदीप मिश्रा, सहायक अधिकारी दिव्या तिवारी व उनके अन्य सहायक कर्मचारी सुशील बाबू, सुरेश बाबू, हरिकेश बाबू के साथ एक मैरिज हॉल में शासनादेशानुसार जीएसटी रजिस्ट्रेशन का निशुल्क-कैंप लगाया गया। आयोजन का संचालन जिला महामंत्री संजय सोनी ने किया।

जीएसटी निःशुल्क कैंप का शुभारम्भ डिप्टी कमिश्नर राम भवन जी ने फीता काट कर किया। कैंप में डिप्टी कमिश्नर व अन्य अधिकारियों ने समस्त व्यवसायियों को जीएसटी रजिस्ट्रेशन कराने से होने वाले सभी फायदे और विभिन्न सरकारी योजनाओं से अवगत कराया। इस दौरान जिलाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार केसरवानी ने डिप्टी कमिश्नर सहित उपस्थित समस्त अधिकारियों और व्यापार मण्डल के सभी पदाधिकारियों व व्यापारियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कैम्प में आए हुए कई व्यापारियों ने जीएसटी रजिस्ट्रेशन के लिए आवेदन किया एवं कुछ व्यापारियों के विभागीय समस्यायों का निदान हुआ। इस मौके पर अभय खंडेलवाल, इंद्रदेव तिवारी, सुरेश चन्द्र केसरवानी, सरदार महेन्द्र सिंह, प्रमोद केसरवानी, सुनील जायसवाल, राहुल केसरवानी, सुधीर केसरवानी, पंकज केसरवानी, सरदार कुलविंदर सिंह, अख़्तर राइन, अशोक केसरवानी, दिनेश केसरवानी, शकील अख़्तर, पवन सर्राफ, मनीष केसरवानी गुंजन, केसरीलाल मौर्या, प्रदीप यादव, राजू खंडेलवाल, सचिन केसरवानी, नरेन्द्र गौतम, राजेश सोनी, शेख खदान, राजेंद्र कुमार गाजी, प्रकाश केसरवानी, स्वप्निल जायसवाल, दीपक केसरवानी दीपू, मनोज कुमार, आशीष सिंह, चन्द्र भान सिंह, दिलीप कुमार, शीतला प्रसाद, मेवालाल केसरवानी, मुन्नालाल गुप्ता व अश्वनी केसरवानी आदि अन्य अनेक व्यापारीगण उपस्थित रहे।



राजमार्ग पर गिरे पेड़ को हटाते ग्रामीण।

## राजमार्ग पर गिरा विशालकाय पेड़, राजमार्ग एक घंटे तक रहा अवरुद्ध

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़-प्रयागराज राजमार्ग पर कुसुमी मोड़ के आगे आज एक विषालकाय पेड़ राजमार्ग पर गिर पड़ा जिससे लगभग एक घंटे तक प्रतापगढ़-प्रयागराज मार्ग अवरुद्ध रहा। दिन में लगभग दो बजे हुई पेड़ गिरने की घटना के बाद भंगवा चुंगी से वाहन प्रयागराज की ओर नहीं जाने पा रहे थे। पुलिस उन्हें कटरा रोड से होकर भुपियामऊ भेज रही थी। इसी प्रकार भुपियामऊ से प्रतापगढ़ की तरफ वाहन नहीं आ पा रहे थे। यह स्थिति लगभग एक घंटे तक बनी रही। बाद में पुलिस के सहयोग से पेड़ को काटकर किसी तरह अलग कर रास्ता साफ किया गया। अपरान्ह तीन बजे प्रयागराज-प्रतापगढ़ का राजमार्ग बहाल हो सका।

# प्रतियोगिता के विजेताओं को किया गया सम्मानित

### हिन्दी दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

**अखंड भारत संदेश**



विजेता को प्रमाण पत्र देते अतिथि।

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालाकांकर के दिव्य ज्योति सेवा संस्थान कालाकांकर प्रतापगढ़ द्वारा राष्ट्रीय हिन्दी दिवस के अवसर पर अवधेषपुरम् (ऐंठू) में राजभाषा हिन्दी के प्रचार-प्रसार हेतु विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

दिव्य ज्योति सेवा संस्थान के अध्यक्ष डॉ रणजीत सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि 14 सितम्बर, 1949 को देश की संविधान सभा ने सर्वसम्मति से हिन्दी को राजभाषा के रूप में अपनाया था और इसलिए प्रत्येक वर्ष 14 सितम्बर को हिन्दी दिवस तथा 14-29 सितम्बर तक हिन्दी पखवारा मनाया जाता है। इस हिन्दी पखवारा के दौरान राजभाषा हिन्दी के प्रचार-प्रसार के लिए सरकारी विभागों में हिन्दी में काम-काज करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।विद्यालयों में विद्यार्थियों के अन्दर राजभाषा हिन्दी के प्रति रूचि उत्पन्न करने तथा उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए निबन्ध प्रतियोगिता, पत्र लेखन, सुलेख, आलेख तथा वाद-विवाद प्रतियोगितायें आयोजित की जाती हैं। इस अवसर पर निबन्ध प्रतियोगिता तथा पत्र लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में बॉदा कृषि विश्वविद्यालय छात्र जो की ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव के तहत आए हुए हैं तथा अन्य इच्छुक व्यक्तियों ने भाग लिया। निबन्ध प्रतियोगिता में अनुराग कुमार उपाध्याय ने प्रथम, रिषभ सिंह ने द्वितीय, अंकित कुमार यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा पत्र लेखन में सत्यम यादव, विकास पटेल तथा विपिन कुमार ने क्रमषः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया।

प्रतियोगिता के विजेताओं को दिव्य ज्योति सेवा संस्थान के अध्यक्ष डॉ रणजीत सिंह ने प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया साथ ही साथ हिन्दी भाषा का अधिकाधिक प्रयोग करने की शपथ दिलाई।

# ईको स्पोर्ट कार के साथ तीन लोग गिरफ्तार, तीन अवैध तमंचा व कारतूस बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में जनपद के थाना मान्धाता के व0उ0नि0 भृगुनाथ मिश्रा व उ0नि0 ब्रम्हदेव यादव, उ0नि0 राजेश कुमार मय हमराह क्षेत्र में देखभाल व वाहन चेकिंग कर रहे थे।

इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर थानाक्षेत्र मान्धाता के सराय मुरार सिंह तिराहा के पास से सफेद रंग ईको स्पोर्ट कार सवार तीन लोग रणजीत सिंह पुत्र स्व0 धर्मराज सिंह नि0ग्राम अकोढ़िया थाना मान्धता जनपद प्रतापगढ़, राजवीर सिंह उर्फ तेजा पुत्र विनोद सिंह नि0ग्राम गाजीपुर थाना मान्धाता जनपद प्रतापगढ़ व शैलेश मिश्रा उर्फ सूर्या पुत्र काशी प्रसाद मिश्रा नि0ग्राम गाजीपुर मंगियाही थाना मान्धाता जनपद प्रतापगढ़ के पास तीन अदद अवैध तमन्चा 315 बोर व 06 जिन्दा कारतूस 315 बोर व एक अदद ईको स्पोर्ट कार बरामद किया गया। उक्त बरामदगी के संबंध में क्रमशः थाना मान्धाता में मु0अ0सं0 185/2023 व 186/2023 व 187/2023 धारा 3/25 आयुध अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया। ईको स्पोर्ट कार को धारा 207 एमवी एक्ट में सीज किया गया। पुलिस टीम में व0उ0नि0 भृगुनाथ मिश्रा व उ0नि0 ब्रम्हदेव यादव, उ0नि0 राजेश कुमार मय हमराह थाना मान्धाता जनपद प्रतापगढ़ शामिल रहे।

## वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिले के थाना कोतवाली नगर के उ0नि0 सतीश कुमार यादव मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान अ0सं0 288/2017 धारा 452, 323, 307 भादवि थाना कोतवाली नगर जनपद प्रतापगढ़ से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त बोचा सोनी उर्फ राजू सोनी पुत्र स्व0 पंचू सोनी निवासी पल्टन बाजार थाना कोतवाली नगर, जनपद प्रतापगढ़. को थाना क्षेत्र के राजापाल टंकी चौराहा के पास से गिरफ्तार किया गया।

## पाक्सो एक्ट का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में थाना कुण्डा के प्रभारी निरीक्षक कमलेश कुमार पाल मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त/विवेचना के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 322/2023 धारा 366ए, 376(3) 506 भादवि व धारा 3/4 पाक्सो एक्ट व धारा 3(1) से संबंधित वांछित अभियुक्त धीरेन्द्र यादव पुत्र बृजलाल नि0ग्राम ग्यासपुर मौली थाना कुण्डा जनपद प्रतापगढ़ को थानाक्षेत्र कुण्डा के बेंती बाईपास के पास से गिरफ्तार किया गया।

## हादसे में घायल महिला की इलाज के दौरान मौत

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लालगंज कोतवाली के पहिलेपार डिहवा निवासी पारसनाथ सरोज के पुत्र अरूण कुमार ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती चार सितंबर को नया पुरवा पेट्रोल पम्प के पास अज्ञात बाइक सवार ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उसकी पत्नी सरिता सरोज को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में घायल महिला की उपचार के दौरान बाद में मौत हो गयी। पति की शिकायत पर अज्ञात चालक के खिलाफ शुक्रवार को कोतवाली में गैरइरादतन हत्या के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। कोतवाल अवन दीक्षित ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आरोपी बाइक सवार की तलाश की जा रही है।

# जहरीला पदार्थ खाने से युवक की हुई मौत, परिजनों में मचा हाहाकार

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** संदिग्ध परिस्थिति में जहरीला पदार्थ खाने से युवक की मौत हो गयी। हालत बिगडने पर पत्नी उसे परिजनों के साथ अस्पताल ले गयी। यहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

सांगीपुर थाना क्षेत्र के कटरा बूबूपुर निवासी छब्बीस वर्षीय सूरज सिंह पुत्र इन्द्रपाल गुरूवार की रात घर के भीतर ही जहरीला पदार्थ निगल लिया। हालत बिगडने पर पत्नी ने पूछा तो उसने जहर निगलने की बात बतायी। यह सुनते ही परिजनों के होश उड़ गये। आननफानन मे उसे रात दस बजे सांगीपुर सीएचसी ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के चार वर्ष का एक पुत्र भी है। वह दो भाईयों में छोटा था और घर में ही रहकर कामकाज में हाथ बंटाता था। सांगीपुर पुलिस के मुताबिक युवक की मौत जहरीला पदार्थ खाने से हुई है। परिजनों से पूछताछ में घटना की वजह साफ नही हो पायी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## जूनियर बार एसोसिएशन के चुनाव कार्यक्रम की हुई घोषणा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जूनियर बार एसोसिएशन पुरातन प्रतापगढ़ कार्यालय पर जूनियर बार एल्डर कमेटी, न्यासी मंडल व पूर्व अध्यक्षगण सहित वर्तमान अध्यक्ष/महामंत्री की संयुक्त मीटिंग हुई। बैठक की अध्यक्षता एल्डर कमेटी अध्यक्ष देवनारायण शुक्ला ने किया। बैठक में जूनियर बार एसोसिएशन पुरातन प्रतापगढ़ के वर्ष 2023-24 चुनाव कार्यक्रम पर चर्चा हुई एवं सहमति बनी। सर्वसम्मति पर एल्डर कमेटी अध्यक्ष देवनारायण शुक्ल द्वारा चुनाव वर्ष 2023-24 के चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की गई जिसमें नामांकन तिथि 19 व 20 सितम्बर, नामांकन पत्रों की जांच 21 सितम्बर, नामांकन पत्रों की वापसी 22 सितम्बर को होगी। मतदान 9 अक्टूबर को होगा। मतगणना 10 अक्टूबर को होगी।

# तीन दलितों की हत्या से दहला कौशाम्बी

## फायरिंग करते हुए हमलावर हुए फरार, घटना में तहसीलदार पुलिस सहित कई ग्रामीण लहूलुहान

अखंड भारत संदेश





**कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र का मोहिउद्दीनपुर गांव के पांडा चौराहा शुक्रवार की सुबह गोलियों की तड़तड़ाहट से गूंज उठा गहरी नींद में सो रहे लोग गोलियों की तड़तड़ाहट की आवाज सुनकर जाग गए और घटना स्थल पर पहुंचे देखते-देखते हमलावरो ने तीन लोगों की हत्या कर दी भीड़ बढ़ती देख हमलावर ग्रामीणों के बीच फायरिंग करते हुए फरार हो गए एक साथ तीन लोगों की हत्या किए जाने की जानकारी मिलते ही इलाके में दहशत फैल गई और कई गांव के आक्रोशित लोग घटनास्थल पर एकत्रित हो गए मामले की सूचना पाते ही कई थाने की फोर्स लेकर मौके पर पुलिस अधीक्षक पहुंचे जानकारी मिलने के बाद अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज पुलिस निरीक्षक प्रयागराज मंडल आयुक्त प्रयागराज जिला अधिकारी कौशांबी सहित तमाम अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए मौके पर एकत्रित भीड़ के आक्रोश को शांत करने में पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी बीच-बीच में आक्रोशित लोगों द्वारा पुलिस फोर्स पर ईट पत्थर भी फेक जा रहे थे जिससे तहसीलदार और कुछ पुलिस कर्मी चोटाहिल हो गए हैं पुलिस ने तीनों शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है एक साथ तीन लोगों की हत्या के मामले में थाना पुलिस की गतिविधियों पर सवाल खड़े हो गए हैं। जानकारी के मुताबिक संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मोहिद्दीन पुर गांव के पांडा चौराहा निवासी होरीलाल उम्र 56 वर्ष पुत्र श्री नाथ पासी के दामाद शिवशरण पुत्र राम बहादुर उम्र 30 वर्ष ने गांव में जमीन खरीदी है जिस पर दबंग कब्जा नहीं करने दे रहे हैं इस मामले को लेकर कई वर्षों से शिव शरण अपने ससुर के साथ पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों का चक्कर काट रहा है इसी मामले को लेकर गांव के दूसरे पक्ष से विवाद चल रहा था बुधवार की सुबह

होरीलाल उम्र 56 वर्ष पुत्र श्री नाथ पासी उनका दामाद शिवशरण उम्र 28 वर्ष पुत्र राम बहादुर वा होरी लाल की बेटी बृजकली उम्र 25 वर्ष पत्नी शिव शरण पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर मौत के घाट उतार दिया गया है मौके पर तीनों की मौत हो गई है एक साथ तीन लोगों की हत्या के बाद चारों ओर खून बिखर गया पूरे गांव में दहशत का माहौल व्याप्त हो गया तीन लोगों की हत्या करने के बाद हमलावरों ने गांव के रामबाबू और पप्पू पाल को भी गोली मार दिए जिससे वह भी लहूलुहान हो गए है इस हमले में भैयन और अनूप सिंह भी लहूलुहान हुए है।

## योगी राज में तीन दलितों की हत्या सरकार की नाकामी का प्रतीक

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाने के मोहद्दीन पुर गांव में तीन दलित की हत्या की घटना की जानकारी मिलने पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व प्रत्याशी रवि प्रकाश राघवेंद्र पासी दलितों के घर जाकर उनसे मिले और उन्हें सांत्वना दी इस मौके पर उन्होंने कहा कि तीन दलित की हत्या के बाद योगी सरकार के कानून व्यवस्था की धज्जियाँ उड़ गई है अपराध से आम जनता दहल रही है प्रदेश में कोई सुरक्षित नहीं है और योगी सरकार बड़ी-बड़ी बात कर रही है मीडिया अधिकारियों से बात कर उन्होंने न्यायपूर्ण कार्यवाही की मांग की उन्होंने कहा कि हत्यारो की तत्काल पुलिस गिरफ्तार करे यदि हत्यारो की गिरफ्तारी नही हुई तो कांग्रेस पार्टी दलितों को न्याय दिलाने के लिए बड़े आंदोलन को विवश होगी उन्होंने कहा कि जिस प्रकार जमीनी विवाद को लेकर शुक्रवार को एक घर में तीन दलित की हत्या हो गई यह घटना उत्तर प्रदेश सरकार को शर्म सार करती है उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री की चेतावनी की तीन हत्यायो ने पोल खोल दी है गुंडे या तो जेल में है या तो प्रदेश छोड़ दिए हैं मुख्यमंत्री के इस फामूर्ले की धज्जियाँ कौशाम्बी में उड़ती दिख रही है आज कौशांबी में हुई तीन दलित को हत्या ने यह साबित कर दिया है कि माफिया अब भी कौशांबी की धरती में विराजमान है और योगीराज में कोई भी सुरक्षित नहीं है।

## तीन लोगों की हत्या की जानकारी मिलते ही उमड़ पड़ा हुजूम

**कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र में शुक्रवार की सुबह दलित परिवार के तीन लोगों की बेरहमी से हत्या किए जाने की जानकारी मिलने के बाद घटनास्थल पर आसपास क्षेत्र का हुजूम उमड़ पड़ा है हर जुबान पर थाना पुलिस दोषी थी लोगों का आक्रोश जबरदस्त था भीड़ के बीच कुछ दलाल भी मौजूद थे जिन पर 3 लाख रुपए लेने का आरोप भी भीड़ के लोग लगा रहे थे दलाल टाइप के लोगों ने पुलिस पर कुछ पत्थर फेंक कर मामले में नया रूप देकर मृतक परिजनों पर जहां क्रास केस कराने की रणनीति बनाई है वही इस क्रास केस की आड़ में हत्यारों को लाभ देने का प्रयास शुरू हो गया है जिससे आगे हत्यारो को लाभ मिल सके तीन लोगों की एक साथ हत्या के बाद रिश्तेदार परिवार के लोग दहाड़ मार कर रो रहे थे वह तो दुख से



टूट चुके थे उनके अंदर कहां साहस था कि वह पुलिस पर ईट पत्थर बरसाते लेकिन इस मामले में भी थाना पुलिस नया रूप देने के जुगाड़ में लगी है।

## आईजी ने कहा जैसे सूचना मिली सारे लोग मौके पर मौजूद हैं

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** दलित परिवार के तीन लोगों की हत्या के बाद मौके में पहुंचे आईजी ने कहा कि जैसे ही सूचना मिली है सारे लोग मौके पर मौजूद हैं लेकिन अभी तक यह अफसर कहां थे। दलित अफसर के चौखट पर न्याय मांग रहा था शायद समय रहते दलित को अफसर न्याय दे देते तो उसकी हत्या न होती लेकिन अभी तक यह अफसर कहां थे आईजी ने दलित परिवार से कहा है कि जो दोषी होगा सुनिश्चित कार्यवाही होगी लेकिन यह तो अफसरो का रटा रटाया जवाब है।



### बचे लोगों को कौन देगा सुरक्षा !

**कौशांबी।** दलित परिवार के तीन लोगों की एक साथ हत्या किए जाने के बाद कानून व्यवस्था पर सवाल खड़ा हो गया है कि जब जिंदा रहते दलित को अफसर न्याय नहीं दे सके तो तीन लोगों की हत्या के बाद घर में बचे लोगों की सुरक्षा कैसे होगी कानून की लंबी लड़ाई के बाद उन्हें कानून से न्याय कैसे मिलेगा।

## संदीपन घाट थाना पुलिस पर लगा हत्या कराने का आरोप

**कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र में शुक्रवार की सुबह दलित परिवार के तीन लोगों की हत्या के बाद भीड़ में साफ तौर पर संदीपन घाट थाना पुलिस पर हत्या कराने का आरोप लगाया है लेकिन उसके बाद भी मौके पर पहुंचे अफसरो ने थाना पुलिस पर कठोर कार्यवाही निलंबन करते हुए बिभागीय जांच कराए जाने का आदेश नहीं दिया है सच्चाई यही है कि पहले थाना पुलिस सचेत हो जाती तो तीन दलितों की हत्या न होती लेकिन थाना पुलिस तो चंद्र रुपयों के लालच में बिक जाती थी।

### आसानी से लोगों को उपलब्ध होता रहा तमंचा

**कौशांबी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र में तीन दलित लोगों की हत्या करने वाले हत्यारों को तमंचा कहा से मिले हैं तमंचा फैक्ट्री कहां संचालित होती है तमंचा की सप्लाई करने वाला कौन है यह बड़ी जांच का विषय है यदि तमंचा फैक्ट्री का संचालन बंद हो जाता तमंचा सप्लाई करने वाले लोगों पर पुलिस ने कार्यवाही कर दी होती तो हत्यारो को तमंचा ना मिलता और निर्दोष तीन दलित की हत्या न होती लेकिन तमंचा की बिक्री करने वाले लोगों पर थाना पुलिस कार्यवाही नहीं कर सकी और आसानी से लोगों को तमंचा उपलब्ध होता रहा जिसका नतीजा संदीपन घाट थाना क्षेत्र में शुक्रवार की सुबह देखने को मिला है।

## न्याय मांगने वालो की हत्या के बाद उसके घर पर लगा अफसरों का जमावड़ा

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** दलित परिवार न्याय मांगने के लिए किस अफसर की चौखट पर फरियाद नहीं की जिले में डीएम एसपी से लेकर के मंडल में कमिश्नर एडीजी आईजी की चौखट पर दलित ने फरियाद की लेकिन न्याय के बदले मौत मिल गई लेकिन उसे न्याय नहीं मिल सका थाना दिवस से लेकर तहसील समाधान दिवस में फरियाद करते-करते दलित परिवार निराश नहीं हुआ गुणवत्ता पूर्ण त्वरित न्याय कर निस्तारण करने का निर्देश अफसर देते रह गए लेकिन न्याय मांगने वाले परिवार की हत्या कर दी गई अफसर दलित परिवार की मदद नहीं कर सके और हत्या होने के बाद दलित परिवार के घर पर कमिश्नर डीएम आईजी एडीजी एसपी सहित तमाम अफसरो का जमावड़ा लग गया।

## कुछ समय की तैनाती में करोड़ों का मालिक बना सिपाही!

### लाखों रुपया महीना किसके संरक्षण में वसूली कर रहा है कनैली पुलिस चौकी का चर्चित सिपाही

**कौशांबी।** सराय अकिल कोतवाली क्षेत्र की कनैली पुलिस चौकी का एक चर्चित सिपाही संगठित अपराध के धंधे से जुड़े माफियाओं से लाखों रुपए महीना की अवैध वसूली कर रहा है बताया जाता है कि इलाके में अवैध तरीके से गांजा और चरस की बिक्री के धंधे में लगे लोगों से उक्त चर्चित सिपाही के गहरे रिश्ते हैं इलाके में बेखौफ तरीके से गांजा और चरस के धंधे फल फूल रहे हैं शराब की कई दर्जन भट्ठियों से सिपाही 3000 महीने की प्रति भट्ठी से अवैध वसूली करने में बेखौफ तरीके से मशगूल है बिना रजिस्ट्रेशन के सड़को पर दौड़ रही सैकड़ो ओवरलोड बालू वाहनों से पूरी रात चर्चित सिपाही के जरिए चौकी पुलिस वसूली करवाती है सवाल उठता है कि योगी सरकार भ्रष्टाचार मुक्त सरकार की बात कर रही है और सिपाही अवैध में मशगूल है आखिर किसके संरक्षण में चर्चित सिपाही की वसूली बेखौफ तरीके से जारी है इस पर रोक लगाने का अभी तक प्रयास नहीं हुआ है जिससे सिपाही का मनोबल बढ़ा हुआ है चचाओं पर जाए तो सिपाही ने कुछ समय मे अकूत संपत्ति अर्जित की है पारिवारिक जनों के नाम मकान जमीन जेवरात लग्जरी कार खरीदी गई है आलीशान बंगला बन गए हैं मोटा बैंक बैलेंस का सिपाही मालिक बन चुका है जिसकी उच्च स्तरीय जांच कराई गई तो भ्रष्टाचार में लिप्त सिपाही का जेल जाना तय है लेकिन योगी सरकार में भ्रष्टाचार मुक्त की बात कर करोड़ों रुपए की अवैध रसूली करने वाले सिपाही के कारनामों की पुलिस अफसर जांच कर वसूली में लिप्त सिपाही को बेनकाब करते हुए उसे जेल भेजेंगे या फिर भ्रष्टाचार मुक्त की बातें सिर्फ बयान बाजी तक सीमित रह जायेगी।

### राधे कोडर के मकान सम्पत्ति की नीलामी 23 सितम्बर को तहसील सिराथू में

**कौशाम्बी।** उप जिला मजिस्ट्रेट सिराथू ने अवगत कराया है कि न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश एफ0टी0सी0 प्रतापगढ़ द्वारा क्रिमनल अपील संख्या-276/2011 उमेश कुमार मिश्रा बनाम उ0प्र0 पारित आदेश के माध्यम से सम्बन्धित अभियुक्त उमेश कुमार मिश्रा पुत्र राधेश्याम मिश्रा उर्फ राधे महराज निवासी-पश्चिमी कोडर कैनी थाना-मंझनपुर के मकान सम्पत्ति की नीलामी प्रक्रिया पूर्ण कर नीलामी से प्राप्त होने वाली धनराशि सरकारी कोष में जमा कराये जाने के निर्देश दियें गये हैं। न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश एफ0टी0सी0 प्रतापगढ़ के आदेश एवं जिला मजिस्ट्रेट, कौशाम्बी के आदेश द्वारा उन्हें नीलामी बिक्रय के लिए नीलाम अधिकारी नामित किया गया है। उप जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि अभियुक्त उमेश कुमार मिश्रा पुत्र राधेश्याम मिश्रा उर्फ राधे महराज के मकान सम्पत्ति की नीलामी के लिए दिनांक 23 सितम्बर 2023 की तिथि निर्धारित की गयी हैं। इच्छुक व्यक्ति दिनांक 23.09.2023 को तहसील सिराथू के सभागार कक्ष में मध्यान्ह 12 बजे उपस्थित होकर नीलामी में प्रतिभाग कर सकतें हैं।

## दूसरे दिन आमरण अनशन पर रहे बार एसो. के पूर्व अध्यक्ष नर नारायण मिश्रा

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** शुक्रवार को लगातार 16 वें दिन अधिवक्ताओं की हड़ताल जारी है 05 सितम्बर को बार एसोसिएशन कौशाम्बी में अधिवक्ताओं ने आम सभा का आयोजन किया जिसमें हड़ताल के सम्बन्ध में अधिवक्ताओं की राय मांगी गई जिसमें एक सुर में सभी अधिवक्ताओं ने हड़ताल का समर्थन किया अधिवक्ताओं ने कहा कि केवल आश्वासन पर हड़ताल समाप्त नहीं होगी जब तक सरकार अधिवक्ताओं की मांग पूरी नहीं करती तब तक हड़ताल जारी रहेगी। वहीं बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष नर नारायण मिश्रा का लगातार दूसरे दिन आमरण अनशन जारी रहा तथा सभी अधिवक्ताओं का समर्थन उन्हें प्राप्त हो रहा है। आमरण अनसन में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश जायसवाल, महामंत्री लक्ष्मीकांत त्रिपाठी पूर्व अध्यक्ष देवशरण त्रिपाठी मनुदेव त्रिपाठी पूर्व महामंत्री तुषार तिवारी, अजय पांडेय वरिष्ठ अधिवक्ता ज्ञानेंद्र नारायण शुक्ला, इन्द्र नारायण पांडेय, के डी द्विवेदी, शिवप्रसाद त्रिपाठी, अविनाश त्रिपाठी, कौशलेश द्विवेदी, देवेश श्रीवास्तव, मनदीप अवस्थी, ब्राम्हीभूषण मिश्रा, राजेश, सूर्यप्रकाश द्विवेदी, के के यादव, गोपाल जी शुक्ला सहित सैकडों की संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।

### हापुड़ में पुलिसिया अत्याचार के विरोध में 16 वें दिन अधिवक्ताओं की हड़ताल जारी




## धर्मराज मौर्य के भाजपा जिलाध्यक्ष बनने पर समर्थकों में उत्साह

अखंड भारत संदेश



**अझुवा कौशांबी।** सिराथू तहसील के ननसेनी गांव निवासी धर्मराज मौर्य को भारतीय जनता पार्टी ने कौशाम्बी जिलाध्यक्ष बनाया है जैसे ही इस बात की खबर उनके समर्थकों को मिली तो सोसल मीडिया में बधाई संदेश ट्रेंड करने लगा समर्थक एक दूसरे का मुंह मीठा करवाते हुए जमकर पटाखे दागे हैं नगर पंचायत अझुवा चेयरमैन शांती देवी कुशवाहा के आवास पर दर्जनों समर्थक एकत्र होकर धर्मराज मौर्य को बधाई देते हुए भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को आभार प्रकट किया है वरिष्ठ भाजपा नेता ओमप्रकाश कुशवाहा ने उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं उन्होंने कहा भारतीय जनता पार्टी सबका साथ सबका विकास अवधारणा पर चलने वाली पार्टी हैं अभी तक शीर्ष नेतृत्व ने इन्हे कौशांबी भाजपा उपाध्यक्ष और अंतरराष्ट्रीय बौद्ध संस्थान का सदस्य बनाया था उन पदों का न्यायसंगत तौर पर निर्वहन किया। नगर निकाय चुनाव के समय इन्होंने जिले की नगर पालिका और नगर पंचायतों के चुनाव में जिले के पदाधिकारियों के साथ चुनाव जितवाने का जी तोड़ प्रयास किया था उसी का परिणाम रहा नगर पंचायत अझुवा ,सिराथू ,नगर पालिका मंझनपुर,नगर पालिका भरवारी में भारतीय जनता पार्टी ने परचम लहराया आज उनके 51 वें जन्म दिन के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी का शीर्ष नेतृत्व उन्हें अपना जिला अध्यक्ष बनाया है इस मौके पर मौजूद भाजपा के पदाधिकारियों ने बताया कि धर्मराज मौर्य एक सरल स्वभाव के सज्जन व्यक्ति हैं कार्यकताओं को यथोचित सम्मान दिलाने और सुखदुख के सहयोगी हैं पार्टी में इनकी एक अलग बेदाग छवि है जनता के बीच अच्छी पकड़ है पार्टी की हरेक गतिविधि में शामिल रहते हैं। बताते चलें कि धर्मराज मौर्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री के बहुत ही करीबी हैं धर्मराज मौर्य भारतीय जनता पार्टी में सन 19951996 में बतौर कार्यकर्ता शामिल हुए थे धर्मराज मौर्य राजनीति में नया नाम नहीं हैं उन्होंने अपने छात्र जीवन से राजनीति का ककहरा सीखना शुरू कर दिया इंटर की पढ़ाई पूरी करने के बाद संघ शिक्षा वर्ग सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज लखनऊ से 1987 में पूरा किया शिक्षा ग्रहण करते हुए समाज शास्त्र से परास्नातक किया। बचपन से राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से जुड़े रहे हैं जिलाध्यक्ष बनाए जाने की सूचना पर चेयरमैन के आवास पर कई दर्जन लोगो ने एक दूसरे को बधाई दी है इस अवसर पर प्रशांत केसरवानी, शिव प्रताप मौर्य, गुड्डू दराना, रंजीत केसरवानी, चुन्नू भाई, हीरालाल मौर्य, सत्येंद्र कुशवाहा, पंकज मौर्य, मोनी कुशवाहा, राजू मौर्य, ननका स्वर्णकार, रमेश केसरवानी, सुनील मौर्य, सोनू अग्रहरी सहित तमाम लोग मौजूद रहे। धर्मराज मौर्य के भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर इसी तरह जिले के अन्य कस्बो में भी खुशी में पटाखे दागे गए हैं मिठाइयां बांटी गई है और धर्मराज मौर्य को बधाइयां दी गई है।

## भूमि की पैमाईस के दौरान दंपत्ति से मारपीट की कमिश्नर से शिकायत

**कौशाम्बी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के इटैली पुर निवासी शिव लोचन पुत्र राधेलाल ने कमिश्नर प्रयागराज को दिए गए शिकायती पत्र के हवाले से बताया की उसकी जमीन पर कुछ लोगो द्वारा अवैध कब्जा किया जा रहा है जिसकी पैमाइस के लिए लेखपाल को बुलाया था । पीड़ित का आरोप है की पैमाईश के दौरान विपक्षी मारपीट पर अमादा हो गया , जिसकी शिकायत पुलिस से करने जा रहा था तो रास्ते में विपक्षी भडेहरी गांव के समीप रोककर मारपीट करने लगा इस दौरान शिव लोचन व उसकी पत्नी सुलोचना जख्मी हो गई। पीड़ित ने मामले में न्याय की गुहार लगाई है।

### डेढ़ लाख की मछली लेकर चंपत हुए जालसाज

**कड़ा कौशाम्बी।** कडा धाम थाना क्षेत्र के कंथुवा गांव के रहने सुमेर निषाद पुत्र रामचंद्र ने कड़ा धाम पुलिस को शिकायत पत्र देते हुवे बताया कि वह मछली का व्यापार करता है। सुमेर नें बताया की तीन दिन पहले आजगमढ़ से पिकअप से दो व्यापारी मछली खरीदने आए , लगभग डेढ़ लाख मे मछली का सौदा होने के बाद पिकअप सवार जलसाजो नें मछली की तौल कराके मछली पिकअप मे लाद लिया पैसे मांगने पर ऑनलाइन देने की बात कहकर टाल मटोल करने लगा, इस दौरान पीकअप सवार लगभग डेढ़ लाख की मछली बिना पैसा दिए ही मौका देख गाड़ी लेकर फरार हो गया. सुमेर नें काफी कोशिश करके उनका पीछा किया लेकिन पिकप सवार जालसाज नहीं मिले,पीड़ित ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर पैसा दिलाए जाने की अपील की है।

### ससुर बहु पर मारपीट का आरोप

**कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के परास गांव मे बहु ने ससुर के साथ मिलकर सास के साथ मारपीट कर जख्मी कर दिया , पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति व बहू के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कार्यवाही की है। सैनी कोतवाली क्षेत्र के परास गांव मे घरेलू विवाद में रहमत अली ने अपनी बहू समरीन बानो के साथ मिलकर पत्नी रिजवाना के साथ मारपीट कर जख्मी कर दिया। रिजवाना की तहरीर पर पुलिस ने पति व बहू के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की है।

## न्यूज झरोखा

### भवंस मेहता महाविद्यालय में कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन



**भरवारी कौशाम्बी।** भवंस मेहता महाविद्यालय भरवारी 14 सितंबर से लेकर 20 सितंबर तक राजभाषा हिंदी सप्ताह का आयोजन कर रहा है । इसी क्रम में आज 15 सितंबर को महाविद्यालय में कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्र छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने राष्ट्रभाषा हिंदी, भारतीय संस्कृति, राष्ट्रीय एकता और देश भक्ति के भाव से भरी हुई कविताएं प्रस्तुत की प्रतियोगित का आरंभ प्राचार्य प्रो. प्रबोध श्रीवास्तव के उद्बोधन से हुआ जिसमे उन्होंने छात्र छात्राओं को राजाभाषा हिंदी को व्यावहारिक रूप में अंगीकार करने की बात कही। इस प्रतियोगिता में बी. ए. तृतीय भाव वर्ष की छात्रा शोभा पाल ने प्रथम बी. ए. प्रथम वर्ष छात्रा पूर्णिमा ने द्वितीय तथा बीएससी की छात्रा दिपाली दिवाकर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया राजभाषा हिंदी दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के विभिन्न प्राध्यापकों ने अपने अपने अपने विचार रखें। हिंदी के प्राध्यापक डॉ. सीपी श्रीवास्तव ने राजभाषा हिंदी को भारत की पहचान की भाषा माना और छात्र छात्राओं से निवेदन किया कि वे हिंदी को वैसे सम्मान दें जैसे कोई व्यक्ति अपनी मां को सम्मान देता है। साथ ही साथ उन्होंने यह भी कहा अन्य भाषाओं को भी हमें पढ़ना और जानना चाहिए लेकिन अपनी राष्ट्रभाषा को सबसे पहला स्थान रख देना चाहिए। हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. विवेक कुमार त्रिपाठी ने बच्चों को सर्जनात्मकता के लिए पढ़ना आवश्यक बताया काव्य पाठ प्रतियोगिता का सफल संचालन बी ए. तृतीय वर्ष की छात्रा शानू मौर्या ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रो. श्वेता यादव ,डॉ. सतीश कुमार तिवारी, डॉ. योगेश मिश्र , डॉ. नीति मिश्रा, डॉ .श्रध्दा तिवारी , डॉ. मो. आदिल, डॉ. लक्ष्मीकांत मिश्र, डॉ. अनुज कुमार तिवारी, डॉ. राहुल राय ,डॉ धर्मेन्द्र कुमार अग्रहरि, डॉ. महेंद्र उपाध्याय, पंकज कुमार आदि उपस्थित रहें कार्यक्रम का संचालन हिंदी के प्रध्यापक डॉ. सीपी. श्रीवास्तव ने किया।

### रहीमपुर मोलानी में सीडीओ ने लगाई ग्राम चौपाल




**करारी कौशांबी।** मंझनपुर ब्लॉक के रहीमपुर मोलानी गांव में शुक्रवार को मुख्य विकास अधिकारी डॉ रवि किशोर त्रिवेदी ने ग्राम चौपाल का आयोजन कर उपस्थित लोगों की जन समस्याओं को सुना और शासन की नीतियों की जानकारी ग्रामीणों को दी ग्राम प्रधान प्रतिनिधि इजहार हुसैन के साथ मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत कलश और तिरंगा लेकर गांव में यात्रा निकाली घर घर अक्षत चावल और मिट्टी एकत्रित की गई साथ ही सीडीओ ने तिरंगा यात्रा के दौरान गांव के लोगों से मिलकर सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूक किया और कार्यक्रम के बारे में जानकारी दिया। इस मौके पर बीडीओ देवेंद्र ओझा, एडीओ पंचायत कमलाकांत मिश्रा सचिव कमलेश निषाद, रुस्तम रिजवी स्कूल शिक्षक आदि तमाम अधिकारी मौजूद रहे।

## संपादक की कलम से

# पाक की कमर तोड़ने से ही आतंकवाद निस्तेज होगा

ललित गर्ग

**जी-20** की शानदार एवं ऐतिहासिक सफलता से बौखलाये पाकिस्तान ने एक औछी, अमानवीय एवं अराजक घटना को अंजाम देते हुए अनंतनाग में आतंकवादी घटना में हमारी सेना के दो बड़े अधिकारी और जम्मू-कश्मीर पुलिस के एक उपाधीक्षक के प्राण ले लिये है, यह घटना पडोसी धर्म पर एक बदनुमा दाग ही नहीं, बल्कि हिंसा एवं उन्माद की चरम पराकाष्ठा है। आज पाकिस्तान जिस आर्थिक दुर्दशा एवं बदहाली का शिकार है, उसमें ऐसी अराजक घटनाओं को प्रश्रय देना उसके लिये घोर अंधेरा का सबब ही बनेगा। शायद पाकिस्तान अब भी यह नहीं समझ पाया है कि पड़ोसियों से अच्छे संबंध कितने जरूरी है, इन्हें सुदृढ़ बनाकर ही विश्व राजनीति में अपनी राजनीतिक और आर्थिक स्थिति मजबूत की जा सकती है। भारत की दुनिया में बढ़ती साख एवं उसकी मजबूत होती आर्थिक स्थितियों में कोई भी समझदार देश उससे दुश्मनी की नहीं सोच सकता। दुनिया के सभी देश, भले ही वे महाशक्तियां ही क्यों न हो, भारत के साथ रहने में ही अपना भला देख रही है, फिर पाकिस्तान क्यों नादानी पर उतरा है। पाकिस्तान की जनता भी यह बात भली भांति समझ रही लेकिन उसके नीति निर्धारकों एवं शासकों को यह बात समझ नहीं आ रही। अब समय आ गया है कि पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए कुछ और कठोर उपाय करने होंगे।

निश्चित ही अनंतनाग में आतंकियों से लड़ते हुए सेना के कर्नल मनप्रीत सिंह, मेजर आशीष धौंचक और जम्मू-कश्मीर पुलिस के डीएसपी हुमायूं बट का बलिदान देश के लिए एक बड़ी एवं अपूरणीय क्षति है। ये तीनों ही अफसर अपनी दिलेरी के लिए जाने जाते थे और उन्होंने अतीत में कई आतंकवाद विरोधी अभियानों को सफलतापूर्वक संचालित किया। उनका बलिदान व्यर्थ नहीं जाना चाहिए और आतंकियों का चुन-चुनकर सफाया करने के साथ ही पाकिस्तान को नए सिरे से सबक सिखाया जाना चाहिए, क्योंकि जिस आतंकी गुट के आतंकियों के घात लगाकर किए गए हमले में हमारे बहादुर अफसर वीरगति को प्राप्त हुए, वह भले ही स्वयं को स्थानीय बताता हो, लेकिन उसे पाकिस्तान आधारित आतंकी संगठन लश्कर का हर तरह का सहयोग एवं समर्थन हासिल है। अवश्य ही भारत अपने इन वीर बलिदानियों का बदला अवश्य लेगा और इस बार ऐसा बदला लिया जायेगा कि पाकिस्तान भविष्य में ऐसी गलती करने से पहले लाख बार सोचेंगी। भारत अगर ठान ले तो पाकिस्तान की कमर तोड़ सकता है एवं आतंकवाद पर काबू पा सकता है, जिस तरह मोदी सरकार ने अब तक पाया है।



कर्नल मनप्रीत सिंह DSP हुमायूं भट मेजर आशीष धौंचक

एक ऐसे समय जब कश्मीर में आतंकवाद अंतिम सांसें लेता दिख रहा है, वहां जनजीवन शांति एवं अमन को महसूस कर रही है, विकास की गंगा वहां प्रवहमान हो रही है, जी-20 का आयोजन भी वहां शांति एवं सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ, तब अनंतनाग की घटना सतर्क एवं सावधान करने वाली है। जम्मू-कश्मीर को केंद्र शासित प्रदेश बनाए जाने के बाद आतंकी घटनाओं को जिस तरह काबू में लाया गया है, उसने क्षेत्र में सक्रिय आतंकियों के पैर उखाड़ दिए हैं। इसी बौखलाहट की यह घटना निष्पत्ति है जो यही बता रही है कि पाकिस्तान समर्थित आतंकी किसी भी तरह कश्मीर को अशांत रखने के लिए हाथ-पांव मार रहे हैं। इसी कारण वे उन नये इलाकों में सक्रिय हो रहे हैं, जो लंबे समय से उनकी गतिविधियों से मुक्त थे। वे दक्षिण कश्मीर के साथ जम्मू संभाग में भी अपनी गतिविधियां बढ़ा रहे हैं। इसका पता इससे चलता है कि इस वर्ष अभी तक राजौरी और पुंछ के सीमावर्ती जिलों में लगभग 26 आतंकी मारे जा चुके हैं। आतंकी सीमा पार से घुसपैठ के लिए भी नए रास्ते चुन रहे हैं। स्पष्ट है कि जम्मू-कश्मीर के साथ पंजाब से लगती पाकिस्तान सीमा पर और चौकसी बढ़ाने की आवश्यकता है, आतंकमुक्ति के अभियान को और अधिक सशक्त किये जाने एवं सख्ती बरतने की अपेक्षा है। इसी तरह जम्मू-कश्मीर में आतंकियों के दबे-छिपे समर्थकों के खिलाफ अभियान भी और तेज किया जाना चाहिए। इस पर भी फिर से ध्यान देना होगा कि आतंकियों के सफाए के किसी अभियान में सुरक्षा बलों को क्षति न उठानी पड़े। निःसंदेह ऐसे अभियान जोखिम भरे होते हैं, लेकिन इस पर और सावधानी बरतनी होगी कि अपने वीर जवानों को खतरों से कैसे बचाया जाए? अतीत में आतंक विरोधी कुछ अभियान ऐसे रहे हैं, जिनमें आतंकियों का शीघ्र सफाया करने के प्रयत्न में हमारे जवानों को क्षति उठानी पड़ी। हमें आतंकियों का खात्मा भी करना है और अपने जवानों की जीवन-सुरक्षा भी करनी है, ऐसा करते हुए हमें ऐसा सुरक्षा चक्र बनाना चाहिए, जिससे वे भविष्य में इस तरह का दुस्साहस न कर सकें। खुफिया रिपोर्ट से मिल रही जानकारी के अनुसार पाकिस्तानी सेना की बेचैनी को गंभीरता से समझना होगा। आतंकियों के घटते मनोबल को वापस लाने के लिए पाकिस्तानी सेना लगातार बड़े षड़यंत्र एवं हमले करने का दबाव बना रही है और इसके लिए आतंकियों को विशेष कमांडो ग्रुप समेत हर तरह से मदद दे रही है। पाकिस्तानी सेना ने चीन से प्राप्त हथियार और अन्य सैन्य साधन भी आतंकियों को उपलब्ध कराए हैं, जिनमें नाइट विजन कैमरा भी शामिल हैं। इन साधनों की मदद से ही उन्हें रात के अंधेरे में भी हमला करने और भागने में सहूलियत हुई और हमारे जवानों को शहीद होना पड़ा।

भारत सर्वे भवन्तु सुखिनः में भरोसा करने वाले देश हैं, इसी भारतभूमि से वसुधैव कुटुम्बकम का उद्घोष हुआ, जिसने हाल ही में जी-20 के भारतीय अध्यक्षता के दौरान समूची दुनिया को एक परिवार के रूप में विकसित करने का वातावरण बनाया है। भले ही भारत शांति, सह-जीवन एवं अहिंसा में विश्वास करता है, लेकिन उस पर आघात करने वालों की जब अति हो जाती है तो वह हथियार उठाकर, भीतर घूस कर वार करना एवं बदला लेना भी जानता है।

जब कश्मीर में समग्र विकास की धारा चल पड़ी है, तब जो तत्व अमन-चैन एवं विकास को चुनौती दे रहे हैं, उन्हें तो करारा जबाव देना ही चाहिए। यह कश्मीर में बचे हुए शैतानीए उन्मादी एवं आतंकवादी तत्वों के साथ शून्य सहिष्णुता दिखाने का समय है। उन्हें कश्मीर में किसी भी स्थान पर अड्डा बनाने या छिपने का मौका नहीं दिया जाना चाहिए। आतंकियों ने बहुत साजिश के साथ इस मुठभेड़ को अंजाम दिया है।

आमतौर पर सेना की अगर किसी इलाके में सक्रियता बढ़ती है, तो आतंकी इस इलाके को छोड़ देते हैं, लेकिन अगर आतंकियों ने मुठभेड़ की जुर्रत की है, तो इसके पीछे की पूरी साजिश का गंभीर आकलन जरूरी है। तमाम संभावनाओं और आशंकाओं को खंगालना चाहिए। आने वाले चुनाव को देखते हुए आतंकवादी अभी अधिक सक्रिय होकर देश में अराजकता एवं अशांति फैलाना चाहेंगे। कश्मीर में चुनाव की घोषणा किसी भी समय हो सकती है। ऐसे में, आतंकियों और उनके नापाक आकाओं को जरूर परेशानी हो रही होगी।

पड़ोसी देश से आतंकियों को इशारा किया गया होगा कि कुछ ऐसा करो कि जी-20 के समय में पूरी तरह नदारद कश्मीर का मुद्दा वापस चर्चा में आ जाए। आशंका यह भी जताई जा रही है कि ताजा मुठभेड़ में दुस्साहस दिखाने वाले आतंकी विदेशी हैं, अगर ऐसा है, तो प्रमाण के साथ दुश्मनों को चेतावनी देनी चाहिए। यह एक बड़ा सत्य है कि जैसे शांति-प्रेम खुद नहीं चलते, चलाना पड़ता है, ठीक उसी तरह आतंकवाद भी दूसरों के पैरों से चलता है, जिस दिन उससे पैर ले लिये जायेंगे, वह पंगु हो जायेगा।

आतंकी हमलों से पाकिस्तान का फायदा हो या न हो, लेकिन उसके हमदर्दी चीन इसमें अपना फायदा जरूर देखेगा। ऐसी स्थितियों में भारतीय सेना के लिए हिंसा का जबाव हिंसा ही हो सकता है, सीधा युद्ध ही एकमात्र रास्ता है। सीधे वार से ही आतंकी नेटवर्क की कमर टूटेगी। अब समय आ गया है, जब कश्मीर में बचे हुए आतंकवाद के अंत के लिए सेना और पुलिस बल अपनी कमियों-कमजोरियों पर पूरी तरह से लगाम लगाते हुए अपने सर्वश्रेष्ठ संसाधनों का इस्तेमाल करते हुए सर्वश्रेष्ठ परिणाम दें।

## जी-20 शिखर सम्मेलन में परमाणु हथियार उन्मूलन पर बातचीत न होना निराशाजनक

डॉ. अरुण मित्रा

**जी 20 में** कुल नौ में से छह परमाणु हथियार रखने वाले देश थे। संयुक्त राज्य अमेरिका और रूस के पास दुनिया के लगभग 90प्रतिशत परमाणु हथियार हैं। यह वह अवसर था जहां चर्चा का जोर परमाणु हथियारों को खत्म करने और अस्तित्व पर खतरे से बचने के लिए उठाये जाने वाले कदमों पर हो सकता था। बहुत धूमधाम से प्रचारित जी 20 शिखर सम्मेलन निरस्त्रीकरण और परमाणु हथियारों के उन्मूलन की किसी प्रतिबद्धता के बिना समाप्त हो गया। इस शिखर सम्मेलन से कई उम्मीदें थीं क्योंकि यह रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध की पृष्ठभूमि में आयोजित किया गया था; और यह भारत में आयोजित किया गया था जो परमाणु हथियार मुक्त दुनिया का एक मजबूत नायक रहा है। अतः यह महसूस किया गया था कि निरस्त्रीकरण एवं शांति के मुद्दों पर कुछ ठोस निर्णय लिये जायेंगे। घोषणा में युद्ध के मानवीय परिणामों पर चिंता व्यक्त की गई है। घोषणापत्र के पृष्ठ 2 पर बिंदु 7 में कहा गया है- 'हम अत्यधिक मानवीय पीड़ा और दुनिया भर में युद्धों और संघर्षों के प्रतिकूल प्रभाव पर गहरी चिंता के साथ ध्यान देते हैं।' इसी पृष्ठ पर बिंदु संख्या 8 में घोषणा में उल्लेख किया गया है कि 'परमाणु हथियारों का उपयोग या उपयोग की धमकी अस्वीकार्य है'। इसलिए यह उम्मीद करना लाजमी था कि रूस यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने और परमाणु हथियारों के उन्मूलन के लिए कुछ ठोस कदम उठाये जायेंगे जो आज मानव जाति के अस्तित्व के लिए खतरा बने हुए हैं। जी 20 शिखर सम्मेलन राष्ट्रों के प्रमुखों या उनके प्रतिनिधियों की बैठक है। रूस यूक्रेन युद्ध खत्म करने के लिए ठोस निर्णय लेने का अधिकार उनके पास है। लेकिन जारी घोषणा पृष्ठ 2 बिंदु 8 पर लिखा है 'यूक्रेन में युद्ध के संबंध में... हमने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद और संयुक्त राष्ट्र महासभा (ए/आरईएस/ईएस-11/1 और ए) में अपनाये गये अपने राष्ट्रीय पदों और प्रस्तावों को दोहराया /आरईएस/ईएस-11/6)' ये प्रस्ताव रूसी आक्रमण की निंदा करते हैं लेकिन कहीं भी अमेरिका और नाटो की स्पष्ट भागीदारी का उल्लेख नहीं करते हैं जो युद्ध को जारी रखने और ऐसी स्थिति पैदा करने के लिए यूक्रेन को हथियारों की बड़ी खेप की आपूर्ति कर रहे हैं कि युद्ध खत्म करने के लिएकोई सार्थक बातचीत नहीं हो सके। जी 20 में कुल नौ में से छह परमाणु हथियार रखने वाले देश थे। संयुक्त राज्य अमेरिका और रूस के पास दुनिया के लगभग 90प्रतिशत परमाणु हथियार हैं। यह वह अवसर था जहां चर्चा का जोर परमाणु हथियारों को खत्म करने और अस्तित्व पर खतरे से बचने के लिए उठाये जाने वाले कदमों पर हो सकता था। परमाणु युद्ध की रोकथाम के लिए अंतरराष्ट्रीय चिकित्सकों (आईपीपीएनडब्ल्यू) द्वारा भौतिकविदों, जीवविज्ञानियों, जलवायु विज्ञानियों और अन्य वैज्ञानिकों के सहयोग से किये गये एक अध्ययन 'परमाणु अकाल' ने साक्ष्य के साथ दिखाया है कि भारत और पाकिस्तान के बीच 100 परमाणु हथियारों के उपयोग से भी दो अरब लोगों के जीवित रहने पर खतरा पैदा हो जायेगा। रूस और यूएसए-नाटो के बीच परमाणु आदान-प्रदान से 5 अरब से अधिक लोग मारे जायेंगे और इसका मतलब हजारों वर्षों के मानव श्रम के माध्यम से निर्मित आधुनिक सभ्यता का अंत होगा। परमाणु हथियारों के निषेध पर संधि (टीपीएनडब्ल्यू) 7 जुलाई 2017 को संयुक्त राष्ट्र महासभा के सदस्यों के भारी बहुमत से पारित हुई और जो पहले ही लागू हो चुकी है, और यह एक अवसर था जिसे खोना नहीं चाहिए था।

# मनुष्य की मनुष्य के प्रति कृतज्ञता है क्षमा !

सुनील कुमार महला

**मनुष्य** जीवन में क्षमा( माफ करना )का बहुत बड़ा महत्व है। जो व्यक्ति क्षमा करना जानता है वह जीवन में सदैव आगे बढ़ता है, उन्नति प्रगति करता है। क्षमाशील होने का मतलब है सहनशील होना या क्षमा करने वाला। क्षमा देखा जाए तो हमारे जीवन का एक आभूषण है। क्षमा करने वाला व्यक्ति हमेशा शांत प्रकृति का होता है, धैर्य वान होता है,संयमी होता है। वह हृदय से उदार और दयालु होता है। संस्कृत में बड़े ही सुन्दर शब्दों में कहा गया है कि -'क्षमा विना न दृढ़तां द्रव्यं, क्षमा विना न परं सुखम्।व्यर्थं व्ययते जन्तूनां क्षमा सर्वप्रधानता॥ इसका मतलब यह है कि क्षमा बिना धन दृढ़ नहीं होता, क्षमा के बिना दूसरों का सुख नहीं होता। जीवों का सर्वोपरि लाभ बेकार हो जाता है। इसी प्रकार से यह भी कहा गया है कि 'क्षमा शिवे भगवति, क्षमा दानं परम सुखम्।क्षमा दृढ़ता शक्तिश्च, क्षमायाः पापकर्मिणाम्॥' मतलब यह है कि क्षमा भगवान शिव की ही तरह है, क्षमा देने से परम सुख होता है। क्षमा स्थिरता और शक्ति है, क्षमा पाप कर्मियों के लिए ही है। वैसे क्षमा करना कोई आसान काम नहीं है। इस मानव जीवन में सबसे कठिन यदि कुछ है तो वह है किसी व्यक्ति विशेष को उसके अपराध के लिए क्षमा कर देना। छोटी कक्षाओं में हम सभी रहीम जी का यह प्रचलित दोहा खूब पढ़ते आए हैं -क्षमा बड़ेन को चाहिये, छोटन को उत्पात।का रहीम हरी का घट्यो, जो भृगु मारी लात।।' इसका मतलब यह है कि उद्दंडता करने वाले हमेशा छोटे कहे जाते हैं और क्षमा करने वाले ही बड़े बनते हैं। ऋषि भृगु ने भगवान विष्णु की सहिष्णुता की परीक्षा लेने के लिए उनके वक्ष पर जोर से लात मारी। मगर क्षमावान भगवान ने नम्रतापूर्वक उनसे ही पूछा, "अरे! आपके पैर में चोट तो नहीं लगी? क्योंकि मेरा वक्षस्थल कठोर है और आपके चरण बहुत कोमल हैं।" भृगु महाराज ने क्रोध करके स्वयं को छोटा प्रमाणित कर दिया जबकि विष्णु भगवान क्षमा कर-के और भी बड़े हो गए। दरअसल क्षमाशीलता ही वह आभूषण है जो हमारे व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास का मार्ग खोलती है। हमें महसूस होता है कि यह जीवन छोटी-छोटी बातों में उलझकर व्यर्थ गंवाने के लिए प्राप्त नहीं हुआ है, बल्कि इसका मूल उद्देश्य तो ज्ञान प्राप्त करना है और ज्ञान तभी प्राप्त किया जा सकता है जब हमें अपने व्यक्तित्व को क्षुद्र आदतों पर नियंत्रित कर लें। दरअसल सच तो यह है कि क्षमा माँग लेना या क्षमा कर देना, ये दोनों ही वृत्तियाँ हमारा मन हल्का करने वाली बहुत ही उदार वृत्तियाँ है। मनुष्य के अंदर हमेशा बदले की भावनाएं निहित रहती हैं और ये बदले की भावनाएं ही उसे जीवन में सफल नहीं होने देती। बदले की भावनाएं हमारे स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचातीं हैं, हमारी प्रगति, उन्नति में हमेशा बाधक सिद्ध होती हैं।यदि हम मनुष्य अपनी सभी इंद्रियों और मन पर नियंत्रण प्राप्त कर लें तो हम स्वयं को जान पाएंगे और इसके साथ ही अपनी मानसिक चेतना को भी जान सकेंगे।भगवान महावीर ने क्षमा माँगने से अधिक क्षमा करने को महान बताया है। वे कहते हैं, 'मैं सब जीवों को क्षमा करता हूँ। सब जीव मुझे क्षमा करें। सब जीवों से मेरा मैत्रीभाव है। किसी से वैर-भाव नहीं।' जानकारी देना चाहूंगा कि इस संसार में जितने भी विचारक हुए हैं वे क्षमादान को महान दान मानते आए हैं, लेकिन इसका तात्पर्य यह नहीं है कि कायरों की भाँति भयंकर अपराध को भी संरक्षित किया जाए। अगर हम ऐसा करेंगे तो समाज कभी अपने सही उद्देश्य को प्राप्त नहीं कर सकेगा। सच तो यह है कि क्षमा कमजोरों की ताकत और शक्तिशालियों का आभूषण है। सारा संसार क्षमा से वश में किया जा सकता है। इससे सभी कार्य सिद्ध हो सकते हैं। वास्तव में,क्षमा मनुष्य की मनुष्य के प्रति कृतज्ञता है, इसलिए क्षमा दान को वीरों का आभूषण कहा गया है। क्षमा याचना से मनुष्य का समस्त अहंकार समाप्त हो जाता है। वास्तव में,क्षमा याचना के लिए मनुष्य में अपनी गलती, असफलता और कमजोरी को स्वीकार करने की क्षमता होनी जरूरी है।एक मुनि महाराज जी ने तो यहाँ तक कहा है, 'पुष्प कोटि समं स्तोत्रं, स्तोत्र कोटि समं जपः।जप कोटि समं ध्यानं, ध्यान कोटि समं क्षमा।।' यानी कि मतलब यह है कि एक करोड़ पुष्पों के समान एक स्तोत्र, एक करोड़ स्तोत्रों के समान एक जप, एक करोड़ जपों के बराबर एक ध्यान और एक करोड़ ध्यान के बराबर एक बार की क्षमा है और जो व्यक्ति क्षमाशील बन जाए, उसकी महानता की तो बात ही क्या है ? संक्षेप में यह कहा जा सकता है कि यदि हम दूसरों को क्षमा कर देते हैं, तो हम अपना जीवन प्रसन्नता से भर सकते हैं। क्षमादान हमारे बड़प्पन का प्रतीक है। क्षमा करने वाला महान कहलाता है। क्षमाशील व्यक्ति के शत्रु नहीं होते और एक क्षमाशील व्यक्ति जीवन में हमेशा खुश व प्रसन्न रहता है।क्षमा करुणा को प्रोत्साहित करती है।कवि रामधारी सिंह दिनकर कहते हैं कि क्षमा वीरों को ही सुहाती है। जो व्यक्ति, सामने वाले को क्षमा कर देते हैं, उसकी चर्चा चारों दिशाओं में फैल जाती है।महात्मा गांधी जी कहा हैं कि कमजोर व्यक्ति कभी क्षमा नहीं कर सकता, क्षमा करना शक्तिशाली व्यक्ति का गुण है। सभी धर्मों में क्षमा को श्रेष्ठ गुण बताया गया है। बाकायदा जैन संप्रदाय में इसके लिए एक दिन विशेष आयोजन किया जाता है।सही मायने में क्षमा एक ईश्वरीय गुण है जो बहुत कम लोगों के भीतर पाया जाता है। प्रत्येक धर्म हमें दूसरों को क्षमा करना सिखता है, क्योंकि इसे देने वाला और पाने वाला दोनों ही सुख उठाता है। सच तो यह है कि क्षमा धर्म है, क्षमा यज्ञ है, क्षमा वेद है और क्षमा शास्त्र है। अंत में यही कहूंगा कि क्षमा तेजस्वी पुरुषों का तेज है, क्षमा तपस्वियों का ब्रह्म है, क्षमा सत्यवादी पुरुषों का सत्य है।

## आखिर ये किनके नेता हैं?

वर्षा भम्भाणी मिर्जा

**हमारा** दुर्भाग्य कि आज भी यही सब हो रहा है, कोई नेता नहीं जो महात्मा गांधी की तरह मतभेद की पुड़िया को जस का तस लौटाकर अपना मन जाहिर कर दे। हर एक को तुरंत लाभ कमाना है, कूदना है। उत्तर से दक्षिण तक यही हाल है। ये नेता किनके नेता हैं जिनमें बस अपना स्वार्थ बसता है? किसी में लेशमात्र भी गांधी का अक्स दिखे तो आप उसे अपना प्रत्याशी चुन लेना। ये भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री हैं। धोरों यानी रेतीले टीलों की धरती से आते हैं और एक बड़ा ही शीतल और निर्मल विभाग उनके पास है। वे जल संसाधन मंत्री हैं और राजस्थान के भावी मुख्यमंत्री होने की ख्वाहिश रखते हैं। ऐसा हो भी सकता है लेकिन क्या जनता अपने नेता की सभा में 'जुबान खींच ली जाएगी' और 'आंखें निकाल लेंगे' जैसे शब्द सुनने के लिए आती है? बाड़मेर के धोरीमन्ना में केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने ऐसी ही भाषा का प्रयोग किया। इसके पहले वे राजस्थान सरकार के एक मंत्री को 'अरब सागर में फेंकने' की बात कर चुके हैं और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को 'रावण' भी कह चुके हैं। ऐसी भाषा जब परिवर्तन यात्राओं में इस्तेमाल होगी तो आप किस हक से जनता से उम्मीद करते हैं कि वह शांत रहे? फिर, हरियाणा के नूंह और महाराष्ट्र के सतारा में हुई हिंसा को आप कैसे रोक सकते हैं? आखिर बात-बात पर ये नेता इस कदर उत्तेजित क्यों होते हैं? बुद्ध, विवेकानंद और बापू के देश में क्या अब नेताओं में बातचीत का यही सलीका रह गया है? अब से 130 साल पहले शिकागो में 11 सितंबर 1893 को स्वामी विवेकानंद ने हिन्दू धर्म की प्रतिष्ठा में जो कहा था, लगता है उसे इन नेताओं ने पूरी तरह से भुला दिया है। सभा में मौजूद पूरी अंतरराष्ट्रीय बिरादरी का दिल जीत लेने वाले उस ऐतिहासिक व्याख्यान की प्रारंभिक पंक्तियां थीं- 'मैं एक ऐसे धर्म का अनुयायी होने में गर्व का अनुभव करता हूं जिसने संसार को सहिष्णुता तथा सार्वभौमिकता की शिक्षा दी। हम लोग सभी धर्मों के प्रति केवल सहिष्णुता में ही विश्वास नहीं करते, समस्त धर्मों को सच्चा मानकर उन्हें स्वीकार करते हैं।

# पुन: जीवंत हुआ नालंदा विश्वविद्यालय

अरविंद जयतिलक

**जी-20** शिखर सम्मेलन में अतिथियों के लिए जिस स्थान पर रात्रिभोज का आयोजन हुआ उसकी पृष्ठभूमि में बिहार के नालंदा विश्वविद्यालय का भग्नावशेष सहज ही लोगों का मन मोह रहा था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अतिथियों का स्वागत के साथ-साथ उन्हें नालंदा विश्वविद्यालय की सारगर्भित ऐतिहासिकता और उपादेयता से भी अवगत करा रहे थे। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन हों अथवा ब्रितानी प्रधानमंत्री ऋषि सुनक सभी नालंदा विश्वविद्यालय की हजारों वर्ष पुरानी शिक्षण प्रणाली की गौरवगाथा सुनकर आश्चर्यचकित थे। प्रधानमंत्री मोदी ने अतिथियों को बताया कि यह विश्वविद्यालय पांचवी सदी से 12 वीं सदी के बीच अस्तित्व में था। इसकी विरासत महावीर और बुद्ध के युग से चली आ रही है। सच कहें तो प्रधानमंत्री मोदी ने जी-20 शिखर सम्मेलन में सांस्कृतिक प्रतीकों को दर्शा कर भारतीय विरासत और उसके मूल्यों को जीवंत कर दिया। विशेषकर नालंदा विश्वविद्यालय जो कि वसुधैव कुटंबकम का महान केंद्र रहा। इतिहास के गर्भ में जाएं तो बौद्ध शिक्षा केंद्र नालंदा विश्वविद्यालय की एक गौरवमयी पृष्ठभूमि रही है। 5 वीं से 7 वीं शताब्दी के मध्य यह विश्वविद्यालय अपनी ज्ञान ज्योति से संपूर्ण संसार को आलोकित करता रहा। लेकिन कालांतर में वैष्णव धर्म का उत्थान, विश्वविद्यालय को मिलने वाली अनुदान में कमी और विदेशी आक्रमणों ने शिक्षा के इस महान केंद्र को धूल-धुसरित कर दिया। भौगोलिक रुप से नालंदा विश्वविद्यालय दक्षिणी बिहार स्थित राजगिरि के समीप है। इसके ध्वंसावशेष आज भी बड़ागांव ग्राम तक फैले हुए हैं। ऐसा माना जाता है कि नालंदा विश्वविद्यालय की स्थापना बौद्ध संन्यासियों द्वारा की गयी थी जिसका मूल उद्देश्य एक ऐसे स्थान की स्थापना करना था जो ध्यान व अध्यात्म के लिए उपयुक्त हो। ऐसा माना जाता है कि महात्मा बुद्ध ने नालंदा की कई बार यात्रा की थी। बहरहाल इस विश्वविद्यालय का निर्माण कब हुआ इसे लेकर विद्वानों में एक राय नहीं है। लेकिन ऐतिहासिक दस्तावेजों से जानकारी मिलती है कि इस विश्व प्रसिद्ध विश्व विद्यालय की स्थापना गुप्तवंशी शासक कुमारगुप्त ने की थी। चीनी यात्री ह्वेनसांग एवं अन्य बौद्ध यात्रियों ने अपने विवरणों में सम्राट कुमारगुप्त को इस विश्वविद्यालय का संस्थापक बताया है। नालंदा के उत्खनन से प्राप्त मुद्राओं से भी इसकी पुष्टि होती है। इस विश्वविद्यालय की अति प्राचीनता पर किसी को शक नहीं है। इसके प्रमाणिक साक्ष्य उपलब्ध हैं। गुप्तवंशी शासक कुमार गुप्त (414 से 455) द्वारा इस बौद्ध शिक्षा केंद्र को दान दिए जाने का उल्लेख मिलता है। चीनी यात्री ह्वेनसांग ने अपने विवरण में लिखा है कि 470 ई0 में गुप्त सम्राट नरसिंह गुप्त बालादित्य ने नालंदा में एक सुंदर मंदिर निर्मित करवाकर इसमें 80 फीट ऊंची तांबे की बुद्ध प्रतिमा को स्थापित करवाया। चीनी यात्री इत्सिंग के विवरण से भी नालंदा विश्वविद्यालय के बारे में भरपूर जानकारी मिलती है। उसने इसकी विशालता का उल्लेख करते हुए यहां छात्रों की संख्या 3000 बताया है। इत्सिंग के विवरण में नालंदा के अलावा विक्रमशिला विश्वविद्यालय का भी जिक्र है। 8 वीं शताब्दी में पालवंशीय शासक धर्मपाल द्वारा बिहार प्रांत के भागलपुर में विक्रमशीला विश्वविद्यालय की स्थापना की गयी। पूर्व मध्यकालीन भारत में इस विश्वविद्यालय का महत्वपूर्ण स्थान था। इस विश्वविद्यालय के सर्वाधिक प्रतिभाशाली भिक्षु दीपंकर ने 200 ग्रंथों की रचना की। जिस समय चीनी यात्री ह्वेनसांग नालंदा विश्वविद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर रहा था, उस समय विद्यार्थियों की संख्या करीब 10000 और शिक्षकों की संख्या 1500 थी। ऐसा कहा जाता है कि यहां के पुस्तकालय में हजारों की संख्या में पुस्तकें एवं संस्मरण उपलब्ध थे। इस पुस्तकालय की विशालता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि इसमें लगी आग को बुझाने में छः महीने से अधिक का समय लग गया था। उल्लेखनीय है कि तुर्क शासक बख्तियार खिलजी ने 1199 ई में इस विश्वविद्यालय में आग लगवा दी। कहा जाता है कि इस विश्वविद्यालय में इतनी पुस्तकें थी कि पूरे तीन महीने तक यहां आग धधकती रही। अनेक धमार्चार्यों और शिक्षकों की हत्या कर दी गई। चीनी यात्री ह्वेनसांग कन्नौज के राजा हर्षवर्धन के शासनकाल में जब भारत आया तो उसने लगभग 6 वर्षों तक नालंदा विश्वविद्यालय में अध्ययन किया। उसके ग्रंथ सी-यू-की से तत्कालीन भारतीय समाज व संस्कृति के बारे में भरपूर जानकारी मिलती है। ह्वेनसांग नालंदा विश्वविद्यालय शिक्षक परिवार का हिस्सा भी था। कहा जाता है कि वह अपने साथ भारत से कोई 150 बुद्ध के अवशेषों, सोने, चांदी, व संदल द्वारा बनी बुद्ध की मूर्तियां और 657 पुस्तकों की पाण्डुलिपियों को ले गया था। यह भगवान बुद्ध में उसकी आस्था का प्रमाण है। महान विद्वान शीलभद्र नालंदा विश्वविद्यालय के कुलपति थे। उन्होंने अपने ज्ञानपूंज से नालंदा विश्वविद्यालय को जगत प्रसिद्ध किया। ह्वेनसांग ने अपने विवरण में अपने समय के महान विद्वान शिक्षकों- धर्मपाल, चंद्रपाल, गुणपति, स्थिरमति, प्रभामित्र, जिनमित्र, आर्यदेव, दिगनाग और ज्ञानचंद्र इत्यादि का उल्लेख किया है। ये शिक्षक अपने विषयों के साथ-साथ अन्य विषयों में भी पारंगत, निपुण और ज्ञानवान थे। नागार्जून, असंग, वसुबंधु जैसे महान बौद्ध महायानी इसी विश्वविद्यालय की उपज थे। असंग की महायान सूत्रालंकार, वसुबन्धु का अभिधर्म कोश और नागार्जुन की दिव्यावदान, महावस्तु, मंजूश्रीमूलकल्प, प्रज्ञापारमिता, शतसाहस्त्रका और माध्यमिका सूत्र जैसी रचनाएं नालंदा विश्वविद्यालय के ज्ञान की ही देन है। नालंदा विश्वविद्यालय में बौद्ध धर्म एवं दर्शन के अतिरिक्ति न्याय, तत्वज्ञान, व्याकरण एवं विज्ञान की भी शिक्षा दी जाती थी। वस्तुतः नालंदा विश्वविद्यालय के अधिकतर छात्र तिब्बतीय बौद्ध संस्कृतियों वज्रयान और महायान से संबंद्ध थे। विश्वविद्यालय प्रशासन जितना कठोर था, शिक्षा को लेकर उतना ही जागरुक, संवेदनशील और सतर्क था।

यह इसी से समझा जा सकता है कि प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थियों को पहले द्वारपाल से वाद-विवाद करना पड़ता था और फिर उसमें उत्तीर्ण होने पर ही उन्हें प्रवेश मिलता था। छात्रों को रहने के लिए छात्रावास की सुविधा उपलब्ध थी। इत्सिंग के लेखन के अनुसार यहां होने वाले चचार्ओं में सभी की भागीदारी आवश्यक थी। सभा में मौजूद सभी लोगों के फैसले पर संयुक्त रुप से आम सहमति की आवश्यकता होती थी। विश्वविद्यालय के संचालन के लिए राजाओं द्वारा विशेष अनुदान दिया जाता था। लेकिन विश्वविद्यालय के संचालन में उनका किसी तरह का हस्तक्षेप नहीं था। आश्चर्य यह कि बौद्ध धर्म न अपनाने वाले शासक भी इस विश्वविद्यालय को भरपूर अनुदान देते थे। यह शिक्षा के प्रति उनकी अनुरक्ति को ही रेखांकित करता है। विश्वविद्यालय को सुचारु रुप से चलाने के लिए हर्षवर्धन ने 200 ग्रामों का अनुदान दिया था जिससे पर्याप्त राजस्व प्राप्त होता था। वैष्णव धर्म के अनुयायी गुप्त शासक भी नालंदा विश्वविद्यालय को भरपूर अनुदान देने में अपना गौरव समझते थे। नालंदा विश्वविद्यालय का प्रांगण बहुत बड़ा था। उत्खनन से प्राप्त अवशेषों से जानकारी मिलती है कि विश्वविद्यालय में व्याख्यान हेतु छोटे-बड़े कई कमरे थे। पुरातत्वविदों का निष्कर्ष है कि यहां 7 बड़े और तकरीबन 300 से अधिक छोटे कक्ष थे। शैलेन्द्र शासक बालपुत्र देव द्वारा तत्कालीन मगध के राजा देवपाल की अनुमति से नालंदा में जावा से आए भिक्षुओं के निवास के लिए एक विहार के निर्माण का भी उल्लेख है।

# चन्द्रयान का सफर-जी20 की बैठक की संस्कृति से मेल नहीं खाता चित्रकूटः प्रभारी मंत्री नरेन्द्र कश्यप

## प्रभारी मंत्री ने की कानून व्यवस्था व विकास कार्यक्रमों की समीक्षा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले के प्रभारी मंत्री/सूबे के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग नरेंद्र कश्यप ने मुख्य विकास अधिकारी से कहा कि मंदाकिनी नदी पर बना पुल बहुत पुराना है। पुल के दोनो ओर जो पेड़ हैं, उन्हें एक हफ्ते के अंदर कटवायें। उसकी वीडियो व फोटोग्राफ्स भेजें। पुल की लाइफ बढ़ जाएगी व खतरा कम हो जाएगा।

शुक्रवार को जिले के प्रभारी मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने कलेक्टेज्ट सभागार में कानून व्यवस्था एवं विकास कार्यक्रम की समीक्षा बैठक में ये बात कही। मंत्री ने अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड को निर्देश दिये कि शहर की सड़कों में गड्ढे है, टूटी है, जो नहीं होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने सड़कों की कनेक्टिविटी बढाई है, विशेष ध्यान देकर गड्ढा मुक्त करायें। ये जिला ऐतिहासिक स्थलों में से एक है। यहां पर्यटन की अपार संभावनायें हैं। अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड को निर्देश दिये कि जल्द से जल्द सड़कें गड्ढामुक्त होनी चाहिए। मुख्य विकास अधिकारी से कहा कि एक माह में पुल से पेड कटवाकर वीडियो व फोटोग्राफ भेजें। सांसद आरके सिंह पटेल ने ओरा, ममसी, गड़ौली सडक खराब व बदहाली के बारे में बताया। मंत्री ने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश दिये कि लोनिवि व एनएच, मंडी परिषद, जिला पंचायत की संयुक्त बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बुलाकर तालमेल से सडकों का कार्य करायें। अधीक्षण अभियंता को मंत्री ने निर्देश दिये कि जनता के अनुरूप कार्य नहीं हो रहा, न कोई सुधार हुआ है।



मंत्री ने कहा कि पहाड़ी के कई गांवों में बिजली नहीं आती, सरकार की मंशा के अनुरूप बिजली आपूर्ति नहीं हो पा रही। सही ढंग से कार्य में सुधार करें। अधीक्षण अभियंता को निर्देश दिया कि पहाड़ी में अलग से पावर ट्रांसफार्मर लगाकर विद्युत सप्लाई करें। मुख्य विकास अधिकारी से कहा कि चित्रकूट में सभी जगह 24 घंटे बिजली नहीं रहती, इसमें सुधार करायें। मंत्री ने जल निगम परियोजना प्रबंधक से पूंछा कि ढाई महीने में कितने गांव में पानी दिए हैं, परियोजना प्रबंधक ने बताया कि 416 गांव में पानी दिया जाना है, 140 गांव में पानी दिया जा रहा है। दो माह में पूरे गांव में पानी दे दिया जाएगा। मंत्री ने कर्वी नगर पालिका से कहा कि कर्वी में बहुत गंदगी है। रेलवे से गेस्ट हाउस तक देखा कि रेलवे स्टेशन पर खड़े होने लायक नहीं था। यही स्थिति शहर में है। चंद्रयान का सफर कर रहे हैं, जी20 की बैठक कर रहे हैं। भारत की संस्कृति से चित्रकूट मेल नहीं खा रहा है। कोई समस्या है तो उन्हें बतायें, ताकि शहर साफ हो सके। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री जो चाह रहे हैं, वह नहीं हो पा रहा। कोई कारण है तो बतायें।

उन्होंने सीडीओ से कहा कि शहर में साफ-सफाई चैकस करायें। डीएफओ ने बताया कि जिले में 72 लाख वृक्षारोपण के लक्ष्य को पूरा कर दिया है। सांसद ने कहा कि सड़कों किनारे वृक्ष लगवायें। मनरेगा से सहयोग लेकर गड्ढे खुदवाकर सडकों किनारे वृक्षारोपण करायें। सांसद ने कहा कि डिफेंस कॉरिडोर में कुछ लोग घर बनाते जा रहे हैं, जो नहीं बनना चाहिए। मंत्री ने कहा कि उसे हटवायें। मेरी माटी मेरी देश के तहत शासन की मंशानुसार कार्य करायें।

बैठक में एडीएम कुंवर बहादुर सिंह, डीडीओ आरके त्रिपाठी, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, अधीक्षण अभियंता विद्युत बृजेश कुमार, डीपीआरओ कुमार अमरेंद्र समेत जिला स्तरीय अधिकारी व भाजपा के सांसद आरके सिंह पटेल, विधायक मऊ/मानिकपुर अविनाश चंद्र द्विवेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे, डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर, राज कुमार त्रिपाठी, शिवाकांत पांडेय आदि मौजूद रहे।

# एसपी के निर्देश पर बीस के खिलाफ हुई मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में पुलिस ने बीस लोगों के खिलाफ मिनी गुण्डा एक्ट के तहत कार्यवाही की है। इससे अपराधीतत्वों में खलबली मची है। शुक्रवार को प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी नागेन्द्र कुमार नागर ने भोली-भाली जनता में भय-आतंक फैलाकर गुंडा गर्दी करने वाले छोटा पुत्र तीरथ प्रसाद, अंकित पुत्र श्याम मोहन निवासी पचोखर, अर्जुन पुत्र शिवपूजन निवासी मझियार, कमलेश पुत्र रामदास निवासी डोमनखेड़ा, अशोक पुत्र माताबदल निवासी बछरन, सरोज पुत्र कौशल निवासी नोनार, छेदीलाल पुत्र पंचा निवासी चैरा, मुन्नू पुत्र दयाशंकर निवासी रमयापुर, संतू पुत्र रामचरन निवासी चैरा, सुदामा, तुलसा पुत्र सुखचैना निवासी प्रसिद्धपुर, दीपक सिंह पुत्र शत्रुघ्न सिंह निवासी चैरा के खिलाफ मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की गई। इसी क्रम में थानाध्यक्ष बहिलपुरवा राम सिंह ने भोली-भाली जनता में भय-आतंक फैलाकर गुंडागर्दी करने वाले संतोष पुत्र माताबादल, अजय उर्फ बच्चा पुत्र माताबदल निवासी मनोहर बाबा मजरा ऐंचवारा, कमलेश रैदास पुत्र शिवपाल, उमेश पटेल पुत्र अवधेश पटेल निवासी बड़ी मडैयन, श्रीकेशन ऊर्फ रज्जू पुत्र कुबेर यादव निवासी टेड़ीपुरवा मजरा मडैयन, अमित उर्फ कमल पुत्र रामबरन, संतोष कुमार पुत्र रामबरन निवासी कर्का पडरिया, कौशल पटेल पुत्र भोला प्रसाद निवासी बरुई मजरा रुकमा बुजुर्ग के खिलाफ 110जी सीआरपीसी के तहत मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है।

# किसानों पर थोपा जा रहा एनजीटी कानूनः भाकियू

## पंचायत कर भाकियू ने उठाई समस्यायें

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भाकियू की किसान पंचायत तहसील परिसर राजापुर-मऊ में हुई। जिला उपाध्यक्ष शिवदयाल सिंह बघेल की अध्यक्षता में भाकियू ने उपजिलाधिकारी राजापुर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा कि सरकार एनजीटी कानून जबरन किसानों पर थोप रही है। शुक्रवार को भाकियू की तहसील परिसर में हुई बैठक में एसडीएम को सौंपे ज्ञापन में कहा कि दस साल में कोई ट्रैक्टर बदल नही सकता, जो कानून के दायरे में आता है। भाकियू इसका विरोध करता है। जिला महामंत्री अरुण कुमार पाण्डेय ने कहा कि सरकार ने निजी ट्यूबवेल्स धारकों को बिजली बिल अप्रैल माह से मुक्त करने की घोषणा की है। सरकार ने वायदा खिलाफी करते हुए किसानों को बिजली बिल भेज रही है।



किसान भ्रमित हैं कि बिल जमा करे या न करे। भाकियू ने मांग किया कि सरकार अपनी घोषणा को स्पष्ट करें। तहसील मंत्री शत्रुघ्न सिंह ने बताया कि जिले में खरीफ फसलें ज्यादा क्षेत्रफल में लगाई गई, लेकिन वर्षा न होने से फसले सुख गई। किसानों को भारी क्षति हुई है। किसानों को बीमा क्लेम दिलाया जाये। जिला मंत्री अखिलेश मिश्रा ने बताया कि राम वन गमन मार्ग का परसीमन हो गया है। खटवारा गांव के किसानों को अभी तक मुआवजा नही मिला। पत्थर गड़ी हो गई है। किसान परेशान हैं, अविलम्ब मुआवजा दिलाया जाये। ब्लॉक अध्यक्ष जसवन्त सिंह ने कहा कि आवारा पशुओं से बछरन, रमपुरिया, आजादनगर, राजापुर, लोहदा, कंठीपुर, कर्वी में किसान परेशान है। जल्द समस्या का समाधान कराया जाए। चिल्लीमल पम्प कैनाल माइनर नम्बर दो बरद्वारा में एलएनटी पाइप अवैध ढंग से डाले गए हैं। इससे टेल तक किसानों को पानी नहीं मिल पा रहा है। विभाग आंखों मे पट्टी बांधकर बैठा है। किसानों की फसले सूख रही है। पाइप हटवाकर टेल तक पानी पहुंचाया जाये। जिला संरक्षक छोटे पीढिया, जयकरन सिंह, राममूरत सिंह, योगेंद्र सिंह, जयनारायण सिंह, अमित पटेल, सिद्धार्थ पटेल, श्रीराम कुशवाहा, प्रेम सिंह, सीएल सिंह समेत सैकड़ों किसान पंचायत में मौजूद रहे।

# बाबा साहब ने दिया है शिक्षा संपत्ति सुरक्षा का अधिकार : मान सिंह

## राष्ट्रीय बौद्ध चेतना की हुई गोष्ठी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** राष्ट्रीय बौद्ध चेतना संस्थान ने पडरी गांव में श्यामलाल कबीर के घर के पास जागरूकता गोष्ठी की। गोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय संरक्षक मान सिंह पटेल ने कहा कि हजारों साल से समाज को दबाया गया है। शिक्षा-संपत्ति रखना अपराध था। बाबा साहब अंबेडकर ने संविधान बनाकर सबको शिक्षा संपत्ति सुरक्षा स्वतंत्रता का अधिकार दिया है।

शुक्रवार को गोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि मान सिंह पटेल ने कहा कि देश-प्रदेश में बैठी सरकार संविधान को खत्म करने की फिराक में है। इनके मंसूबों को कामयाब नही होने देना है। जातियों में बंटे समाज को एकत्र कर बड़ी शक्ति बनायेगे। मुख्य वक्ता/राष्ट्रीय अध्यक्ष कैलाश बौद्ध ने कहा कि दुनिया की सबसे महत्वपूर्ण वस्तु ज्ञान है। सभी को अधिक से अधिक शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए। गरीब से गरीब परिवार अपने बच्चे को अच्छी शिक्षा दिलाने का प्रयत्न करे।

नशा का त्याग करें। नशे से समय, धन और स्वास्थ्य खराब होता है। अपने धन को नशे में बर्बाद न करें। समाज के लोग गांव-गांव भाईचारा बनायें। लड़ाई-झगड़ा से दूर रहें। समाज में हो रहे जुल्म के खिलाफ लड़ाई लड़ी जा रही है।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष संजय कबीर, महेश कुमार, रमेश कुमार ने भी संबोधित किया। गोष्ठी में



राधेश्याम, श्यामलाल, कबीर, राजा भैया प्रजापति, रामफल वर्मा, राजबहादुर वर्मा, इंद्रपाल वर्मा, ब्रजमोहन प्रजापति, मतगंजन, कबीर, राजेंद्र प्रसाद, सुरेश बाल्मीकि, रितेश बाल्मीकि, देशराज कोटार्य, हीरालाल साहू, जवाहर साहू, गोविंद प्रजापति, रिंकू देवी, कबीर, चिरौंजी देवी, भोलिया देवी, शिवप्यारी, सुनीता प्रजापति, भारती वर्मा, चुकरी, मीरा कबीर, रेशमा देवी, प्रीति, संतोष कबीर, छोटू कबीर, सहोदरा, शत्रुधन कबीर, सुशीला, दिया दुलारी, श्यामकली, चुनकी, प्रियंका, सविता, रामसंवारी, चुन्नू कोटार्य, झल्लूराम, फूलचंद्र, राजाराम, लक्ष्मी प्रसाद, सूरजबली कोरी, सत्य नारायण, रोहित कबीर, संदीप कबीर, अनिल वर्मा, संतोष बौद्ध, सुनील बौद्ध, हीरालाल बौद्ध समेत एक सैकड़ा लोग मौजूद रहे।

# दो के कब्जे से 25 लीटर शराब बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में पुलिस ने दो लोगों के कब्जे से 25 लीटर महुआ शराब बरामद की है। शुक्रवार को प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर वीर प्रताप सिंह की अगुवाई में दरोगा अशोक सिंह ने सिपाही संजय सिंह यादव के साथ शिवमंगल पुत्र शारदा प्रसाद रैदास निवासी सुभाषनगर के कब्जे से दस लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

कर्वी कोतवाल गुलाब त्रिपाठी की अगुवाई में सिपाही प्रवीण कुमार पाण्डेय व गोलू भार्गव ने लच्छन उर्फ लक्ष्मण पुत्र मुगलू जमादार निवासी इन्द्रानगर थाना मानिकपुर



हाल मुकाम खटकाना मुहल्ला कोतवाली कर्वी के कब्जे से 15 लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

# अपने सामने लवकुश चतुर्वेदी नहीं मानते कोई चुनौती

## लवकुश को प्रदेश अध्यक्ष ने घोषित किया भाजपा जिलाध्यक्ष

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे का कार्यकाल पूरा होने के बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चैधरी ने उप्र के कई जिलाध्यक्षों की सूची जारी की है। इसमें चित्रकूट में लवकुश प्रसाद चतुर्वेदी भाजपा के नए जिलाध्यक्ष बनाए गए हैं।

शुक्रवार को लवकुश चतुर्वेदी बसपा शासनकाल में भी भाजपा के जिलाध्यक्ष बनाए गए थे। लवकुश चतुर्वेदी के जिलाध्यक्ष बनने के बाद सोशल मीडिया समेत अन्य प्लेटफार्म में बधाई का सिलसिला जारी है। जिलाध्यक्ष बनने के बाद भाजपा कार्यकर्ता भाजपा कार्यालय में जश्न मना रहे हैं। 2024 में होने



वाले लोकसभा चुनाव के मद्देनजर लवकुश चतुर्वेदी को जिलाध्यक्ष की नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने ब्राह्मण वोटरों को खुश करने की गरज से लवकुश चतुर्वेदी को जिलाध्यक्ष घोषित किया है। भाजपा शासन में ब्राह्मण समाज के किसी व्यक्ति को जिम्मेदार पद न मिलने से जिले में चचाओं का बाजार गर्म था। जिले में सबसे अधिक ब्राह्मण वोटर निर्णायक हैं। चित्रकूट-बांदा लोकसभा क्षेत्र में भी ब्राह्मण वोटर को देखते हुए ब्राह्मण जिलाध्यक्ष घोषित किया गया है। लंबे इंतजार के बाद यूपी में बीजेपी संगठन ने बड़ा बदलाव कर पार्टी के जिलाध्यक्षों की सूची जारी की है। नवोदित जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने फोन पर बताया कि भाजपा कार्यकताओं की लम्बी फौज होने से उनके सामने कोई चुनौती नहीं है। वे जिलाध्यक्ष का कार्यकाल सकुशल पूरा करेंगे।

# भारतीय सिन्धु सभा की हुई बैठक



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के अनुषांगिक संगठन भारतीय सिन्धु सभा की बैठक कुक्कू सिन्धी के आवाहन पर हुई। बैठक में भारतीय सिन्धु सभा ने राष्ट्रीय स्तर पर सदस्यता अभियान के तहत जिले में सदस्यता की किताब संयोजक/जिलाध्यक्ष राजीव लखानी को सौंपी।

शुक्रवार को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के अनुषांगिक संगठन भारतीय सिन्धु सभा ने बैठक कर राष्ट्रीय स्तर पर सदस्यता अभियान छेड रखा है। अभियान के तहत चित्रकूट जिले में सदस्य बनाने को सदस्यता की किताब भारतीय सिन्धु सभा के जिलाध्यक्ष/संयोजक राजीव लखानी को सौंपी। राजीव लखानी से कहा कि वे सिन्धु सभा के सदस्य बनाकर प्रान्तीय कमेटी को सौंपे खासतौर पर कानपुर से आये सिन्धु सभा के अशोक अगनानी, लकी सावलनी, दीपक अंसवनी, ठाकुर दास, साधुराम, कालू, किशोर, प्रदीप, नानकराम, बम्बइया, नैना, भावना आदि मौजूद रहे।

जिलाध्यक्ष राजीव लखानी ने कहा कि वे समय से सदस्यता अभियान पूरा कर प्रान्तीय कमेटी को सदस्यता की कापी सौंप देंगे।

# इच्छुक अभ्यर्थी करें आवेदन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी सुनहरी लाल ने बताया कि पिछड़े वर्ग के शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियां पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग से ओ लेवल एवं सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना चल रही है। 13 सितम्बर कसे अभ्यथी ऑनलाइन आवेदन व दूसरे चरण में 16 सितम्बर से 20 सितम्बर तक कर सकते हैं। ओ लेवल एवं सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्राप्त करने के इच्छुक अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन भरते समय सभी संलग्नों समेत आवेदन की दो प्रतियां जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कार्यालय में 20 सितम्बर शाम पांच बजे तक जमा कर सकते है। सफलता से प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले तथा परीक्षा पास करने के बाद अभ्यर्थियों को भारत सरकार से मान्यता प्राप्त प्रमाण पत्र दिया जायेगा, जो सभी शासकीय सेवाओं में मान्य है।

# उद्योग के लिए डीएचओ से करें सम्पर्क

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला उद्यान अधिकारी प्रतिभा पांडे ने बताया कि जिले के सभी किसान उद्यान विभाग से संचालित प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के तहत कृषकों, उद्यमियों एवं युवाओं के लिए फ्लोर मिल, ऑयल मिल, मसाला उद्योग, डेयरी उत्पाद उद्योग, पशु एवं मुर्गी चारा उद्योग, दाल मिल, नमकीन उद्योग, फास्टफूड ढाबा, मिठाई उद्योग, अचार मुरब्बा, जूस सेक आदि उद्योगों के लिए भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार ने लागत पर 35 फीसदी अनुदान दे रही है। इच्छुक व्यक्ति जिला उद्यान अधिकारी कैम्प कार्यालय में सम्पर्क कर सकते हैं।

इसी क्रम में उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के क्रियान्वयन को जिला स्तर पर लाभार्थियों को सहायता देने को जिला स्तरीय रिर्सोस पर्सन का चयन किया जाना है। योग्यतानुसार चयन को प्रतिष्ठित राष्ट्रीय/अर्न्तराष्ट्रीय विश्वविद्यालय/संस्थान से स्नातक होना चाहिए। डीपीआर रिसोर्स पर्सन उद्यमियों को डीपीआर तैयार करने, बैंक से ऋण लेने, खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत पंजीयन/लाइसेंस, उद्योग आधार जीएसटी पंजीयन आदि को हैंड होल्डिंग सहायता दी जायेगी। इसके लिए भारत सरकार के दिशा-निदेर्शों के अनुसार भुगतान किया जायेगा। अधिक जानकारी को जिला उद्यान अधिकारी से सम्पर्क कर सकते हैं।

# बाइक सवार तीन दबोचे



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में प्रभारी निरीक्षक मऊ राजेश कुमार द्विवेदी की अगुवाई में दीवान जुबेर अली के साथ मोटरबाइक पर सवार प्रिंस पांडेय पुत्र रमाशंकर पांडेय निवासी पिपरौंध व मोहित कुमार पुत्र जय सिंह निवासी लालता रोड तथा रोहित द्विवेदी पुत्र रामनारायण द्विवेदी निवासी लालता रोड को एक छूरा के साथ दबोचा है। तीनों किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने के प्रयास में थे। बरामद मोटरबाइक के कोई दस्तावेज न होने पर एमबी एक्ट के तहत सीज किया। उनके खिलाफ थाने में आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज किया। टीम में दीवान जुबेर अली, सिपाही अरविंद कुमार मौर्य व रणवीर सिंह शामिल रहे।

# शहीद जवानों को कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जम्मू कश्मीर के अनंतनाग में सुरक्षा बलों एवं आतंकवादियों के बीच हुई मुठभेड में सेना के कर्नल मनप्रीत सिंह, मेजर आशीष धोचकडी, डीएसपी हूमायू भट्ट समेत एक जवान के शहीद होने पर कांग्रेसियों ने दुख जताया है।

शुक्रवार को जिला मुख्यालय के शहीद पार्क में कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल की अगुवाई में राजौरी में भी एक जवान के शहीद होने पर दुख जताते हुए घटना की निंदा की है। शहीदों की याद में कांग्रेसियों ने कैंडिल जलाकर शहीद जवानों की आत्मा की शांति को प्रार्थना की। इस मौके पर पीसीसी सदस्य पूर्व प्रत्याशी रंजना बरातीलाल पांडे, अवधेश करवरिया, विजयमणि त्रिपाठी, चुनबाद प्रसाद, शिव गुलाम वर्मा, ओमप्रकाश गुप्ता, हरिओम पांडे, तीरथ प्रसाद फौजी, प्रदीप कुमार, राजेश पटेल, नवनीत कुमार, मानवेंद्र पटेल, नीरू गुप्ता, सविता पाल, डॉ राकेश वर्मा आदि मौजूद रहे।

# मानिकपुर तहसील में शासनादेशों की उड रही धज्जियां

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** जिले के मानिकपुर तहसील में जिम्मेदार अधिकारी शासनादेश की धज्जियां उडा रहे हैं।

ज्ञात है कि 23 अगस्त 2023 को उप्र शासन के राजस्व परिषद के आयुक्त एवं सचिव अनिल कुमार यादव ने आदेश जारी किया है कि कलेक्टेज्ट, तहसील कार्यालय में बाहरी व्यक्तियों से कार्य न कराया जाये। उन्होंने शासनादेश में कहा कि बाहरी व्यक्तियों से कार्य कराने में भ्रष्टाचार की शिकायतें शासन को लगातार मिल रही हैं। ये स्थिति बेहद आपत्तिजनक है। उन्होंने मातहत अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि किसी भी दशा में बाहरी व्यक्तियों से कार्य न कराया जाये। इसके बाद भी तहसील कार्यालय में बाहरी लोगों से कार्य कराया जा रहा है।

शुक्रवार को मानिकपुर तहसील में शासनादेशों की धज्जियां उडाते हुए बाहरी लोगों से कार्य कराया जा रहा है।

## पाकिस्तान के पास तकरीबन 170 परमाणु हथियारों का भंडार है :अमेरिकी वैज्ञानिक

**वाशिंगटन।** पाकिस्तान के पास तकरीबन 170 परमाणु हथियारों का भंडार है जो मौजूदा वृद्धि दर के हिसाब से 2025 तक करीब 200 तक बढ़ सकता है। अमेरिका के शीर्ष परमाणु वैज्ञानिकों ने यह दावा किया है। 'बुलेटिन ऑफ अटॉमिक साइंटिस्ट्स' में 11 सितंबर को प्रकाशित स्तंभ 'न्यूक्लियर नोटबुक' में कहा गया है, ''हमारा अनुमान है कि पाकिस्तान के पास करीब 170 परमाणु हथियारों का भंडार है। अमेरिका की रक्षा खुफिया एजेंसी ने 1999 में अनुमान जताया था कि पाकिस्तान के पास 2020 तक 60 से 80 परमाणु हथियार होंगे लेकिन तब से कई नयी हथियार प्रणालियां तैनात और विकसित की गयी हैं जिससे आकलन बढ़ गया है।'' वैज्ञानिकों ने कहा, ''हमारा आकलन काफी अनिश्चितता से भरा है क्योंकि न तो पाकिस्तान और न ही अन्य देश पाकिस्तानी परमाणु शस्त्रागार के बारे में ज्यादा सूचना प्रकाशित करते हैं।''उन्होंने कहा, ''हमारा अनुमान है कि देश का भंडार मौजूदा वृद्धि दर से 2020 के बाद के वर्षों में करीब 200 तक पहुंच सकता है।'' उन्होंने कहा, ''लेकिन जब तक भारत अपने शस्त्रागार का विस्तार नहीं करता या पारंपरिक ताकतों का निर्माण नहीं करता, तब तक यह उम्मीद करना उचित लगता है कि पाकिस्तान का परमाणु शस्त्रागार अनिश्चितकाल तक बढ़ता नहीं रहेगा बल्कि उसके मौजूदा हथियार कार्यक्रम पूरे होने के बाद यह कम होना शुरू हो सकता है।

## आर्मी पर भरोसे का संकट, इस्लामिक मुल्कों ने किया दरकिनार, कट्टरपंथी तबके को खामोश करने की कोशिश

**वाशिंगटन।** भारत को आजाद हुए 75 साल गुजर गए हैं। लेकिन वर्तमान दौर में भी भारत के समक्ष अपने साथ-साथ दुनिया से संबंधित हजारों चुनौतियां खड़ी हैं। भारत को समय-समय पर युद्ध का सामना भी करना पड़ा है। 1947, 1965, 1971 या वर्ष 1999 में हुआ कारगिल का युद्ध भारतीय सेना ने पाकिस्तानी सैनिकों और आतंकियों को वहां से युद्ध लड़कर भगा दिया। पाकिस्तानी सेना का पुराना इतिहास रहा है। इसके साथ ही वो दुनिया की एकलौती ऐसी सेना है जिसने आज तक कोई युद्ध नहीं जीता है। लेकिन फिर भी भारत के साथ किसी भी तरह की तकरार को पाकिस्तान की तख्त पर बैठे हुक्मरान अपने लिए फायदेमंद ही मानते हैं। ये तकरार भारत से सीधी जंग तो नहीं, लेकिन ऐसी आतंकवादी घटनाएं भी होती हैं, जिसके सहारे पड़ोसी मुल्क अपना वर्षों पुराना जम्मू कश्मीर राग अलापता रहे। पाकिस्तीन की सरकार को भी ऐसी परिस्थिति का इंतजार रहता है।

**अनंतनाग हमला**

13 सितंबर को अनंतनाग जिले के कोकेरनाग इलाके में गोलीबारी के दौरान दो सेना अधिकारियों और जम्मू-कश्मीर पुलिस के एक अधिकारी की हत्या ने अस्थायी शांति के बाद दक्षिण कश्मीर को फिर से सुर्खियों में ला दिया है। हाल के महीनों में पीर पंजाल रेंज के दक्षिण के क्षेत्र, जैसे कि पुंछ, राजौरी और जम्मू, आतंकवाद विरोधी अभियानों का केंद्र रहे हैं, क्योंकि ये क्षेत्र हमलों की तुलना में अधिक उच्च दृश्यता वाले आतंकवादी हमलों का लक्ष्य रहे हैं।

## चीन के रक्षा मंत्री 2 सप्ताह से अधिक समय से 'लापता', अमेरिकी राजदूत ने नजरबंदी की जताई आशंका

**बीजिंग।** अमेरिकी सरकार का मानना ??है कि चीनी रक्षा मंत्री ली शांगफू दो सप्ताह से अधिक समय से सार्वजनिक रूप से नहीं देखा गया है। फाइनेंशियल टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका के मुताबिक, शांगफू से रक्षा मंत्री की जिम्मेदारी भी छीन ली गई है। एक्स पर जापान में अमेरिकी दूत रहम एमानुएल ने लिखा कि राष्ट्रपति शी की कैबिनेट लाइनअप अब अगाथा क्रिस्टी के उपन्यास 'एंड देन देयर वेयर नन' से मिलती जुलती है।पहले, विदेश मंत्री किन गैंग लापता हो गए, फिर रॉकेट फोर्स कमांडर लापता हो गए और अब रक्षा मंत्री ली शांगफू दो सप्ताह से सार्वजनिक रूप से नहीं देखे गए हैं। इमानुएल ने कहा कि बेरोजगारी की इस दौड़ में कौन जीतेगा? चीन के युवा या शी की कैबिनेट? उन्होंने हेमलेट में शेक्सपियर को उद्धृत करते हुए आगे लिखा कि डेनमार्क राज्य में कुछ सड़ गया है।÷ पहला- रक्षा मंत्री ली शांगफू को तीन सप्ताह से न तो देखा गया है और न ही सुना गया है। दूसरा- वह अपनी वियतनाम यात्रा के लिए उपस्थित नहीं थे। अब- वह सिंगापुर के नौसेना प्रमुख के साथ अपनी निर्धारित बैठक से अनुपस्थित हैं क्योंकि उन्हें घर में नजरबंद कर दिया गया है?हो सकता है कि वहां भीड़ हो रही हो। अच्छी खबर यह है कि मैंने सुना है कि उसने कंट्री गार्डन रियल एस्टेट डेवलपर्स के साथ अपने बंधक का भुगतान कर दिया है। जुलाई में चीनी विदेश मंत्री किन गैंग के लापता होने के बाद शांगफू के लापता होने की खबर आई थी। लगभग दो महीने पहले, चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने पीपुल्स लिबरेशन आर्मी रॉकेट फोर्स से दो शीर्ष जनरलों को हटा दिया था, जो देश की पारंपरिक और परमाणु मिसाइलों की देखरेख करने वाली एक विशिष्ट सेना है।

# रूस ने अमेरिका के दो राजनयिकों को निष्कासित किया, स्लोवाकिया ने रूसी राजदूत को हटाया

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने शांति संदेश पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बयान का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने महात्मा गांधी जैसे महान नेताओं की सीख को अपनाया है। वह शांति संदेश पर बापू के बताए मार्ग पर चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि शांति भारत की समृद्ध सांस्कृतिक और दार्शनिक विरासत की आधारशिला है। भारत ने हमेशा अहिंसा, सद्भाव और सह अस्तित्व के आदर्शों का पालन किया है। उन्होंने यह टिप्पणी संयुक्त राष्ट्र में शांति पर चर्चा कार्यक्रम में की। मीडिया रिपोर्टेस में रुचिरा कंबोज की इस टिप्पणी को व्यापक महत्व दिया



गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक रुचिरा कंबोज ने कहा कि महात्मा गांधी अहिंसात्मक प्रतिरोध के चैंपियन हैं और उनका प्रभाव हमेशा रहेगा। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी जैसे महान नेताओं ने भारत को प्रभावित किया है। इससे पहले जुलाई में संयुक्त राष्ट्र महासभा के एक कार्यक्रम में रुचिरा कंबोज ने कहा था कि ग्लोबल साउथ के साथ भारत की 40 बिलियन अमेरिकी डॉलर की विकास परियोजनाएं लोगों के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं।

## कनाडा में सिख छात्र की लात-घूंसे से पिटाई, आरोपियों ने छिड़का पेपर स्प्रे

**टोरंटो:** कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत में घृणा अपराध के एक स्पष्ट मामले में एक सिख छात्र पर एक अन्य किशोर के साथ विवाद के चलते हमला किया गया। बृहस्पतिवार को एक खबर में यह जानकारी दी गई। खबर के अनुसार, हाईस्कूल के 17 वर्षीय छात्र पर हमला किया गया। 'सीटीवी न्यूज की खबर के अनुसार, यह घटना सोमवार को केलोना में रटलैंड रोड साउथ और रॉबसन रोड ईस्ट चौराहे पर हुई जहां हाईस्कूल के छात्र को कथित तौर पर ''लात मारी गई, मुक्का मारा गया और मिर्च स्प्रे छिड़का गया। रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस ने एक बयान में कहा कि यह घटना तब हुई जब सिख छात्र घर जाने के लिए सार्वजनिक परिवहन बस से उतर रहा था। पुलिस ने हालांकि इस घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी नहीं दी है। कनाडा के विश्व सिख संगठन (डब्ल्यूएसओ) ने आरोप लगाया है कि वाहन में भी छात्र के साथ मारपीट की गई थी। ब्रिटिश कोलंबिया के लिए डब्ल्यूएसओ की उपाध्यक्ष गुंतास कौर के हवाले से खबर में कहा गया, ''केलोना में छात्र पर सोमवार को हुआ हमला अस्वीकार्य है। इस साल शहर में सार्वजनिक वाहन में किसी सिख युवक के खिलाफ हिंसा की यह दूसरी घटना है। इससे पहले मार्च में, भारत के सिख छात्र गगनदीप सिंह (21) पर ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत में अज्ञात लोगों के एक समूह ने हमला किया था।

# वोलोदिमीर जेलेंस्की इस हफ्ते पहुंच सकते हैं वाशिंगटन

**वाशिंगटन।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की अगले हफ्ते वाशिंगटन का दौरा कर सकते हैं। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से दी गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक जेलेंस्की वाशिंगटन दौरे के दौरान व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति जो बाइडन से मिलने के अलावा कांग्रेस सदस्यों से मिलने कैपिटल हिल भी जाएंगे। हालांकि मीडिया रिपोर्ट में साफ किया गया है कि अभी आधिकारिक कार्यक्रम घोषित नहीं किया गया है। रूस के युद्ध का सामना कर रहे यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की इस दौरे में



अतिरिक्त सैन्य और मानवीय सहायता की मांग करेंगे। इससे पहले जेलेंस्की ने दिसंबर में वाशिंगटन का दौरा किया था। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस को संबोधित किया था।

## तोरखम सीमा विवाद को लेकर विदेश मंत्रालय का बयान, कहा- दोबारा खोलने पर जल्द लेंगे निर्णय

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान-अफगानिस्तान के बीच अकसर खींचतान देखी जा सकती है। तोरखम सीमा को लेकर फिलहाल दोनों देशों के बीच विवाद जारी है। विवाद के बीच विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि सीमा अस्थायी है। इसे दोबारा खोलने पर आने वाले दिनों में निर्णय लिया जाएगा।

पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार, पाकिस्तान और अफगान सीमा बलों के बीच हाल ही में गोलीबारी हुई थी। इस दौरान पाकिस्तानी फ्रंटियर कोर के एक अधिकारी सहित दो लोगों घायल हो गए थे। इस कारण पाकिस्तान ने तोरखम सीमा को छह सितंबर को बंद कर दिया गया था।



पाकिस्तानी अधिकारियों की मानें तो वे इस गोलीबारी का दोषी अफगानिस्तानी सीमा बलों को मानते हैं। बता दें, सीमा दोबारा खोलने के लिए दोनों देशों के सीमा सुरक्षा अधिकारियों की सितंबर में हुई बैठक बेनतीजा रही। पाकिस्तानी विदेश कार्यालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलूच ने कहा कि पाकिस्तान 2020 में हुए पारगमन व्यापार समझौते पर विश्वास करता है। हम व्यापार के मामले में अफगानिस्तान की मदद करते हैं। लेकिन अफगानिस्तान को भेजा गया समान वह कभी-कभार वापस भेज देता है। वह सीमा शुल्कों और करों का भुगतान भी नहीं करता। अफगानिस्तान द्विपक्षीय प्रावधानों का दुरुपयोग कर रहा है।

## अमेरिका में भारतीय छात्रा की मौत का मामला: जाह्नवी के परिवार का फूटा गुस्सा, कहा- हमारी बेटी हर कीमत से परे

**न्यूयॉर्क।** इस साल जनवरी में सिएटल में तेज गति से आ रही पुलिस की गश्ती कार की चपेट में आने से भारतीय छात्रा जाह्नवी कंडुला की मौत हो गई थी। यह मामला हाल ही में उस समय सामने आया, जब वहां के पुलिस विभाग ने एक फुटेज जारी की, जिसमें अधिकारी डेनियल ऑडरर को इस हादसे को हंसकर टालते हुए देखा गया था। इसी फुटेज पर छात्रा का परिवार आगबबूला हो गया। उनका कहना है कि उनकी बेटी किसी भी कीमत से ऊपर थी।

**यह है मामला**

दरअसल, अमेरिका में मौजूद भारत के राजदूत तरणजीत सिंह संधू ने उच्चतम स्तर पर इस मामले को उठाया था, जिसके बाद अमेरिकी सरकार हरकत में आई। यह घटना जनवरी की है, जहां अधिकारी केविन डेव द्वारा चलाए जा रहे पुलिस वाहन ने 24 वर्षीय भारतीय छात्रा को टक्कर मार दी थी, जिससे उसकी मौत हो गई। अमेरिकी अखबार के अनुसार, अधिकारी ओवरडोज की रिपोर्ट मिलने के बाद घटनास्थल तक पहुंचने के लिए रास्ते में 119 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक की रफ्तार से गाड़ी चला रहा था।

वहीं सिएटल पुलिस द्वारा



जारी किए गए बॉडीकैम फुटेज में देखा गया कि अधिकारी डेनियल ऑडरर ने इस हादसे को हंसकर टाल दिया। उन्होंने इस बात को भी मानने से इनकार कर दिया कि अधिकारी डेव कसूरवार है। अधिकारी ऑडरर का कहना है कि उसके जीवन का 'सीमित मूल्य' था।

**परिवार का फूटा गुस्सा**

रिपोर्ट के अनुसार, छात्रा के परिवार ने अधिकारी की हरकत को दुखद बताया। उन्होंने कहा कि जाह्नवी की मौत पर एक अधिकारी से ऐसी असंवेदनशील टिप्पणियां सुनना वास्तव में परेशान करने वाला है। परिवार ने कहा कि जाह्नवी हम सभी की बहुत प्यारी थी और रहेगी। वह अपनी मां और परिवार के लिए किसी भी कीमत से ऊपर है।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक इंसान का जीवन अमूल्य होता है। इसे किसी से भी कम नहीं आंका जाना चाहिए। हमारे लिए वो किसी भी कीमत से परे थी। उसकी मौत पर अधिकारी का ऐसा बयान देना बहुत ही दुखद है।

मां का रो-रोकर बुरा हाल

जाह्नवी के 69 वर्षीय दादा ने कहा कि वीडियो जब सामने आया हम सभी को बहुत दुख पहुंचा। बच्ची की मौत के बाद से ही उसकी मां सदमे में थी। अब इस वीडियो ने सदमा और गहरा कर दिया है। उन्होंने कहा कि इतनी दुखद घटना के बाद कोई इस तरह कैसे बोल सकता है। उन्होंने कहा कि हमें समझ नहीं आ रहा कि यह जानकारी पहले क्यों नहीं दी गई? वे कैसे कह सकते हैं कि कार तेज गति से नहीं थी? हमने अपना बच्चा खो दिया है। फिलहाल, हम फुटेज पर कुछ भी बोल पाने की स्थिति में नहीं है। छात्रा की मां की हालत के बारे में दादा ने कहा कि मेरी बेटी ने जाह्नवी को बड़ी मुश्किल से पाला है। वह घर से बाहर नहीं निकल रही है। वह अपनी सबसे बड़ी बेटी के निधन से उबर नहीं पा रही है। उन्होंने कहा कि लोग हमें लगातार कॉल कर रहे हैं। पर मेरी बेटी अभी भी सही हालत में नहीं है। वह लगातार रोए जा रही है। इतना ही नहीं उसने कल से खाना बंद कर दिया है।

गंभीरता से आगे बढ़ाएं जांच

वहीं, भारतीय अमेरिकी सांसद राजा कृष्णमूर्ति ने गुरुवार को सिएटल पुलिस से कंडुला की मौत की जांच को गंभीरता से आगे बढ़ाने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि छात्रा की मौत पर मजाक नहीं बनाना चाहिए। यह किसी को हक नहीं है कि कोई किसी की जिंदगी को कम आंके। सभी की जिंदगी अमूल्य है।

## अमेरिका: डॉक्टरों ने ब्रेन डेड व्यक्ति में सूअर की किडनी का किया प्रत्यारोपण; 61 दिन तक चला प्रयोग

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में आनुवंशिक रूप से संशोधित सुअर की किडनी को ब्रेन डेड मरीज में प्रत्यारोपित करने वाले सर्जनों ने गुरुवार को घोषणा की कि उन्होंने रिकॉर्ड तोड़ 61 दिनों के बाद अपना प्रयोग समाप्त कर दिया है। नवीनतम प्रयोग अनुसंधान के उस बढ़ते क्षेत्र का हिस्सा है जिसका उद्देश्य क्रॉस-प्रजाति प्रत्यारोपण को आगे बढ़ाना है। संयुक्त राज्य अमेरिका में अंग प्रत्यारोपण के लिए 103,000 से अधिक लोग इंतजार कर रहे हैं, जिनमें से 88,000 को गुर्दे की आवश्यकता है। जुलाई में सर्जरी का नेतृत्व करने वाले न्यूयॉर्क विश्वविद्यालय लैंगोन ट्रांसप्लांट इंस्टीट्यूट के निदेशक रॉबर्ट मोंटगोमरी ने कहा, हमने पिछले दो महीनों के गहन अवलोकन और विश्लेषण के दौरान बहुत कुछ सीखा है, और हम इस कारण भविष्य के लिए आशान्वित हो सकते हैं। यह मोंटगोमरी द्वारा किया गया पांचवां तथाकथित जेनोट्रांसप्लांट था, जिन्होंने सितंबर 2021 में दुनिया का पहला आनुवंशिक रूप से संशोधित सुअर किडनी प्रत्यारोपण भी किया था। उनके अनुसार, अध्ययन के दौरान एकत्र किए गए ऊतक ने संकेत दिया कि एक हल्की अस्वीकृति प्रक्रिया शुरू हो गई थी, जिसके लिए इम्यूनोसप्रेशन दवा की तीव्रता की आवश्यकता थी।

अल्फा-गैल नामक बायोमोलेक्यूल के लिए जिम्मेदार जीन को बाहर निकालकर - मानव एंटीबॉडी को घुमाने के लिए एक प्रमुख लक्ष्य - एनवाईयू लैंगोन टीम तत्काल अस्वीकृति को रोकने में सक्षम थी। इस प्रयोग में दाता सुअर वर्जीनिया स्थित बायोटेक कंपनी रेविविकोर द्वारा खेती किए गए झुंड से आया था। झुंड को खाद्य और औषधि प्रशासन द्वारा अल्फा-गैल अणु के प्रति अतिसंवेदनशीलता वाले लोगों के लिए मांस के स्रोत के रूप में भी अनुमोदित किया गया है, जो कुछ टिक काटने के कारण होने वाली एलर्जी है। इन सूअरों को पाला जाता है, क्लोन नहीं किया जाता है, जिसका अर्थ है कि प्रक्रिया को अधिक आसानी से बढ़ाया जा सकता है। प्रारंभिक जेनोट्रांसप्लांटेशन अनुसंधान ने प्राइमेट्स से अंगों की कटाई पर ध्यान केंद्रित किया - उदाहरण के लिए, 1984 में बेबी फे नामक एक नवजात शिशु में एक बैबून दिल प्रत्यारोपित किया गया था, लेकिन वह केवल 20 दिनों तक जीवित रही थी।

# यूएस: भारत में धार्मिक स्वतंत्रता पर अगले सप्ताह सुनवाई करेगा अमेरिकी आयोग

**वाशिंगटन।** अमेरिका का संघीय आयोग अगले सप्ताह भारत में धर्म या आस्था की स्वतंत्रता पर सुनवाई करेगा। अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता पर अमेरिकी आयोग (यूएससीआईआरएफ) ने यह घोषणा की है।

**बाइडन और मोदी में हुई थी बैठक**

गौरतलब है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच इस साल दो सफल

फर्नांड डी वेरेन्स को विदेशी कानून विशेषज्ञ तारिक अहमद, ह्यूमन राइट्स वॉच के निदेशक सारा यागर, हिंदूज फॉर ह्यूमन राइट्स की कार्यकारी निदेशक



सुनीता विश्वनाथ और जॉर्जटाउन विश्वविद्यालय में भारतीय राजनीति के प्रोफेसर इरफान नूरुद्दीन के साथ आयोग के समक्ष गवाही देने के लिए आमंत्रित किया गया है।

**कुछ सालों में बनी नीतियां**

यूएससीआईआरएफ ने कहा की पिछले कुछ सालों में भारत सरकार ने धार्मिक अल्पसंख्यकों को निशाना बनाने वाली भेदभावपूर्ण नीतियां बनाई और लागू की हैं। इन नीतियों में धर्मांतरण विरोधी कानून, गोहत्या कानून, धर्म के आधार पर नागरिकता प्राथमिकताएं देने वाले कानून और नागरिक समाज संगठनों के लिए विदेशी फंडिंग पर प्रतिबंध आदि शामिल हैं।

**इन घटनाओं का दिया हवाला**

यूएससीआईआरएफ ने कहा कि इन सब के बावजूद भारत में हाल ही में कई हिंसा की घटनाएं हुई हैं। इनमें हरियाणा में हिंदुओं और मुसलमानों के बीच हिंसा भड़कना और मणिपुर में ईसाई और यहूदी अल्पसंख्यकों के खिलाफ हमले आदि शामिल हैं। इन्हीं घटनाओं को हवाला देते हुए संघीय आयोग ने कहा कि भारत में धार्मिक अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा को कम करने के लिए नई रणनीतियों की आवश्यकता पर प्रकाश डालने की जरूरत है।

**क्या है यूएससीआईआरएफ?**–बता दें, यूएससीआईआरएफ 1998 में गठित एक स्वतंत्र सरकारी आयोग है। यह आयोग विदेशों में धार्मिक आजादी के उल्लंघन की समीक्षा करता है और अमेरिका के राष्ट्रपति, विदेश मंत्री और कांग्रेस के लिए नीतियों की सिफारिश करता है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

# 37 संस्थाओं पर प्रतिंबध लगाएगा अमेरिका, विदेश विभाग ने कहा- रूस की सहायता करने वाली कंपनियां इसमें शामिल

**वाशिंगटन।** अमेरिका और रूस के खिलाफ खींचतान जारी है। अब अमेरिका 37 संस्थाओं पर प्रतिबंध लगाने जा रहा है। विदेशी मीडिया के मुताबिक, अमेरिका ने उन 37 संस्थाओं पर प्रतिबंध लगाया है, जो रूस के ऊर्जा उत्पादन का विस्तार और भविष्य की निर्यात क्षमता बढ़ा रहे हैं। अमेरिकी विदेश विभाग के अनुसार, प्रतिबंधित संस्थाएं आर्कटिक एलएनजी-2 तरलीकृत प्राकृतिक गैस परियोजनाओं सहित प्रमुख ऊर्जा परियोजनाओं और संबंधित बुनियादी ढांचे के विकास में शामिल है।

**अमेरिका ने इन कंपनियों को किया नामित**

विभाग के मुताबिक, रूसी आर्कटिक एलएनजी 2 संस्थाओं के अलावा अमेरिका ने तुर्की-आधारित संस्थाओं को भी नामित किया है। इसमें तुर्की



कंपनियों में डेनकर शिप कंस्ट्रक्शन इनकॉर्पोरेटेड कंपनी और आईडी शिप एजेंसी ट्रेड लिमिटेड कंपनी शामिल है। अमेरिका ने पावेल पावलोविच शेवेलिन को भी शामिल किया है। शेवेलिन रूसी भाड़े के सैनिकों के समूह वैगनर से संबंधित है। यह डीपीआरके से रूस तक युद्ध सामग्री सप्लाई करने में भी शामिल थी। अमेरिका ने कई रक्षा संस्थानों को भी नामित किया है, जो यूक्रेन के खिलाफ जंग में रूस को मरम्मत और रखरखाव सेवाएं प्रदान करती हैं।

**किम जोंग उन और पुतिन की मुलाकात से चिंतित था अमेरिका**

इससे पहले, अमेरिका ने रूस और उत्तर कोरिया पर और अधिक प्रतिबंध लगाने की चेतावनी दी थी। बता दें, किम जोंग उन हाल ही में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मिलने के लिए मॉस्को पहुंचे थे। इस दौरान दोनों देशों के बीच संभावित हथियार सौदे की चर्चाएं बढ़ गई थीं। यह अमेरिका के लिए चिंता का विषय बन गई थी।

अमेरिकी मीडिया के अनुसार, पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को दावा किया कि पुतिन अमेरिका की निंदा करने के लिए बाइडन का इस्तेमाल कर रहे हैं। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि पुतिन बाइडन प्रशासन की नीतियों का इस्तेमाल कर अमेरिका की निंदा कर रह हैं। वह अमेरिका की अच्छी चीजों का भी विरोध कर रहे हैं। बता दें, ट्रंप की टिप्पणी से एक दिन पहले यानी मंगलवार को पुतिन ने बयान दिया था। पुतिन ने कहा था कि ट्रंप के साथ जो कुछ भी हो रहा है, वह राजनीति से प्रेरित है। यह सब कुछ अमेरिकी जनता सहित पूरी दुनिया की आंखों के सामने किया जा रहा है।

## यूएई के उप प्रधानमंत्री ने भारत के नक्शे में पूरे जम्मू-कश्मीर को दिखाया

**वाशिंगटन।** भारत और सऊदी अरब के रिश्ते प्रगाढ़ होने के चलते परेशान चल रहे पाकिस्तान की दिक्कत संयुक्त अरब अमीरात ने और बढ़ा दी है। दरअसल भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे को लेकर जो हाल में समझौता हुआ था उस संदर्भ में यूएई के उप प्रधानमंत्री सैफ बिन जायद अल नाहयान ने एक फोटो अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किया है। इस फोटो में संपूर्ण केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर को भारत के हिस्से के रूप में दिखाया गया है। इसमें पीओके और अक्साई चिन का हिस्सा भी शामिल है जिसे भारत के क्षेत्र में दिखाया गया है। इस फोटो को देखकर पाकिस्तान के साथ ही चीन के भी होश उड़ गये हैं क्योंकि यह माना जा रहा रहा है कि इस्लामी देश अब कश्मीर के मुद्दे पर भारत के साथ खड़े हैं। इस्लामिक देशों ने कश्मीर के मुद्दे पर पूर्व में भले पाकिस्तान का साथ दिया हो लेकिन अब यूएई के उप प्रधानमंत्री ने जो वीडियो शेयर किया है उससे इस्लामी देशों के बदलते रुख का संकेत मिलता है। बताया जा रहा है कि यह फोटो उस वीडियो से लिया गया है जिसे अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे की घोषणा के बाद शेयर किया था। यह फोटो उस रूट को दर्शा रहा है जिससे भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा गुजरेगा।इस पोस्ट को देखकर पाकिस्तान भड़क गया है और उसने सीधा हमला बोलने से बचते हुए कहा है कि पूरे जम्मू-कश्मीर को भारत में दिखाने का मानचित्र जारी करना तथ्यात्मक रूप से गलत है।